नई दिल्ली RNI No. DLHIN/2010/37009

वर्ष : 13

अंक : 18

सोमवार, 05 से 11 जून 2023

मूल्य : 5 रू प्रति

रू 250 वार्षिक

प्रदर्शनी से शहरी जीवन के जटिल संबंधों को बयां किया 03

पहलवान आंदोलन : कुछ निष्कर्ष यह भी 08

# NCR समाचार

भारत का सपना टूटा, ऑस्ट्रेलिया ने जीती विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 10

डिजाइन करो अपना फ्यूचर 11



इस्माईल खान

www.ncrsamacharlive.in

BY C.R.O. TEAM

twitter-@ncrsamacharlive

भारत का नं. 1 साप्ताहिक समाचार पत्र

48 साल की हुई शिल्पा शेट्टी 12

आप की महारैली: रामलीला मैदान से गरजे केजरीवाल

# 'चौथी पास राजा को समझ नहीं आ रहा देश कैसे चलाएं'

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार द्वारा लाए गए अध्यादेश के खिलाफ आम आदमी पार्टी आज दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली कर रही है। दिल्ली के सीएम केजरीवाल ने दिल्लीवासियों से अपील की है कि संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए इस महारैली में जरूर शामिल हों। इसमें शामिल होने वाले लोगों को गर्मी से बचाने के लिए मैदान में खास इंतजाम किए गए हैं। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब सीएम भगवंत मान रामलीला मैदान पहुंचे।

केजरीवाल ने कहा कि चौथी पास राजा को समझ ही नहीं आ रहा है कि देश कैसे चलाया जाता है। चारों ओर बेरोजगारी फैली हुई है। इनको समझ नहीं आ रहा है कि कैसे दूर करें। भ्रष्टाचार कैसे दूर करें। जीएसटी की वजह से व्यापारी परेशान हैं। रेलवे का क्या हाल कर दिया। बेड़ा गर्क कर दिया। 2002 में पीएम गुजरात के सीएम बने। 12 साल गुजरात के सीएम रहे। बीते 9 साल से पीएम हैं। 21 साल हो गए राज करते-करते। मैं 2015 में सीएम बना। मेरे को 8 साल हो गए।



## 140 करोड़ लोग मिलकर संविधान बचाएंगे : केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने दिल्ली के लोगों के वोट का अपमान किया है। पूरा देश दिल्ली वालों के साथ। 140 करोड़ लोग मिलकर संविधान बचाएंगे। अंदर से पता चला है, जैसे दिल्ली में तानाशाही लागू हई, कल इसी तरह बंगाल और राजस्थान के लिए भी लाया जाएगा। चौथी पास राजा को समझ नहीं आ रहा है कि देश कैसे चलाया जाए। चारों तरफ बेरोजगारी फैली हुई है। जीएसटी की वजह से व्यापारियों को बेड़ा गर्क हो गया है। पूरी रेलवे का बेड़ा गर्क कर दिया। दूध, दही, सब्जी, गैस बस कुछ महंगा कर दिया।

## मोदी जी सब कुछ अपने अनुसार चलाना चाहते हैं : कपिल सिब्बल

कपिल सिब्बल ने प्रधानमंत्री पर हमला बोलते हुए कहा कि दिल्ली में विधानसभा होने का अर्थ है कि लोग चाहते हैं कि दिल्ली में जनता की आवाज के अनुसार सरकार चले लेकिन मोदी जी सब कुछ अपने अनुसार चलाना चाहते हैं। केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट का फैसला रद्द नहीं कर सकती है। सुप्रीम कोर्ट इस अध्यदेश को रद्द करेगी। यदि सब कुछ केंद्र सरकार ही करेगी तो विधानसभा का क्या अर्थ है।

## बीजेपी का मतलब भारतीय जुगाड़ पार्टी : भगवंत मान

पंजाब सीएम भगवंत मान ने कहा कि बीजेपी वाले चाहते हैं कि इनके अलावा किसी और की सरकार बन जाए। अगर ये चुनाव में नहीं जीत पाते हैं तो ये उपचुनाव से सरकार बना लेते हैं। विधायक को खरीदकर या फिर राज्यपाल को सुबह चार बजे जगाकर। बीजेपी का मतलब भारतीय जुगाड़ पार्टी।

## गोपाल राय ने भाजपा से किए सवाल

आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश के संयोजक गोपाल राय ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर अध्यादेश लाने के मामले में भाजपा से सवाल किया। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता कहते थे कि आम आदमी पार्टी को संविधान पर भरोसा नहीं है जबकि संविधान को भाजपा नेता नहीं मान रहे हैं। उन्होंने भाजपा से पूछा आप कि केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का आदेश क्यों नहीं माना और वह अध्यादेश लेकर क्यों आई है। गोपाल राय ने दिल्ली की जनता से अपील की कि वे लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सातों सीटों पर भाजपा को करारी मात दें।

## सौरभ भारद्वाज ने केंद्र पर बोला हमला

आम आदमी पार्टी की महारैली शुरू हो गई है। आम आदमी पार्टी के नेता और दिल्ली सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज में रैली में सर्वप्रथम भाषण देना आरंभ किया। उन्होंने केंद्र सरकार को कौरवों की सेना जबकि आम आदमी पार्टी को पांडव करार दिया। उन्होंने कहा कि कौरवों ने पांडवों से छल से इंद्रप्रस्थ छिना था उसके बाद उनको वनवास दिया उसी तरह केंद्र सरकार ने दिल्ली सरकार से छल कर के अधिकार छीन लिए हैं और उनके नेता मनीष सिसोदिया को छल करके जेल में डाल रखा है।

## अध्यादेश को खारिज कराकर रहेंगे : दिल्ली सीएम

दिल्ली सीएम ने कहा कि भाजपा वाले मुझे रोज-रोज गाली देते हैं। दिल्ली के अपमान को मैं बर्दाश्त नहीं कर सकता हूं। देश के सारे लोग दिल्ली के साथ हैं। सुप्रीम कोर्ट के आदेश को पालन कराकर रहेंगे। हम अध्यादेश को खारिज कराकर रहेंगे। मुझे पता चला है कि यह मोदी जी का पहला वार है। कल यही अध्यादेश दूसरे राज्यों के लिए लाया जाएगा।

# मोदी राज में बढ़ा देश पर 100 लाख करोड़ का कर्ज : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला करते हुए शनिवार को कहा कि वह देश के 15 वें प्रधानमंत्री हैं लेकिन जो काम उनसे पहले 14 प्रधानमंत्री नहीं कर सके उन्होंने अपने मात्र नौ साल के कार्यकाल में कर दिखाया और देश का कर्ज 55 लाख करोड़ रुपए से बढ़ाकर 155 लाख करोड़ रुपए पहुंचा दिया है।

कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने आज यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी सरकार ने देश पर 100 लाख करोड़ रुपए का कर्ज बढ़ाया अर्थव्यवस्था का बेड़ा गर्क कर दिया है इसलिए उन्हें देश की अर्थव्यवस्था पर एक श्वेत पत्र जारी करना चाहिए। उनका कहना था कि श्री मोदी ने जब देश की बागडोर संभाली तो देश पर महज 55 लाख करोड़ रुपए का कर्ज था लेकिन यह अब तीन गुना बढ़ गया है। उन्होंने कहा, "नरेंद्र मोदी इस देश के 15वें प्रधानमंत्री हैं और यकीन मानिए उन्होंने वह कर दिखाया जो उनसे पहले 14 प्रधानमंत्री नहीं कर पाए। आजादी के 67 साल में जहां 14 प्रधानमंत्रियों ने मिलकर 55 लाख करोड़ रुपये का कर्ज लिया, वहीं



मोदी जी ने अपने नौ साल के कार्यकाल में इसको तिगुना करके 155 लाख करोड़ रुपये पहुंचा दिया। मतलब नौ साल में देश का कर्ज 100 लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा बढ़ गया है।" प्रवक्ता ने कहा, "आज हालत यह हो गई है कि देश कर्ज में डूब गया है और देश पर 100 लाख करोड़ रुपये का कर्ज बढ़ गया है। इसका मतलब है कि आज हर हिंदुस्तानी पर-मतलब पैदा हुए नवजात शिशु के सिर पर भी करीब 1.2 लाख का कर्ज है।" उन्होंने कहा, "नरेंद्र मोदी जी ने अपने कार्यकाल के हर सेकंड चार लाख रुपये का कर्ज, हर मिनट 2.4 करोड़ का कर्ज, हर घंटे 144 करोड़ का कर्ज, 3456 करोड़ रुपये हर दिन का कर्ज, हर महीने 1.03 लाख करोड़ और हर साल 12.47 लाख करोड़ इस देश पर लाद दिया है।

शरद पवार का बड़ा फैसला

# बेटी सुप्रिया को बनाया एनसीपी का कार्यकारी अध्यक्ष

एनसीआर समाचार

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) में फिर एक बार उथल-पुथल के आसार हैं। शनिवार को पार्टी प्रमुख शरद पवार ने बेटी सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल को एनसीपी का नया कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त कर दिया है। मई में पार्टी अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने का ऐलान कर चुके सीनियर पवार ने तब नए कार्यकारी अध्यक्ष की बात कही थी। हालांकि, कुछ दिनों बाद ही उन्होंने फैसला वापस ले लिया था। इसके लिए पार्टी ने सांसद सुले को पंजाब और हरियाणा की भी जिम्मेदारी दी है। जबकि पटेल मध्य प्रदेश, राजस्थान और गोवा देखेंगे। खास बात है कि सीनियर पवार ने भतीजे अजित की मौजूदगी में यह घोषणा की। पवार के इस्तीफे के ऐलान के बाद से ही सुले का नाम चर्चा में था। उनके अलावा अजित पवार और एनसीपी के महाराष्ट्र प्रमुख जयंत पाटिल को भी बड़ा दावेदार माना जा रहा था।



## अजित पवार को किया नजरअंदाज

एनसीपी में अजित पवार को कोई नई जिम्मेदारी न दिए जाने को लेकर शरद पवार ने अब चुप्पी तोड़ी है। शनिवार को शरद पवार ने कहा कि अजित पवार के पास पहले ही जिम्मेदारी है। वह महाराष्ट्र में नेता प्रतिपक्ष की भूमिका निभा रहे हैं। इसके साथ ही शरद पवार ने पार्टी में सुप्रिया सुले और प्रफुल्ल पटेल को नया पद दिए जाने को लेकर भी जानकारी दी। शरद पवार ने कहा कि इसको लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के बीच चर्चा हुई थी। गौरतलब है कि शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले और राज्यसभा सांसद प्रफुल्ल पटेल को पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। अभी तक पार्टी में यह पद नहीं था।

**पवार पहले ही दे चुके थे संकेत**

साल 2020 में लोकमत को दिए एक इंटरव्यू के दौरान भी पवार ने बेटी को बड़ी भूमिका देने के संकेत दिए थे। उन्होंने कहा था, 'वह राष्ट्रीय राजनीति और संसद में काम करने में ज्यादा दिलचस्पी रखती हैं। उन्हें सर्वश्रेष्ठ सांसद के पुरस्कार से भी नवाजा गया था। सबकी अपनी पसंद की एक फील्ड होती है। उनकी भी है।'

**विपक्षी एकता की अपील**

इस दौरान पवार ने विपक्षी एकता के लिए भी समर्थन मांगा है। उन्होंने कहा, '... सभी राजनीतिक दलों को साथ आना होगा। मुझे भरोसा है कि इस देश के लोग हमारी मदद करेंगे। 23 तारीख को हम सभी बिहार में मिलेंगे और एक कार्यक्रम तैयार करेंगे, जो देशभर में यात्रा कर लोगों के सामने पेश करेंगे।' बिहार की राजधानी पटना में 23 जून को विपक्षी नेताओं की बड़ी बैठक होने जा रही है।

सुले ने सितंबर 2006 में राज्यसभा सांसद के तौर पर राजनीति में एंट्री की थी। 2009 में वह बारामती से लोकसभा सांसद बनीं।

पहलवानों का सरकार को अल्टीमेटम

# 15 जून तक समाधान नहीं हुआ तो दोबारा होगा आंदोलन

एनसीआर समाचार

बीजेपी सांसद बृजभूषण शरण के खिलाफ पहलवानों के आंदोलन को खाप पंचायतों का भरपूर समर्थन मिल रहा है। सोनीपत में शनिवार को खाप पंचायत हुई। बजरंग पुनिया और साक्षी मलिक भी पंचायत पहुंचे हैं। दोनों पहलवानों ने खाप में अमित शाह और अनुराग ठाकुर के साथ हुई बैठक के बारे में बताया। दोनों पहलवानों ने कहा कि केंद्र सरकार बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार करने को तैयार नहीं है।

पहलवान बजरंग पुनिया ने कहा कि केंद्र सरकार ने 15 जून तक का समय लिया है। कार्रवाई नहीं हुई तो बृजभूषण शरण सिंह को गिरफ्तार करने के लिए फिर से धरना दिया जाएगा। सोनीपत में खाप पंचायत बुलाई गई। इसी खाप पंचायत में साक्षी मलिक व बजरंग पूनिया पहुंचे और अपनी पूरी बात रखी। इन लोगों ने बताया कि वे अमित शाह और अनुराग ठाकुर से मिलने क्यों गए थे. क्या रखीं बातें और क्या दिया दोनों मंत्रियों का जवाब।



पहलवानों (Wrestlers Protest) ने भी खाप को अपनी स्थिति से अवगत कराया और बताया कि सरकार बृजभूषण शरण सिंह के साथ मजबूती से खड़ी है। वह उसे गिरफ्तार नहीं करवाना चाहती। अमित शाह और अनुराग ठाकुर के साथ बैठक में सरकार की ओर से स्पष्ट संदेश दिया गया। साक्षी मलिक ने बताया कि बृजभूषण के दबाव के आगे नाबालिग पहलवान टूट गया है। महिला पहलवान परेशान हैं। वह समझौता नहीं करना चाहता और न ही वह अलग-थलग है। साक्षी मलिक ने बताया कि वह बजरंग पुनिया और विनेश फोगाट के साथ हैं। पहलवान आखिरी सांस तक लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि विनेश फोगट पंचायत में इसलिए नहीं पहुंचीं क्योंकि वह जांच में व्यस्त थीं।

उधर, बजरंग पुनिया ने कहा कि सरकार ने 15 जून तक एक्सटेंशन मांगा है। अगर बृजभूषण शरण सिंह को तब तक गिरफ्तार नहीं किया जाता है, तो पहलवान फिर से विरोध प्रदर्शन करेंगे। कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ जांच तेज होती नजर आ रही है। शुक्रवार को पुलिस जांच के लिए बृजभूषण शरण सिंह के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंची। जंतर मंतर पर धरने में शामिल महिला पहलवान को भी पुलिस अपने साथ ले गई थी।

महिला पहलवान पुलिस टीम के साथ बृजभूषण शरण सिंह के आवास पर करीब 15 मिनट रुकी। दिल्ली पुलिस ने बताया कि महिला पहलवान को जांच के लिए वहां ले जाया गया था। बजरंग पुनिया और विनेश फोगट ने भी इस बात की पुष्टि की है कि महिला पहलवान को पुलिस जांच के लिए क्राइम सीन पर ले गई थी।

# सभी सिग्नलिंग कक्ष को किया जाएगा 'डबल लॉक'

रेलवे ने ट्रेन हादसे के बाद दिए निर्देश



एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** रेलवे बोर्ड ने शनिवार को अपनी सभी सिग्नलिंग संपत्तियों के लिये 'डबल लॉक' व्यवस्था लागू करने का आदेश दिया और रखरखाव के काम के बाद ट्रेनों की आवाजाही शुरू करने के लिये प्रोटोकॉल को मजबूत करने के भी निर्देश जारी किये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

रेलवे बोर्ड ने ओडिशा के बालासोर जिले में दो जून को भीषण ट्रेन हादसे में 280 से अधिक यात्रियों के मारे जाने के बाद रेलवे जोन के लिये गई निर्देश जारी किये। बोर्ड ने ट्रेन के परिचालन संबंधी तंत्र, रिले हट हाउसिंग सिग्नलिंग और लेवल-क्रॉसिंग के दूरसंचार उपकरण और प्वाइंट तथा ट्रैक सर्किट सिग्नल के साथ सभी रिले रूम के लिए 'डबल-लॉक' व्यवस्था का आदेश दिया। आदेश में संकेत दिया गया है कि 'रिले रूम तक पहुंच' के कारण 'सिग्नलिंग व्यवस्था में हस्तक्षेप हुआ, जिससे कोरोमंडल एक्सप्रेस बालासोर में लूप लाइन में गई और एक खड़ी मालगाड़ी को टक्कर मारने से दुर्घटना हुई। वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि यह दिखाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं कि इंटरलॉकिंग सिस्टम के साथ किसी तरह की छेड़छाड़ की गई थी, इसलिए अब इस तंत्र को 'हस्तक्षेप-रोधी' बनाना है।

# सीबीआई को मिले 36 नए अधिकारी

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** सीबीआई के सब-इंस्पेक्टर (एसआई) ट्रेनी के 25वें और 26वें बैच का अलंकरण समारोह उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में सीबीआई अकादमी में आयोजित किया गया, जहां 36 अधिकारी बल में शामिल हुए।

इन दो बैचों के 36 अधिकारियों में 20 बी-टेक, 2 एम-टेक और 14 अन्य पोस्टग्रेजुएट्स और साइंस और आर्ट्स ग्रेजुएट्स शामिल हैं। ये ऑफिसर ट्रेनी देश भर के विभिन्न क्षेत्रों से आते हैं। कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) द्वारा आयोजित संयुक्त स्नातक स्तर (सीजीएल) परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद सीबीआई अकादमी में शामिल होने वाले इन परिवीक्षार्थियों को 73 सप्ताह की ट्रेनिंग प्रदान की गई।

ट्रेनिंग के दौरान, कैडेटों को विभिन्न क्षेत्रों में प्रशिक्षित किया गया, इसमें भौतिक साक्ष्य का संग्रह और संरक्षण, जांच के लिए वैज्ञानिक सहायता (पॉलीग्राफ सहित), ब्रेन मैपिंग, नार्कोएनालिसिस, डी ऑक्सी राइबो न्यूक्लिक एसिड अंगुली का निशान, पूछताछ और साक्षात्कार तकनीक और फोरेंसिक दवा शामिल हैं। ट्रेनिंग को न्यायशास्त्र, भारत के संविधान, प्रमुख आपराधिक अधिनियमों, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, महत्वपूर्ण मामलों के मामले के अध्ययन, विशेष कानूनों, सीबीआई अपराध नियमावली आदि पर भी ट्रेनिंग दी गई।

गुजराती, मराठी, तेलुगु, पंजाबी, उड़िया, बंगाली, कन्नड़, असमिया आदि सहित विभिन्न क्षेत्रीय भाषाओं की ट्रेनिंग भी दी गई। इनके अलावा, भ्रष्टाचार विरोधी, बैंकिंग धोखाधड़ी, आर्थिक अपराध, खुफिया और निगरानी तकनीक, साइबर अपराध और नकली भारतीय मुद्रा नोट (एफआईसीएन), नारकोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक पदार्थ (एनडीपीएस), प्राचीन वस्तुओं और ऑनलाइन बाल यौन शोषण सहित अन्य विशेष अपराधों पर भी विशेष प्रशिक्षण दिया गया।



सीबीआई के निदेशक प्रवीण सूद समारोह के मुख्य अतिथि थे, जहां ये युवा प्रतिभाएं सीबीआई बल में शामिल हुईं।

सूद ने सभी पासिंग आउट कैडेटों को बधाई दी और उन लोगों को भी बधाई दी, जिन्होंने नए जमाने के जांच उपकरणों के क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में ट्रॉफी जीती। इस अवसर पर सूद ने युवा अधिकारियों से सीबीआई में उच्च मानकों को बनाए रखने के लिए कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया।

सूद ने बताया कि अधिकारियों के आगे लंबा करियर सीबीआई की उच्च प्रतिष्ठा को बनाए रखने और उज्जनवल भविष्य सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उन्होंने अधिकारियों को सलाह दी कि वे मेहनत करने के साथ-साथ स्मार्ट तरीके से काम करने की आदत भी विकसित करें।

सूद ने अधिकारियों को अपने नॉलेज और स्किल्स को लगातार अपग्रेड और अपडेट करने की सलाह दी, विशेष रूप से साइबरस्पेस में होने वाले नए-पुराने अपराधों के बारे में, ताकि इसे जांच में लागू किया जा सके। उन्होंने अधिकारियों से भी आह्वान किया कि वे हर दिन सीखते रहें क्योंकि यह एक आजीवन प्रयास है और जिस दिन हम सीखना बंद कर देते हैं, यह आगे के विकास को भी रोक देता है।

# कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने शुरू की महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने रविवार को शक्ति योजना की शुरूआत की, जिसके तहत राज्य की महिलाएं सरकारी बसों में मुफ्त यात्रा कर सकेंगी।

यह योजना विधान सौधा में शुरू की गई थी जिसमें उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी, मुख्यमंत्री और अन्य ने भाग लिया था, जहां योजना के लोगो का भी अनावरण किया गया।

यह योजना उन पांच गारंटी में से एक है जिसका वादा सत्तारूढ़ पार्टी ने अपने चुनावी घोषणापत्र में किया था। अधिकारियों ने कहा कि इससे हर दिन 41.8 लाख से अधिक महिलाओं को लाभ होगा और राज्य के खजाने पर सालाना 4,051.56 करोड़ रुपये खर्च होंगे।

एनसीआर समाचार, साप्ताहिक समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

कार्यालय :
12/276, संगम विहार
नई दिल्ली-62

फोन :
8888883968,
9811111715

एनसीआर समाचार पत्र के स्वामित्व/ प्रकाशन परिवर्तन के संबंध में

## आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

# धामी ने स्कूली छात्रों के साथ किया जनसंवाद

एनसीआर समाचार



**उत्तरकाशी/देहरादून।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को उत्तरकाशी स्थित लोक निर्माण विभाग निरीक्षण भवन परिसर में 'सीमान्त गाँवों का विकास कैसे हो' विषय पर स्कूली छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स के साथ संवाद किया। साथ ही उन्होंने महिला स्वयं सहायता समूहों, पूर्व सैनिक संगठन, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, व्यापार मंडल, बार एसोसिएशन एवं अन्य संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ संवाद एवं भेंट वार्ता की। इससे पूर्व श्री धामी ने श्री काशी विश्वनाथ मन्दिर, शक्ति मंदिर एवं हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश की खुशहाली एवं तरक्की की कामना की। श्री धामी ने जन संवाद के दौरान शौर्य स्थल, उत्तरकाशी के सौंदर्यकरण एवं टीन सेट लगाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि शौर्य स्थल में प्रतीक्षालय का निर्माण कार्य कराया जाएगा। इस दौरान, उन्होंने शहीदों के परिजनों को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित भी किया।

उन्होंने स्कूली छात्र-छात्राओं से संवाद के दौरान, सीमांत क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा, संचार जैसी मूलभूत सुविधाओं के विस्तार पर चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आज सीमांत गांवों के विकास को प्राथमिकता से लिया जा रहा है। वाइब्रेंट विलेज के तहत सीमांत क्षेत्रों में बसे गांवों को विकसित करने की योजना है। उन्होंने कहा राज्य सरकार, राज्य में सरकारी नौकरियों के साथ युवाओं को स्वरोजगार की ओर भी जोड़ रही है। सीमांत क्षेत्रों में पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक होमस्टे खुलें। स्थानीय लोगों को वहीं पर रोजगार मिले, इन नीतियों पर भी कार्य किया जा रहा है। श्री धामी ने कहा कि लखपति दीदी योजना के तहत महिलाओं को सशक्त बनाने का कार्य किया जा रहा है। उत्तराखंड में सरकार शिक्षा एवं चिकित्सा पर विशेष ध्यान दे रही है। आयुष्मान भारत योजना के तहत लाखों लोगों को मुफ्त में इलाज मिल रहा है। उन्होंने कहा वर्तमान में चार धाम यात्रा गतिमान है। चार धाम यात्रा उत्तराखंड की लाइफ लाइन है। इससे लाखों लोगों को रोजगार मिलता है।

उन्होंने कहा कि श्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र एवं राज्य सरकार सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों के प्रत्येक मामले को गंभीरता एवं प्राथमिकता के साथ ले रही है। आज केंद्र सरकार सैनिकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। मोदी जी के नेतृत्व में सेना और ज्यादा सशक्त, शक्तिशाली और साधन सम्पन्न हुई है। उन्होंने कहा कि पर्वत माला मिशन के तहत उत्तराखंड के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों को रोप-वे से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें यमुनोत्री धाम भी शामिल है। वर्णावत पर्वत को भी रोपवे से जोड़ने पर कार्य किया जाएगा। हर्षिल जैसी सीमांत घाटियों में एप्पल मिशन के तहत सेब की खेती को बढ़ाए जाने के मकसद से राज्य सरकार ने एप्पल मिशन में धनराशि का प्रावधान 6 करोड से बढ़ाकर 35 करोड कर दिया है। जिससे अधिक से अधिक किसानों को इससे फायदा मिलेगा।

इसके उपरांत, श्री धामी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पदाधिकारियों के साथ बैठक भी की। इस दौरान, विधायक सुरेश चौहान, विधायक दुर्गेश लाल, विधायक संजय डोभाल, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह राणा, जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला, पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी, मीडिया प्रभारी (भाजपा) मनवीर चौहान, राम सुन्दर नौटियाल एवं अन्य लोग मौजूद रहें।

## जम्मू में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़, 4 गिरफ्तार

**जम्मू, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने रविवार को कहा कि उसने जम्मू जिले में एक सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है और चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कहा कि शहर के नवाबाद इलाके में रैकेट चलाए जाने की सूचना के बाद पुलिस की एक टीम ने रेणु गुप्ता के घर पर छापा मारा।

छापेमारी के दौरान घाटी के दो लोगों को दो महिलाओं के साथ आपत्तिजनक स्थिति में पकड़ा गया। चारों को हिरासत में ले लिया गया है। पुलिस ने कहा, गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान लियाकत अली और मुहम्मद शरीफ के रूप में हुई है, दोनों अनंतनाग जिले के पहलगाम इलाके से ताल्लुक रखते हैं।

इससे पहले इस साल अप्रैल में जम्मू के गहना चौक इलाके में एक होटल में चलाए जा रहे एक और सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ हुआ था, जिसमें पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

## एक नजर

### अमेरिका में लघु विमान दुर्घटनाग्रस्त, दो की मौत

**लॉस एंजिलिस, एजेंसी।** अमेरिका के दक्षिण-पश्चिमी राज्य एरिजोना की राजधानी फोनिक्स के पूर्व में पहाड़ी इलाके में एक लघु विमान के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से दो लोगों की मौत हो गयी। पिनाल काउंटी शेरिफ के कार्यालय ने ट्वीट कर यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दो सीटों वाला लघु विमान शनिवार को पहाड़ी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया।विमान में दो लोग सवार थे जिनकी मौत हो गयी।मृतकों की शिनाख्त का प्रयास किया जा रहा है।

### ईरान, फ्रांस के राष्ट्रपतियों ने द्विपक्षीय संबंधों के विस्तार पर चर्चा की

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी और उनके फ्रांसीसी समकक्ष इमैनुएल मैक्रों ने द्विपक्षीय संबंधों को विस्तार के संदर्भ में चर्चा की है। ईरानी राष्ट्रपति कार्यालय की वेबसाइट के मुताबिक दोनों नेताओं ने शनिवार को डेढ़ घंटे फोन पर बातचीत की। उन्होंने नवीनतम क्षेत्रीय विकास तथा ईरान और विश्व शक्तियों के बीच 2015 के परमाणु समझौते के पुनरुद्धार और ईरान पर प्रतिबंधों को हटाने के बारे में चर्चा की।

श्री रायसी ने ईरान के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप से बचने और देश की राष्ट्रीय संप्रभुता का सम्मान करने की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला। परमाणु वार्ता की नवीनतम स्थिति के बारे में उन्होंने ईरान और अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के बीच सहयोग पर बल दिया। उन्होंने यूक्रेन में जारी संघर्ष के संदर्भ में दोहराया कि युद्ध का विरोध करना ईरान की पूर्ण नीति है और कूटनीति इस मुद्दे का सबसे अच्छा समाधान है।

### स्टॉकहोम में गोलीबारी, एक की मौत, तीन घायल

**स्टॉकहोम, एजेंसी।** दक्षिणी स्टॉकहोम में फारस्टा सेंट्रम के पास शनिवार की शाम को गोलीबारी की घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और तीन अन्य घायल हो गये। स्वीडिश पुलिस के मुताबिक घटना के सिलसिले में बाद में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। स्वीडिश पुलिस द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार, वर्ष के पहले पांच महीनों के दौरान देश भर में हुई 144 गोलीबारी की घटनाएं हुई जिनमें 18 लोग मारे गये और 41 घायल हुए हैं। स्वीडिश पुलिस के अनुसार ज्यादातर गोलीबारी की घटनाएं गिरोह से जुड़ी हैं।

फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने अपने द्विपक्षीय संबंधों की मजबूती के लिए दोनों देशों के अधिकारियों के बीच निरंतर बातचीत का आह्वान है। उन्होंने परमाणु वार्ता को तब तक जारी रखने की आवश्यकता पर जोर दिया जब तक कि इसका कोई परिणाम सामने न आ जाये। उन्होंने जोर दिया कि ईरान यूक्रेन के संकट के समाधान का हिस्सा है और इस मुद्दे पर उसे अधिक महत्वपूर्ण भूमिका निभानी चाहिए।

### उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में भारी बारिश से 34 व्यक्तियों की मौत

**पेशावर, एजेंसी।** उत्तर पश्चिम पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में मूसलाधार बारिश, तेज हवाओं और गरज चमक के साथ वर्षा होने की वजह से कम 34 व्यक्तियों की मौत हो गई और 100 से अधिक अन्य घायल हो गए। प्रांतीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (पीडीएमए) के मुताबिक, क्षेत्र में शनिवार को हुई भारी बारिश की वजह से बन्नू, दीखान, लक्की मारवात और करक जिलों में लोगों की जान गई। दक्षिणी जिलों के कुछ हिस्सों में दीवार और पेड़ गिरने की घटनाओं से लोग हताहत हुए हैं। घायल हुए 110 से ज्यादा लोगों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। प्रांतीय सरकार ने पुनर्वास एवं राहत गतिविधियों के लिए चार करोड़ रुपये जारी किए हैं। लक्की, करक और बन्नू में कम से कम 69 मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। अधिकारियों को आशंका है कि मरने वालों की संख्या और बढ़ सकती है। खैबर पख्तूनख्वा में राहत कार्यों के सचिव ने संबंधित अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों में राहत गतिविधियों में तेजी लाने का निर्देश दिया है।

### पुणे-सतारा हाईवे पर एसटी बस पलटी, चार की मौत

**मुंबई, एजेंसी।** पुणे जिले में वरवे गांव के पास पुणे-सतारा हाईवे पर रविवार को सुबह 4 वाहनों के टकराने से एसटी बस पलट गई। इस घटना में चार लोगों की मौत हो गई और 20 यात्री घायल हो गए। हाईवे पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया है।

पुणे-सतारा हाईवे पर वरवे गांव के पास पुणे की ओर आ रहे एक कंटेनर को एसटी बस ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इससे एसटी बस अनियंत्रित होकर पलट गई। उसी समय दो अन्य वाहन कंटेनर और बस से आपस में टकरा गए। हाईवे पुलिस मौके पर पहुंचकर एसटी बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला। घटनास्थल ही चार लोगों की मौत हो गई थी, इसलिए पुलिस ने चारों शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। अचानक हुई इस दुर्घटना से पुणे-सतारा हाईवे पर भीषण जाम लग गया। ट्रैफिक पुलिस यहां ट्रैफिक हटाने का काम कर रही है।

### लूट की योजना बना रहे तीन बदमाश गिरफ्तार, तीन पिस्तौल बरामद

**करीमगंज (असम), एजेंसी।** जिले के बदरपुर थानांतर्गत इलाके से पुलिस ने शनिवार रात तीन पिस्तौलों के साथ तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से एक कार और एक बाइक भी जब्त की है। बदरपुर पुलिस ने रविवार को बताया है कि सूचना मिली थी कि बदमाशों का एक गिरोह लूट की वारदात को अंजाम देने वाले हैं। इस पुलिस टीम ने शनिवार मध्य रात्रि को ही छापा मार कर तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार लोगों की पहचान बदरपुर के दत्तपुर गांव निवासी शब्बीर अहमद, कबीर अहमद और धनलाल रवि दास के रूप में हुई है।

# 'सुलभ' स्वच्छता परियोजना का दक्षिण अफ्रीका तक विस्तार किया जाएगा

**जोहानिसबर्ग, एजेंसी।** भारत में डॉ. बिंदेश्वर पाठक द्वारा स्थापित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रशंसित 'सुलभ' स्वच्छता परियोजना का दक्षिण अफ्रीका में ग्रामीण समुदायों तक इन सुविधाओं को पहुंचाने के लिए विस्तार किया जाएगा। डॉ. पाठक पिछले सप्ताह पीटरमारित्जबर्ग में गांधी-किंग-मंडेला अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 2023 में अतिथि वक्ता थे क्योंकि उन्होंने जो मॉडल विकसित किया, वह गांधीवादी सिद्धांतों पर आधारित है। इस मॉडल ने न केवल स्वच्छता को बढ़ावा दिया बल्कि यह भारत में महिलाओं के सम्मान से भी जुड़ा है।



उन्होंने कहा, "गांधी ने स्वच्छता के बारे में बात की थी। उन्होंने 1919 में भारत में कहा था कि वह पहले एक स्वच्छ भारत और शिक्षा चाहते हैं, बाद में स्वतंत्रता। इसलिए, मैंने एक ऐसी प्रौद्योगिकी का आविष्कार किया, जिसने घर के अंदर शौचालय बनाने में मदद की है। भारत सरकार के समर्थन के कारण, देश में अब हर घर में शौचालय है।"

पाठक ने कहा कि उन्होंने भारत की स्वच्छता संबंधी समस्या को हल करने के लिए रेलवे स्टेशन, बस अड्डों और पुलिस थानों जैसी जगहों पर भी सार्वजनिक शौचालय बनवाए हैं। उन्होंने कहा, "इसे दक्षिण अफ्रीका में लागू किया जा सकता है क्योंकि यह एक ऐसी प्रौद्योगिकी है जिसे वैश्विक स्तर पर क्रियान्वित किया जा सकता है।"


उन्होंने कहा, "यह प्रौद्योगिकी कम लागत पर लागू की जा सकती है, क्योंकि भारत की तरह दक्षिण अफ्रीका भी अमेरिका जैसी सीवरेज प्रणाली का खर्च नहीं उठा सकता, इसलिए वे (अमेरिकी) प्रौद्योगिकियां हमारे देशों में स्वच्छता की समस्याओं को हल करने में सहायक नहीं हैं।"

पाठक ने साझा किया कि कैसे उनकी परियोजना ने महिलाओं को सशक्त बनाया और दलित समुदाय के जीवन को बदल दिया, जिन्हें शौचालय सफाईकर्मी और मैला हटाने वाला होने के कारण अछूत समझा जाता था। पाठक ने कहा, "इससे समाज के सबसे निचले तबके के लोगों के उत्थान और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने के गांधी के सपने को पूरा करने में भी मदद मिली।" पीटरमारित्जबर्ग गांधी फाउंडेशन के अध्यक्ष डेविड गेंगेन ने कहा कि क्वाजुलु नेटाल विश्वविद्यालय के कृषि प्रभाग, स्थानीय नगर पालिका, डरबन में भारतीय महावाणिज्य दूत के कार्यालय और गांधी फाउंडेशन के बीच इस क्षेत्र में प्रणाली को लागू करने के लिए पहले ही बातचीत हो चुकी है। गेंगेन ने कहा, "यह एक बहुत ही महत्वपूर्ण साझेदारी है जिसे हम अपने ग्रामीण समुदायों के लिए शुरू करना चाहते हैं।"

गेंगेन ने कहा, "हम लोगों को प्रशिक्षित करने के लिए डॉ. पाठक को यहां लाना चाहते हैं, लेकिन अगर हम उन्हें यहां नहीं ला सके तो भारत सरकार ने आश्वासन दिया है कि वह यहां से कुछ लोगों को प्रशिक्षित करने के लिए भारत भेजेगी।"

# क्षेत्रीय विधायक ने अमृत सरोवर का उद्घाटन कर किया नौका विहार

## सरोवर पर्यटन को देगा बढ़ावा : प्रेमचंद



**ऋषिकेश, एजेंसी।** क्षेत्रीय विधायक और मंत्री डा. प्रेमचंद अग्रवाल ने आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत अमृत सरोवर जोगीवाला माफी का विधिवत पूजा अर्चना के साथ रिबन काटकर शुभारंभ किया।

रविवार को डा. अग्रवाल ने पर्यटकों के अनुरूप बच्चों के झूले, ओवरब्रिज के निर्माण को 20 लाख रुपये की विधायक निधि देने की घोषणा भी की। इस मौके पर उन्होंने अमृत सरोवर में नौका विहार का आनंद भी उठाया। इसी के साथ अमृत सरोवर जोगीवाला माफी का विधिवत संचालन प्रारंभ हो गया।

जोगीवाला माफी में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक डा. अग्रवाल का भव्य स्वागत भी किया गया। उन्होंने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव को पूरा देश धूमधाम से मना रहा है। उत्तराखंड में करीब दो हजार अमृत सरोवर बनाए गए हैं। इसी क्रम में जोगीवाला माफी में अमृत सरोवर का निर्माण किया गया है। इससे पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार के साधन उपलब्ध होंगे। डा. अग्रवाल ने बताया कि इस अमृत सरोवर की लागत 38 लाख 85 हजार रुपये है, जो पंचायत भूमि पर बनाया गया है। उन्होंने बताया कि इसकी लंबाई 71 मीटर और चौड़ाई 51 मीटर है, जो लगभग 3500 मीटर स्क्वायर में फैला हुआ है। उन्होंने बताया कि इसमें पानी की मात्रा 5300 क्यूबिक मीटर है।

उन्होंने अमृत सरोवर के स्वरूप को बनाए रखने को कार्य देखने वाली महिला मंगल दल और युवक मंगल दल के पदाधिकारियों को पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित भी किया। इस मौके पर जोगीवाला माफी के प्रधान सोबन सिंह कैंतुरा ने अमृत सरोवर के सौंदर्यीकरण के लिए मदद करने का आग्रह किया। इस पर मंत्री डा. अग्रवाल ने 20 लाख रुपये की विधायक निधि देने की घोषणा की। इस पर ग्रामीणों ने आभार प्रकट किया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख भगवान सिंह पोखरियाल, पूर्व जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र सिंह नेगी, प्रधान जोगीवाला माफी सोबन सिंह कैंतुरा, प्रधान चक जोगीवाला भगवान सिंह महर, प्रधान खैरीकलां चन्द्रमोहन पोखरियाल, वरिष्ठ राज्य आंदोलनकारी कमला नेगी, कार्यक्रम अध्यक्ष भरत सिंह भंडारी, पूर्व जिपंस अनिता राणा, मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा समा पंवार, सोनी रावत आदि सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

अमृत सरोवर के साथ ही पहाड़ी भोजन का भी मिलेगा जायका-

सरोवर के उद्घाटन अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में डा. अग्रवाल ने कहा कि यहां पहाड़ी भोजन की भी व्यवस्था होनी चाहिए, जिससे बाहर से आने वाले पर्यटकों को पहाड़ी भोज का स्वाद चखने को मिलेगा और हमारे भोज को भी बढ़ावा मिलेगा।

# सेना का समर्थन खोने से परेशान हैं इमरान खान : बिलावल भुट्टो

**कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा है कि पीटीआई के अध्यक्ष इमरान खान राजनीति में सेना के दखल के खिलाफ नहीं हैं, बल्कि पूर्व प्रधान मंत्री सेना से केवल इसलिए परेशान हैं क्योंकि वह अब उनका समर्थन नहीं कर रही है। बिलावल, जो पीपीपी अध्यक्ष के रूप में भी काम करते हैं, ने अल जजीरा के साथ एक साक्षात्कार के दौरान कहा, खान की पाकिस्तानी सेना के साथ समस्या पिछले साल अप्रैल में शुरू हुई, जब उसने घोषणा की कि वह राजनीति में शामिल नहीं होगी और पक्ष नहीं लेगी। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में सेना के साथ खान का मुद्दा यह नहीं है कि वे राजनीति में शामिल है, सेना के साथ उनकी समस्या यह है कि वे उनका समर्थन करने के लिए शामिल नहीं हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश की राजनीति में सेना की भूमिका को नकारा नहीं जा सकता है। हमारा आधे से अधिक इतिहास सैन्य शासन द्वारा कवर किया गया है। मेरी पार्टी, पीपीपी, ने पाकिस्तान के इतिहास में हर एक तानाशाही को चुनौती दी है।

बिलावल ने कहा कि इमरान ने पाकिस्तान में हर तानाशाही का समर्थन किया है, इसमें पूर्व राष्ट्रपति जनरल (रिटायर्ड) परवेज मुशर्रफ की आखिरी तानाशाही भी शामिल है। खान का राजनीतिक इतिहास यह है कि उन्होंने हर तानाशाह का समर्थन किया है और उन्होंने पाकिस्तान के इतिहास में हर निरंकुश का समर्थन किया है। विदेश मंत्री ने कहा कि 2018 में इमरान खान की सत्ता में वृद्धि अच्छी तरह से प्रलेखित है। यह एक स्थापित तथ्य है कि उन्हें पाकिस्तानी सेना के कुछ पूर्व अधिकारियों के सहयोग से एक धांधली चुनाव के माध्यम से सत्ता में लाया गया था।

उन्होंने कहा कि 9 मई को हुई कार्रवाई से अधिकांश पाकिस्तानी बहुत आहत हैं, जहां खान ने अपने समर्थकों को सेना के प्रतिष्ठानों पर हमला करने के लिए प्रोत्साहित किया। लाहौर में कॉर्प कमांडर हाउस, रावलपिंडी में जीएचक्यू (सामान्य मुख्यालय) और कई सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया गया था।

एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के इतिहास में किसी भी राजनीतिक दल द्वारा इस तरह का हमला कभी नहीं किया गया है और अब जो लोग हमारे सैन्य प्रतिष्ठानों पर इन हमलों में शामिल थे, उन्हें देश के कानून के परिणामों का सामना करना होगा।

# दिल्ली की नृत्यांगना ने महात्मा गांधी के पंसदीदा भजन पर प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया

**जोहानिसबर्ग, एजेंसी।** दिल्ली की नृत्यांगना वल्लभी चेल्लम अन्नामलाई ने इस सप्ताह पीटरमारित्जबर्ग में आयोजित गांधी-किंग-मंडेला अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 2023 के उद्घाटन की संध्या पर अपनी अनूठी भरतनाट्यम प्रस्तुति से 400 से अधिक दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

नयी दिल्ली स्थित राष्ट्रीय गांधी संग्रहालय के निदेशक अलागन अन्नामलाई की बेटी वल्लभी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के पसंदीदा भजन 'वैष्णव जन तोह्' पर भरतनाट्यम प्रस्तुति दी।



वल्लभी ने कहा कि उनके लिए इस भजन पर नृत्य तैयार करना मुश्किल नहीं था, क्योंकि उनके माता-पिता गांधीवादी विचारधारा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध से हैं और वह उनकी विचारधाराओं के साथ पली-बढ़ी हैं। उन्होंने कहा, "गांधीवादी विचारधारा बहुत कम समय में मेरे भीतर घर कर गई थी। मैं पिछले दो दशक से प्रशिक्षित भरतनाट्यम नृत्यांगना हूं और बीते 15 साल से बड़े स्तर पर प्रस्तुतियां दे रही हूं।"

वल्लभी ने कहा, "मुझे जब यहां प्रस्तुति देने का निमंत्रण मिला, तब मैंने सोचा कि यदि मैं दोनों कला प्रारूपों को मिलाकर पेश करूं, तो यह बहुत प्रासंगिक रहेगा। इसलिए मैंने इस गीत पर प्रस्तुति तैयार की।" युवा वकील मोहनदास गांधी को 1893 में पीटरमारित्जबर्ग स्टेशन पर एक ट्रेन से बाहर फेंक दिया गया था, क्योंकि वह केवल श्वेत यात्रियों के लिए आरक्षित डिब्बे में बैठे थे। इस घटना के 130 साल पूरे होने पर गांधी-किंग-मंडेला अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। ट्रेन से बाहर फेंके जाने की घटना के बाद गांधी ने सत्याग्रह शुरू किया था।

# भारत-अमेरिका 'मॉडल' दिखाता है कि रणनीतिक साझेदार सभी क्षेत्रों में कैसे काम कर सकते हैं : यूएसआईएसपीएफ

**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** भारत-अमेरिका के बीच मजबूत संबंधों के पक्षधर एक जाने-माने अमेरिकी संगठन का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका की राजकीय यात्रा द्विपक्षीय संबंधों के लिए "बड़ा मील का पत्थर है।"

संगठन ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संबंधों का मॉडल दशार्ता है कि दो रणनीतिक सहयोगी कैसे सभी क्षेत्रों में एक साथ काम कर सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर 21 जून से 24 जून तक अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे।



यूएस-इंडिया स्ट्रैटजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के अध्यक्ष जॉन चैम्बर्स ने 'पीटीआई-भाषा' के साथ विशेष साक्षात्कार में कहा, "मैं समझता हूं कि यह यात्रा भविष्य के लिए एक बड़ा मील का पत्थर होगी। मैं हमेशा से भारत, उसके भविष्य और वैश्विक मंच पर उसके नेतृत्व से आर्थिक रूप से क्या हासिल किया जा सकता है, इसका बहुत बड़ा समर्थक रहा हूं।" सिस्को में चेयरमैन एमेरिटस और जेसी2 वेंचर्स के संस्थापक चैम्बर्स ने भारत और अमेरिका के दुनिया के "सबसे मजबूत रणनीतिक साझेदार" के रूप में उभरने की संभावनाओं को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि यह साझेदारी न केवल दोनों देशों के बीच कारोबार, बल्कि भारत के 28 राज्यों और केंद्र-शासित प्रदेशों और अमेरिका के 50 प्रांतों में रोजगार को भी सकारात्मक रूप से प्रभावित करेगी। मोदी का 22 जून को वाशिंगटन डीसी में राजकीय अतिथि के रूप में स्वागत किया जाएगा और उसी दिन वह अमेरिकी कांग्रेस के संयुक्त सत्र को संबोधित करेंगे। वह दो बार यह सम्मान पाने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री होंगे। उन्होंने पहली बार जून 2016 में अमेरिकी कांग्रेस की संयुक्त बैठक को संबोधित किया था। अमेरिकी राष्ट्रपति और प्रथम महिला 22 जून को राजकीय रात्रिभोज में प्रधानमंत्री मोदी की मेजबानी करेंगे। चैम्बर्स ने कहा, "जब आपके पास दो सबसे बड़े लोकतंत्र हों, जो इस मामले में साझा दृष्टिकोण रखते हैं कि प्रौद्योगिकी दोनों देशों के भविष्य के लिए क्या कर सकती है, यह लोगों के जीवन स्तर, रोजगार सृजन और रक्षा क्षेत्री की मजबूती के लिए क्या कर सकती है, तो ऐसे देशों का एक साथ आना दुर्लभ ही है, जो अब हो रहा है।" चैम्बर्स ने कहा, "भारत-अमेरिका के रिश्ते में भी चुनौतियां होंगी। लेकिन यह स्वाभाविक है, क्योंकि इस तरह के परिणाम बिना चुनौतियों के हासिल नहीं हो सकते हैं।"

# सौदेबाजी की सरकार की भाषा सौदेबाजी जैसी : कमलनाथ

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व वाली सरकार ने लाड़ली बहना योजना के तहत शनिवार को एक करोड़ 25 लाख से ज्यादा महिलाओं के खातों में एक-एक हजार रुपये की राशि को हस्तांतरित किया। साथ ही मुख्यमंत्री चौहान ने इस योजना के तहत आगामी वर्षों में तीन हजार रुपये तक करने का वादा किया। इस पर कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने तंज कसा और कहा कि सौदेबाजी से बनी सरकार सौदेबाजी की भाषा बोल रही है।



मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहना योजना में एक-एक हजार रुपये की राशि हस्तांतरित करते हुए शनिवार को कहा कि, योजना में प्रति माह एक हजार रुपए की राशि देने के प्रावधान में संशोधन कर बहनों को क्रमशः बढ़ी हुई राशि का भुगतान किया जाएगा। आवश्यक वित्त व्यवस्था के फलस्वरूप योजना में 1000 रुपए के स्थान पर क्रमशः 1250 रुपए, इसके बाद 1500 रूपए, फिर 1750 रूपए, फिर दो हजार रूपए और इसके बाद 2250 रुपए, 2500 रूपए और 2750 रूपए करते हुए राशि को तीन हजार रूपए तक बढ़ाया जाएगा। इसी तरह योजना के लिए विवाहित पात्र बहन की आयु न्यूनतम 23 वर्ष के स्थान पर 21 वर्ष की जाएगी। इसी तरह बहनों को आने वाले पांच वर्ष में लखपति बनाते हुए लखपति क्लब में शामिल किया जाएगा। वर्तमान में 23 से 60 वर्ष की विवाहित बहनें योजना में पात्र हैं। बहनों की आय कम से कम 10 हजार रूपए मासिक होना चाहिए। स्व-सहायता समूहों और आर्थिक समृद्धि की योजनाओं से लाभान्वित करते हुए बहनों की जिंदगी में सुख और आनंद लाने का कार्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहनों को वे अपना परिवार मानते हैं।

मुख्यमंत्री के इस ऐलान पर पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने कहा, आदर, सम्मान और स्नेह की कभी बोली नहीं लगाई जाती। इसमें कोई मोल-भाव नहीं होता। यह हृदय और भावना के विषय हैं। लेकिन कल जिस तरह से लाडली बहना योजना में आपने रकम बढ़ाने के दावे किए वह किसी भाई का प्रेम नहीं बल्कि किसी सौदागर की सौदेबाजी लग रही थी। उन्होंने आगे कहा, इस तरह बोली लगाना मध्यप्रदेश की परंपरा नहीं। मध्य प्रदेश भारत का हृदय प्रदेश है। हम दिल जोड़ते हैं, रिश्ते जोड़ते हैं, संबंध जोड़ते हैं। लेकिन आपका भी कोई कसूर नहीं है, सौदेबाजी की सरकार सौदेबाजी की भाषा ही बोल सकती है। आपका आत्मविश्वास हिल चुका है। प्रदेश की समस्त जनता और नारी शक्ति आपके झूठ को समझ चुकी है। सौ बार झूठ को दोहराने से वह सत्य नहीं हो सकता।

उन्होंने कहा, इसलिए मध्य प्रदेश की बहनें सौदेबाजी की सरकार की सौदेबाजी की घोषणाओं पर विश्वास नहीं कर रही हैं। उन्हें पता है कि चार महीने बाद कांग्रेस सरकार बनेगी और उन्हें नारी सम्मान योजना में 1500 रुपए हर महीने और पांच सौ रुपये में गैस सिलेंडर मिलेगा।

# प्रदर्शनी से शहरी जीवन के जटिल संबंधों को बयां किया

## शिक्षा मंत्री आतिशी बोलीं, छात्रों को कलात्मक क्षमताओं का पता लगाने के लिए मंच मिला

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** डॉ. बी.आर. आंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस (एसओएसई) के परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (पीवीए) के कक्षा दसवीं और 11वीं के छात्रों द्वारा बीकानेर हाउस में तीन दिवसीय लहर नाम की कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्रों ने पारिस्थितिकी और शहरी जीवन के बीच के जटिल संबंधों को बयां किया। इस मौके पर शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि इस प्रदर्शनी में छात्रों की रचनात्मकता और अभिव्यक्ति बेहद सराहनीय है। प्रदर्शनी इस बात का प्रमाण है कि हमारे स्कूलों के छात्र न केवल वर्तमान के ज्वलंत मुद्दों को समझते बल्कि अपनी कला के माध्यम से उसका सजीव चित्रण भी करते हैं।



उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सरकार ने छात्रों को अपनी कलात्मक क्षमताओं का पता लगाने और अपने विचारों को प्रभावशाली कला रूप में लाने के लिए एक मंच दिया है। प्रदर्शनी ने न केवल हमारे बच्चों की प्रतिभा को उजागर किया बल्कि युवा कलाकारों की रचनात्मकता और महत्वपूर्ण सोच को भी बढ़ावा दिया है। शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि कला और संगीत को अक्सर माता-पिता एक शौक के रूप में देखते हैं। इस कारण कई बार बच्चे अपनी प्रतिभा का खुलकर प्रदर्शन नहीं कर पाते हैं, लेकिन सरकार एसओएसई द्वारा कला क्षेत्र में करियर बनाने के इच्छुक छात्रों को विशेष शिक्षा दे रही है।

उन्होंने कहा कि केजरीवाल सरकार के एसओएसई पीवीए ने पारंपरिक ढांचे को तोड़कर कला को पाठ्यक्रम के रूप में मान्यता दी है। स्कूलों से भविष्य के लिए युवा कलाकार तैयार कर रहे हैं। बता दें कि प्रदर्शनी में विभिन्न कलाओं की एक श्रृंखला प्रदर्शित की गई थी। छात्रों द्वारा लाइव संगीत की प्रस्तुति ने पूरी प्रदर्शनी को और ज्यादा आकर्षक बनाया। इसके अलावा प्रदर्शनी में किसी पेशेवर की तरह कक्षा दसवीं के छात्रों ने चार शॉर्ट फिल्म के साथ 40 से अधिक शानदार फोटो भी प्रदर्शित किए। विभिन्न आर्ट फॉर्म्स की एक श्रृंखला प्रदर्शितः एग्जीबिशन में विभिन्न आर्ट फॉर्म्स की एक श्रृंखला प्रदर्शित की गई, जिसमें बी आर अंबेडकर स्कूल ऑफ स्पेशलाइज्ड एक्सीलेंस के छात्रों ने अपनी कलाकृतियों और स्किल्स को प्रदर्शित किया गया. विजुअल आर्ट्स के छात्रों ने एक क्यूरेटेड इनडोर प्रदर्शनी के माध्यम से अपनी रचनाएं प्रस्तुत कीं. जबकि छात्रों और शिक्षकों द्वारा आयोजित इंटरैक्टिव स्टालों ने गोंड आर्ट, मधुबनी आर्ट, ब्लॉक प्रिंटिंग और बुनाई जैसे आर्ट फॉर्म पर लाइव वर्कशॉप का आयोजन किया. साथ ही छात्रों द्वारा लाइव म्यूजिक ने पूरे एग्जीबिशन को और भी ज्यादा आकर्षक बना दिया. इसके अतिरिक्त, एग्जीबिशन में किसी प्रोफेशनल की तरह कक्षा 10वीं के छात्रों ने 4 शोर्ट फिल्मों के साथ-साथ 40 से अधिक शानदार फोटोज भी प्रदर्शित की.

उल्लेखनीय है कि दिल्ली सरकार ने 'परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स की शुरूआत 2021 में की. ये विशेष रूप से उन छात्रों के लिए शुरू किया गया है जो अपनी कलात्मक योग्यताओं को निखारते हुए इस क्षेत्र में अपना करियर बनाना चाहते है.

कैसे होता है चयनः इन स्कूलों में दाखिला एक चयन प्रक्रिया के माध्यम से होती है. जहां छात्र म्यूजिक (इण्डियन, वेस्टर्न), विजुअल आर्ट्स और फिल्म-मेकिंग एक्टिंग एंड मीडिया में से किसी एक क्षेत्र में स्पेशलाइज्ड एजुकेशन प्राप्त करते है. इन स्कूलों के लिए खास तौर से तैयार किया गया करिकुलम छात्रों को एक्सपीरिएंशियल लर्निंग देता है. इसका उद्देश्य छात्रों के लिए उच्च शिक्षा और कैरियर के लिए बेहतरीन मौके तैयार करना है. वर्तमान में, दिल्ली में चार पीवीए, एसओएसई हैं जिनमें कक्षा 9-11 में 570 से अधिक छात्र हैं. ये एएसओएसई दिल्ली बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन (डीबीएसई) से एफिलिएटेड हैं और उनका करिकुलम विभिन्न राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय नॉलेज-पार्टनर्स के सहयोग से विकसित किया गया है.

# केजरीवाल जनता के सवालों का जवाब क्यों नहीं दे रहे : बिधूड़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा है कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल अपने मंत्रियों को क्लीन चिट देना बंद करें और जनता को यह बताएं कि अगर वे घोटालों में संलिप्त नहीं हैं तो महीनों से उनकी जमानत क्यों नहीं हो रही? इसके अलावा जनता हजारों करोड़ के घोटालों और अपने राजमहल पर किए गए सैंकड़ों करोड़ों रुपए के खर्चे पर उनका स्पष्टीकरण चाहती है। जनता के सवालों के जवाब देने की बजाय केजरीवाल हमेशा की तरह जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं।

रामलीला मैदान में आम आदमी पार्टी की रैली को असफल करार देते हुए बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल इस रैली को विपक्षी दलों की रैली बनाना चाहते थे। इसीलिए वह पिछले कई दिनों से देशभर में विपक्षी नेताओं के यहां चक्कर लगा रहे थे लेकिन कोई बड़ा विपक्षी नेता इस रैली में आने के लिए तैयार नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि कितनी हैरानी की बात है कि केजरीवाल रामलीला मैदान की रैली में महंगाई का मुद्दा उस दिन उठा रहे हैं जिस दिन उनकी पार्टी की सरकार ने पंजाब में पेट्रोल और डीजल पर वैट बढ़ा दिया है। पंजाब सरकार ने रविवार को ही पेट्रोल पर 92 पैसे प्रति लीटर और डीजल पर 88 पैसे प्रति लीटर वैट बढ़ा दिया। दिल्ली में भी इस समय वैट की दर सभी पड़ोसी राज्यों से ज्यादा है।

बिधूड़ी ने कहा कि केजरीवाल जनता के सवालों का जवाब रैली में नहीं दे पाए। वह अब भी जेल में बंद अपने मंत्रियों को क्लीन चिट दे रहे हैं लेकिन जनता जानना चाहती है कि अगर वह इतने पाक-साफ हैं तो फिर निचली अदालतों से लेकर हाई कोर्ट तक में उनकी जमानत क्यों नहीं हो रही।

# टक्करबाज गैंग तीन शातिर बदमाश गिरफ्तार

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** सडक पर अगर कोई आपसे टकराने के बाद बहसबाजी करता है तो तुरंत बिना सोचे समझे आगे निकल जाए और हां अपने पर्स और फोन का जरूर उस वक्त ध्यान करें। हो सकता है कि टक्कर मारने वाला अपने साथी के साथ आपसे बहसबाजी और मारपीट करके आपका पर्स और फोन लूट व चोरी करके फरार हो गए। ऐसे ही टक्करबाज गैंग के तीन शातिर बदमाशों को बाहरी जिला की स्पेशल स्टॉफ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सोनू गुप्ता, सोनू उर्फ बबलू एवं विनय के रूप में हुई है। जिनके कब्जे से 22 मोबाइल फोन, दो पिस्टल, चार कारतूस, चाकू व वारदात में इस्तेमाल ऑटो रिक्शा बरामद किया है। आरोपियों के पकड़े जाने के बाद आधा दर्जन वारदातों का खुलासा हुआ है। पकड़े गए आरोपियों में सोनू गुप्ता विनय का जीजा है।



पुलिस अधिकारियों ने बताया कि बीते शनिवार को स्पेशल स्टॉफ को तीनों आरोपियों के ऑटो रिक्शा में हनुमान मंदिर, पाथेर मार्केट चौक, कंझावला लिंक रोड, मंगोलपुरी की तरफ आने की जानकारी मिली थी। मुखबिर से पता चला था कि आरोपियों के पास अवैध हथियार भी हो सकते हैं, जो पकड़े जाने के वक्त चला भी सकते हैं। एसीपी अरुण कुमार के निर्देशन में इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार की देखरेख में एएसआई शक्ति, हेड कांस्टेबल मोहित, नरेंद्र, दिनेश और कांस्टेबल साहिल को ब्रीफ किया गया और उनको पकड? का जिम्मा सौंपा गया। पुलिस टीम ने पत्थर मार्किट चौक पर घेराबंदी करके तीनों आरोपियों को हरकत करने से पहले ही हथियार, फोन व ऑटो के साथ दबोच लिया। ऑटो सोनू गुप्ता चला रहा था। जबकि पीछे विनय और सोनू उर्फ बब्लू बैठा हुआ था। आरोपी सोनू गुप्ता को तीस हजारी कोर्ट से भगौड़ा घोषित कर रखा है।

वह राजौरी गार्डन के एक मामले में पिछले 2 साल से अंतरिम जमानत पर छूट गया था। पूछताछ करने पर पता चला कि आरोपी सोनू गुप्ता और विनय के साथ मिलकर राहगीरों/राहगीरों को सडक किनारे मार कर उनके मोबाइल फोन लूट लेता था। टक्कर मारने के बाद वे उस व्यक्ति से बहस करते थे और इस दौरान उसका मोबाइल फोन चुरा लेते थे। अगर वह इनका विरोध करता है तो गोली मारने की धमकी देकर लूटपाट कर फरार हो जाते हैं। आरोपी सोनू गुप्ता पहले भी लूट/चोरी के 9 अन्य आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। जबकि आरोपी विनय 5 अन्य आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।

# विजय गोयल का अभियान महर्षि दयानन्द पार्क पहुंचा

एनसीआर समाचार

**नई दिल्ली।** कुत्तों के काटने की समस्या को लेकर पूर्व केंद्रीय मंत्री विजय गोयल का अभियान रविवार को त्रिनगर केशव पुरम के महर्षि दयानन्द पार्क में पहुंच गया। इस मौके पर गोयल ने कहा कि कुत्तों को लेकर उनका ये अभियान है की जल्दी कोई कदम नहीं उठाया गया तो दिल्ली में कुत्ते कहीं 8 लाख से 60 लाख न हो जाये।

गोयल ने कहा कि हर रोज 150 से 200 कुत्तों के काटने के मांमले एक सरकारी अस्पताल में आ रहे हैं सब अस्पतालों को लें तो हम अंदाजा लगा सकता हैं कि तो हजारों कुत्ते हर रोज मनुष्यों को कहीं न कहीं किसी न किसी जगह पर काट रहे हैं।




गोयल ने कहा दिल्ली सरकार और नगर निगम आवारा कुत्तों, बंदरों और गायों की समस्या पर ध्यान नहीं दे रही है पर पूरी दिल्ली इनके डर के चपेट में है। गोयल ने कहा कि वे जनता के बीच जागरण का काम कर रहे हैं। गोयल ने कहा आज बच्चों की छुटियाँ हो गयी हैं पर पार्कों में बच्चे दिखाई नहीं देते क्योंकि उनके अभिभावकों को कुत्तों के काटने का डर है जहाँ बच्चे आते हैं अभिभावक के साथ आते हैं।

गोयल ने कहा कि वे वसंत कुञ्ज में उस माँ से मिलकर आये थे जिसके 5 और 7 के बच्चों को कुत्तों ने नोच नोच कर मार डाला था जहाँ कोई आज तक कुत्ता प्रेमी कहलाने वाला उस गरीब माँ का हाल पूछने गया या उसकी मदद उन्होंने करने की कोशिश उन्होंने की क्या? गोयल ने कहा उनके पास पुणे, महाराष्ट्र, केरल, नॉएडा, गाजियाबाद, दिल्ली जगह जगह से फोन आ रहे हैं की हमारे यहाँ भी मीटिंग्स करों क्योंकि हमारे यहाँ भी कुत्तों की समस्या बहुत बढ़ गयी है। गोयल ने कहा कि यमुना पार के एक शक्श मिले थे जिनका कहना था की हमारे यहाँ अब सफाई करने वाली ने आने से मना कर दिया है क्योंकि वे कहते हैं की इस गली में बहुत कुत्ते हैं और यहाँ आने में डर लगता है।

त्रिनगर की पार्षद मीनू गोयल ने कहा कि जो लोग पार्कों में घूमने आते हैं वो हमसे छोटे छोटे डंडों की मांग करते है ताकि घूमते हुए कुत्ते उनके नजदीक न आये।

त्रिनगर की निवासी विनीता ने कहा कि मुझे अभी तक दो बार कुत्ते काट चुके हैं और एक बार कुत्ते के काटने पर 4 इंजेक्शनों में 10 हजार का खर्चा आता है और कुत्तों के काटने के बाद लगवाने वाला इंजेक्शन भी आसानी से नहीं मिलता।

त्रिनगर आर डब्लू ए के प्रधान रमेश चन्दर ने कहा कि कुत्तों को सड़कों पर छोड़ देते हैं इसलिए वो मनुष्यों की तरह आवारा हो जाते हैं अगर उनके लिए जगह जगह बाड़े बनाये जाये तो वो आवारा नहीं होंगे। केशव पुरम आरडब्लूए के अशोक शर्मा ने कहा गायों की समस्या को भी उठाना चाहिए मेरी पत्नी को एक गायें ने टक्कर मार दी थी वो अभी तक बिस्तर पर हैं।

आर डब्लू ए फेडरेशन के सौरभ गाँधी ने कहा आर डब्लू ए एनिमल वेलफेयर बोर्ड के नियमों को बदला जाना चाहिए क्योंकि आर डब्लू ए आवारा कुत्तों को खाना खिलाने की जिम्मेदारी लेने को तैयार नहीं है कोनसी जगह पर कुत्तों को खाना खिलाया जाए इसको लेकर भी उनकी एक राय नहीं हैं। एक निवासी उदित प्रकाश ने कहा कि अपने आप को कुत्ता प्रेमी कहलाने वाले कहीं भी कुत्तों को मांस का टुकड़ा दे देते हैं धीरे धीरे उनको इसकी आदत हो जाती है और वो अधिक हिंसक हो जाते हैं जिनका आसान शिकार बच्चे व बूढ़े होते हैं।

# अजय ढिगिंया का हिमाचल प्रदेश का प्रभारी बनाया



**नई दिल्ली, एजेंसी।** अखिल भारतीय मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरसिंह धिंगान ने संगठन के राष्ट्रीय महासचिव अजय ढिगिंया को हिमाचल प्रदेश का इचार्ज प्रभारी नियुक्त किया है। अजय ढिगिया को हिमाचल में संगठन पदाधिकारियों की नियुक्ति आदि मामलों में पूरी जिम्मेदारी निभाते हुए हिमाचल प्रदेश के सम्बन्धित पूरी रिपोर्ट राष्ट्रीय कार्य कारणी को देगें। यह नियुक्त संगठन के दिल्ली स्थित राष्ट्रीय कार्यालय में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरसिंह धिंगान पूर्व विधायक ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष जितेन्द्र टांक व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बृहमपाल पिहवाल की मौजूदगी मे तथा राष्ट्रीय महासचिव वीरेन्द्र मोहन शर्मा की उपस्तिथि में दी अजय ढिगिया अब हिमाचल प्रदेश के सर्वे सर्वा होगें जो राष्ट्रीय कार्य कारणी को विश्वास में लेकर हिमाचल प्रदेश में संगठन का विस्तार करेगें।

## बुराड़ी में किशोरी के साथ बलात्कार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तरी दिल्ली के बुराड़ी इलाके में एक सुनसान जगह पर एक मालवाहक तिपहिया वाहन के अंदर 13 वर्षीय एक किशोरी के साथ कथित रूप से बलात्कार किये जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने स्कूल के स्तर पर ही पढ़ाई छोड़ दी थी और वह तिपहिया वाहन (ऑटो) चलाता है।

# बीजेपी ने शुरू किया 'सेल्फी विथ भ्रष्टाचार का राजमहल' अभियान

एनसीआर समाचार

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा केजरीवाल सरकार के भ्रष्टाचार को बेनकाब करने के लिए रविवार को एक नए राजनीतिक अभियान की शुरूआत की। दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कनॉट प्लेस से राजनीतिक अभियान हैश टैग सेल्फी विथ भ्रष्टाचार का राजमहल की शुरूआत की। इसकी शुरूआत भव्य राजमहल बनाने में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल द्वारा किए गए भ्रष्टाचार का पदार्फाश करने के लिए किया गया है। भाजपा नेताओं ने इस अभियान में केजरीवाल के प्रतिकात्मक शीशमहल के साथ सेल्फी लेकर उनके द्वारा किए गए भ्रष्टाचार का उजागार किया। इस अभियान का संचालन प्रदेश महामंत्री हर्ष मल्होत्रा ने किया।




वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि हैश टैग सेल्फी विथ भ्रष्टाचार का राजमहल" का यह अभियान केजरीवाल की असलियत को पूरी दिल्ली के सामने उजागर करने में कारगर साबित होने वाला है। केजरीवाल ने जनता की गाढ़ी कमाई का 52 करोड़ रुपए अपने शीशमहल में खर्च कर भ्रष्टाचार किया है। उसको दिल्ली के हर घर तक टैग सेल्फी विथ भ्रष्टाचार का शीश महल अभियान के माध्यम से पहुंचाया जाएगा। यह अभियान दिल्ली भर में सभी विधानसभाओं में चलेगा।

केजरीवाल पर भ्रष्टाचार का आरोपः सचदेवा ने कहा कि जिस इंसान ने रामलीला मैदान में अपने बच्चों की कसम खाकर कहा था कि मैं गाड़ी नहीं लूंगा, बंगला नहीं लूंगा और कभी राजनीति नहीं करुंगा। वह आदमी आज उसी रामलीला मैदान में अपने भ्रष्टाचार के समर्थन में लोगों को इकट्ठा कर समर्थन मांग रहा है। उन्होंने केजरीवाल को चुनौती देते हुए कहा कि आज जिस रामलीला मैदान में केजरीवाल बैठे हैं, वहां अपने बच्चों को भी बुलाएं और उनकी कसम खाकर बताएं कि आखिर उन्होंने शीशमहल पर खर्च किए गए 52 करोड़ रुपए कहां से लाए हैं?

बीजेपी का पोस्टर वारः इससे पहले शविवार रात दिल्ली भाजपा की ओर से राजधानी में अलग-अलग जगहों पर बड़े-बड़े होर्डिंग लगाए थे। उनमें केजरीवाल के बगले को लेकर कई तीखे सवाल पूछे गए। पोस्टरों पर लिखा था कि केजरीवाल जी हमें 45 करोड़ वाला आपका शीश महल देखना है। बीजेपी वे कहा कि 45 करोड़ के अपने राज महल पर केजरीवाल चुप क्यों हैं? बता दें, यह पोस्टर दिल्ली के रेलवे स्टेशन, मेट्रो स्टेशन, रामलीला मैदान के आसपास, आईटीओ की तरफ आने जाने वाली सड़कों पर लगाया गया था।

जनता के हित में अध्यादेश का आना जरूरी थाः दिल्ली भाजपा अध्यक्ष ने केजरीवाल को चुनौती देते हुए कहा कि दिल्ली देश की राजधानी है। यह किसी के मनमाने ढंग से नहीं चलने वाली है। दिल्ली में केजरीवाल ने गैरजिम्मेदाराना रवैया अपनाया है, उसको देखते हुए जनता के हित में अध्यादेश का आना बेहद जरुरी था। उन्होंने कहा कि यह देश हमेशा ही संविधान और कानून से चला है और आगे भी चलेगा। लेकिन केजरीवाल इसे अपने मनमाने ढंग से चलाना चाहते हैं। उनका यह सपना कभी पूरा नहीं होगा।

## एक नजर

### फिरौती मामले में लॉरेंस बिश्नोई की रिमांड तीन दिन बढ़ी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** साकेत अदालत ने रविवार को फिरौती के मामले में गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की पुलिस हिरासत तीन दिन के लिए बढ़ा दी। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने राजस्थान के गंगानगर में एक अन्य आरोपी अक्षय उर्फ बालाजी से आमना-सामना कराने के लिए लॉरेंस की रिमांड बढ़ाने की मांग की थी। बता दें कि यह मामला साउथ ईस्ट दिल्ली की सनलाइट कॉलोनी में एक वकील पर फायरिंग और फिरौती की कॉल से जुड़ा है। आरोपी अक्षय ने कथित तौर पर मौजूदा मामले में पीड़ित को धमकाने के लिए हथियार और गोला-बारूद मुहैया कराया था। दिल्ली पुलिस आरोपी कपिल के बारे में जानकारी जुटाना चाहती है कि कैसे लॉरेंस जेल में रहने के बावजूद आरोपी अक्षय को निर्देश दे पाया। जांच अधिकारी की दलीलों पर विचार करने के बाद साकेत स्थित ड्यूटी मजिस्ट्रेट (एमएम) हिमांशु तंवर की अदालत ने लॉरेंस की पुलिस रिमांड तीन दिन के लिए बढ़ा दी। अदालत ने कहा कि जांच के सार्थक निष्कर्ष के लिए विस्तृत पूछताछ की आवश्यकता है। लॉरेंस को संबंधित ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष 14 जून को पेश किया जाएगा। अदालत ने इसी मामले में संपत नेहरा को नौ दिन की पुलिस रिमांड के बाद 25 जून तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। अधिवक्ता विशाल चोपड़ा लॉरेंस की तरफ से पेश हुए और रिमांड बढ़ाने का विरोध किया। जांच अधिकारी ने 10 दिन के रिमांड के बाद उसे अदालत में पेश किया था। जांच अधिकारी ने बताया कि आरोपी अक्षय को गुजरात के सुंदर नगर से गिरफ्तार किया गया है। इस मामले में दो नाबालिग भी आरोपी हैं। उनके रहने और अन्य व्यवस्थाएं अक्षय ने की थीं। अदालत ने पुलिस का पक्ष सुनने के बाद लॉरेंस की रिमांड तीन दिन और बढ़ा दी।

### किशोर जीवन कौशल शिक्षा का पाठ पढ़ेंगे छात्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली के 14 सरकारी स्कूलों के छात्र अब किशोर जीवन कौशल शिक्षा का पाठ पढ़ेंगे। इसको लेकर शिक्षा निदेशालय ने सर्कुलर जारी किया है। इस संबंध में निदेशालय से एक संगठन ने अनुमति मांगी थी। इस कार्यक्रम के जरिए कक्षा छठी से लेकर आठवीं तक के छात्रों में सीखने की रुचि और उनके आत्मविश्वास को बेहतर बनाया जाएगा। साथ ही वित्तीय तथा डिजिटल साक्षरता और प्रजनन स्वास्थ्य सहित दूसरी चीजों को लेकर जानकारी दी जाएगी। बच्चों के पारिस्थितिकी तंत्र के साथ सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाया जाएगा। अभिभावक, स्कूल शिक्षक और स्थानीय प्राधिकारी छात्रों की आकांक्षाओं को पूरा करने में सहयोग सुनिश्चित करेंगे। इस संबंध में निदेशालय ने स्कूल प्रमुखों को निर्देश दिए हैं कि वह नामित शिक्षक की देखरेख में कार्यक्रम के संचालन की अनुमति दें। इस दौरान स्कूल का कार्य प्रभावित नहीं होना चाहिए। निदेशालय द्वारा किसी प्रकार की वित्तीय मदद नहीं की जाएगी। अभिभावकों और छात्रों की निजता प्रभावित नहीं होनी चाहिए। इसके अलावा बिना निदेशालय की अनुमति के सोशल मीडिया पर छात्रों की तस्वीरें और वीडियो अपलोड नहीं किए जाएं।

### इग्नू के बच्चों को गुल्लीबाबा पब्लिशिंग हाउस के सीईओ दिनेश वर्मा ने दी शुभकामनाएं

नई दिल्ली, एजेंसी। शुरू हो रही इग्नू की परीक्षा में भाग ले रहे बच्चों को गुल्लीबाबा पब्लिशिंग हाउस के फाउंडर व सीईओ दिनेश वर्मा ने दी शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि सभी परीक्षार्थी पूर्ण एकाग्रता के साथ बिना किसी तनाव के परीक्षा में सम्मिलित हों। आपका परिश्रम अवश्य फलीभूत होगा व निश्चित ही सुखद परिणाम प्राप्त होगे। मेरी शुभकामनाएं साथ है। गुल्लीबाबा पब्लिशिंग हाउस पर छात्रों व आम लोगों की अच्छी भीड़ देखी गई। गुल्लीबाबा पब्लिशिंग हाउस के सीईओ दिनेश वर्मा ने बताया कि लगभग भारत के सभी कोने से इग्नू के छात्र गुल्लीबाबा हेल्प बुक्स का प्रयोग करते है। छात्रों के अच्छे रुझान से हम काफी उत्साहित हैं। इग्नू की स्टूडेंट ने कहा कि गुल्लीबाबा पब्लिशिंग हाउस की हेल्प बुक्स वे द्वितीय सेमेस्टर से प्रयोग करती आ रही है और यह बहुत उपयोगी साबित भी हुई। ज्ञात हो कि गुल्लीबाबा पब्लिशिंग पिछले 18 वर्षों से डिस्टेंस लर्निंग हेल्प बुक के लिए विख्यात है।

### डीयू : स्नातक में दाखिले की दौड़ अगले सप्ताह से संभव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के शैक्षणिक सत्र 2023-24 में स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले की दौड़ अगले सप्ताह से शुरू हो सकती है। विश्वविद्यालय प्रशासन कॉमन सीट अलॉटमेंट (सीएसएएस) पोर्टल-2023 का लिंक जल्द ही सक्रिय करने वाला है। हालांकि, विश्वविद्यालय की ओर से अब तक दाखिला प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा नहीं की गई है, लेकिन डीयू के अधिकारियों का कहना है कि अगले सप्ताह से दाखिले की दौड़ शुरू हो जाएगी। छात्रों ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) की ओर से आयोजित कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (सीयूईटी) दे दिया है। ऐसे में जल्द ही उन्हें कॉलेज में आवेदन करने का मौका मिलेगा। इसके बाद सीट अलॉटमेंट के साथ छात्रों को दाखिला सुनिश्चित करना होगा। डीयू के एक अधिकारी ने बताया कि दाखिला शुरू होते ही छात्र फर्जी वेबसाइट की जाल में आ जाते हैं। उन्हें दाखिले के दौरान सतर्क रहने की जरूरत है। डीयू अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर ही सीएसएएस पोर्टल-2023 शुरू करेगा। साथ ही सोशल मीडिया हैंडल पर इसकी जानकारी भी दी जाएगी।

### जागरूकता के अभाव में बढ़ती है बीमारी डॉक्टर कालरा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्वास्थ्य जागृति को लेकर कीर्ति नगर स्थित कालरा अस्पताल में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कालरा अस्पताल के हार्ट रोग विशेषज्ञ डॉ आर एन कालरा ने कहा कि कोई भी बीमारी एक दिन में नहीं आती है। लेकिन जागरुकता के अभाव में बीमारी धीरे-धीरे बढ़ने लगती है। जिसको ज्यादातर लोग नजरअंदाज कर देते हैं। जो कुछ दिन मे बड़ी बीमारी बन जाती है। उन्होंने कहा कि इसी तरह हार्ट की बीमारी है। पहले लोग छाती के दर्द को नजरअंदाज करते हैं। अचानक आये पसीने को भी नजरअंदाज करते हैं। जो हार्ट रोग के लक्षण हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से हार्ट की जांच होने से समय रहते हार्ट अटेक जेसी संभावनाओं से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि नियमित रूप से व्यायाम करें खान पान पर विशेष ध्यान दें। शिविर 258 लोगों की निशुल्क हार्ट की जांच की गईं हैं।

### शिक्षकों के लिए जीवन विद्या शिविर 17 से

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् की ओर से आठ दिवसीय जीवन विद्या शिविर का आयोजन किया जाएगा। 17 जून से चलने वाले इस शिविर का आयोजन यूपी के हापुड़ में होगा, जिसमें शिक्षा निदेशालय के अधीन आने वाले सरकारी स्कूलों के शिक्षक हिस्सा लेंगे।

सीबीएसई : पूरक परीक्षा के संबंध में सर्कुलर जारी

शिक्षा निदेशालय ने पत्राचार विद्यालय में कक्षा दसवीं और 12वीं में नामित छात्रों के लिए जुलाई महीने में होने वाली सीबीएसई की पूरक परीक्षा के पंजीकरण के संबध में सर्कुलर जारी किया है। छात्रों को 15 जून तक बिना देरी शुल्क के पंजीकरण के निर्देश दिए गए हैं। वरना 16 और 17 जून को दो हजार रुपये देरी शुल्क लगेगा।

# मानवता के कल्याण के लिए काम कर रही है भाजपा : योगी

एनसीआर समाचार



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी भारत के उत्थान और वैश्विक मंच पर मानवता के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। दो दिवसीय वाराणसी दौरे पर पहुंचे सीएम योगी ने टिफिन बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि आज का भारत अगर मैत्री निभाना जानता है तो दुश्मन की मांद में घुसकर जवाब देना भी उसे अच्छी तरह आता है। देश की आंतरिक और बाह्य सीमाएं आज पूरी तरह से सुरक्षित हैं। 2014 से पहले भारत में सरकार के प्रति अविश्वास और आक्रोश का भाव था, बड़े बड़े आंदोलन हो रहे थे मगर बीते नौ साल में भारत की तरक्की को हर कोई महसूस कर रहा है। पूरी दुनिया में भारत की प्रतिष्ठा बढ़ी है।

उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से भाजपा कार्यकताओं में विचारधारा और संगठन के प्रति आत्मीय भाव पैदा करने के लिए आज प्रदेश की सभी विधानसभाओं में टिफन बैठकों का आयोजन हो रहा है। काशी में टिफिन बैठक में शामिल होने पर मुझे अत्यंत हर्ष की अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि हम सब ने नौ साल में भारत की बदलती तस्वीर को देखा है। 2014 से पहले का भारत और उसके बाद का भारत हमारे सामने है। पहले देश के अंदर बड़े बड़े आंदोलन चल रहे थे। सरकार के प्रति जनता में गुस्सा, आक्रोश और अविश्वास देखने को मिल रहा था। प्रतिदिन एक नया भ्रष्टाचार सामने आता था। आंतरिक और बाह्य सुरक्षा खतरे में थी, लेकिन पिछले नौ साल में हमने बदलते हुए भारत को देखा है। हाल ही में पीएम मोदी के छह दिवसीय यात्रा को हम सबने देखा है। ये यात्रा भारत की बढ़ती ताकत का अहसास कराती है। अन्य देशों में भारत की कैसी प्रतिष्ठा बढ़ी है आप सबने देखा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था है। अगले दो-तीन साल में हम दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं। कश्मीर कभी अशांत और आतंकवाद की चपेट में था। आज वह शांति की नई राह पर बढ़ चुका है। पूर्वोत्तर के राज्य में कभी उग्रवाद चरम पर था, आज उन राज्यों में भाजपा की सरकार होने से वे विकास और नये विश्वास के साथ आगे बढ़ रहे हैं। पहले 120 जिले नक्सलवाद की चपेट में थे आज मुश्किल से तीन से चार जिले में ये गतिविधियां दिखाई देती हैं। विरासत के सम्मान के लिए तमाम कदम उठाए गये हैं। काशी विश्वनाथ धाम, अयोध्या का श्रीराम मंदिर, केदारनाथ मंदिर और महाकाल का पुनरुद्धार पीएम मोदी के नेतृत्व का परिणाम है।

उन्होने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दुनिया में वैश्विक लीडर के रूप में मान्यता मिली है। देश की संसद में पीएम मोदी काशी का प्रतिनिधित्व कर रहे हें। यही कारण है कि काशी दुनिया के लिए आकर्षण का केंद्र है। जी 20 की सर्वाधिक बैठकें यहां हो रही हैं। काशी जगमगा रही है। काशी वैश्विक स्तर पर नये आकर्षण का केंद्र बना है। काशी इसलिए काशी है क्योंकि काशी अविनाशी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने काशी को पुनर्प्रतिष्ठा और पहचान दी है। यही नहीं पीएम के मार्गदर्शन में यूपी आज बीमारू राज्य से ऊपर उठ चुका है। उत्तर प्रदेश विकास, सुरक्षा और सुशासन का एक मानक बना है। यूपी आज जिस मार्ग का अनुसरण कर रहा है, वो दिन दूर नहीं जब ये भारत के ग्रोथ इंजन के रूप में स्थापित हो जाएगा। इस दिशा में हमें मिलकर प्रयास करना है।

इस अवसर पर प्रदेश सरकार के मंत्री दया शंकर मिश्र 'दयालू', कैलाश मठ के महामंडलेश्वर आशुतोषानंद जी महाराज, स्वामी अनंतानंद जी महाराज। वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी, एमएलसी अशोक धवन, पूर्व विधायक डॉ ज्योत्सना श्रीवास्तव, कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव, पिंडरा विधायक डॉ अवधेश सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य सहित संगठन के पदाधिकारी और कार्यकता मौजूद रहे।

## होइये वही जो राम रचि राखा : ब्रजभूषण

**गोण्डा, एजेंसी।** यौन उत्पीड़न के आरोपों के कारण देश के दिग्गज पहलवानो का राजनीति के अखाड़े में सामना कर रहे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद और भारतीय कुश्ती संघ के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने रविवार को रामचरित मानस की चौपाइयों का जिक्र करते हुये कहा, होइये वहीं जो रामरचि राखा।

केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार के नौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुये सिंह ने शायराना अंदाज में कहा, कभी जहर पिया जाता है, जब कभी जमाने मे दिया जाता है, ये मिला मुझको मोहब्बत का सिला, बेफवा कहकर मुझे याद किया जाता है। इसको रुसवाई कहे की शोहरत अपनी, दबे होठों से मेरा नाम लिया जाता है। इस मौके पर हालांकि ब्रजभूषण खेल और खिलाड़ियों को लेकर सीधे तौर पर कुछ नहीं बोले और उनके निशाने पर कांग्रेस रही। उन्होंने कहा, अगर 1971 में मोदी वाला सशक्त भारत होता तो पाक हमारी जमीन कब्जा नहीं कर पाता और 92 हजार सैनिक यूं ही न जा पाते। 1947 में देश आजाद हुआ कि आजादी की प्रक्रिया चल ही रहीं थी कि देश का बंटवारा हुआ। पाक ने कबायली हमला कर दिया मगर सेना ने अपने शौर्य व पराक्रम से 92 हजार पाक सैनिकों को आत्मसमर्पण करने पर मजबूर कर दिया लेकिन कांग्रेस की नाकामी से करीब 78 हजार वर्ग जमीन पाक के कब्जे में चली गयी। उन्होंने कांग्रेस पर लगातार निशाना साधते हुये कहा कि 1962 में चीन ने भारत पर आक्रमण किया और कांग्रेस के कारण 33 हजार वर्ग मीटर जमीन कब्जा कर ली।

## भाजपा सरकार में भ्रष्टाचार दस गुना बढ़ा : अखिलेश

एनसीआर समाचार

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार के कथनी और करनी में बहोत अंतर है, जो कहती है, वह करती नहीं और जो करती है वह कहती नहीं। मुख्यमंत्री जी बात जीरो टालरेंस की करते है लेकिन उनके संरक्षण में भ्रष्टाचार और अपराध को खुली छूट मिली हुई है। भाजपा सरकार में 10 गुना भ्रष्टाचार बढ़ गया है। सवा छह साल के कार्यकाल में भाजपा का असली काम यही है कि कागजों में सब चकाचक, विज्ञापनों में सब बेहतरीन और असलियत में बदहाल उत्तर प्रदेश है।



अखिलेश यादव ने कहा कि सबसे बड़ा घपला तो सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के नाम पर भाजपा सरकार में हुआ है। 6 साल में इस मद में खूब पैसा जारी हुआ। तारीख पर तारीख देने के बावजूद सड़कें गड्ढा मुक्त तो हुई नहीं, जो बनी थीं वे भी उखड़ने लगी है। जनता का सारा पैसा भाजपा के नेता, मुख्यमंत्री जी के खास लोग और मंत्री, अधिकारी मिलकर हजम कर गए। जरा सी बारिश में ही सड़के मौत का कुआं बन जाती है। नालों की सफाई के नाम पर लूट मची है। जलभराव की दिक्कतें दूर करने के लिए भाजपा सरकार ने 15 जून की तारीख तय की पर अभी तक कई नालों की सफाई के आसार तक नहीं दिखे है।

अखिलेश यादव ने कहा कि लखनऊ में नालों की सफाई का हाल देखकर तो नई मेयर भी दंग रह गई है। हर साल बरसात से पहले नालों की सफाई का बजट ऐसे ही बह जाता है। सपा प्रमुख ने कहा कि भाजपा सरकार में बड़ी नदियां भ्रष्टाचार के कारण मैली हैं। छोटी नदियां संरक्षण के अभाव में सूख रही हैं। नदी नालों और भ्रष्टाचार के संगम का परिणाम नदियों की दुर्दशा के रूप में सामने है। गंगा नदी की सफाई के नाम पर करोड़ों रूपए फूंक दिये गए। नाले पहले की तरह गंगा में गिर रहे हैं। कानपुर में बिठूर से लेकर जाजमऊ तक गंगा को निर्मल बनाने के लिए 13 अरब खर्च हुए पर गंगा मैली की मैली बनी है।

उन्होंने कहा कि प्रयागराज में यमुना किनारे अवैध खनन का धंधा धड़ल्ले से चल रहा है। बड़ी-बड़ी प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से बालू का खनन हो रहा है। अफसर, मंत्री, सांसद, विधायक सब भाजपा के हैं किन्तु ठेकेदार के काले कारनामों पर कोई रोक नहीं है। अवैध धंधे पर प्रशासन ने भी आंखें मूंद ली हैं। अवैध खनन में लगे माफियाओं को किसी का डर नहीं है। उनकी दबंगई के आगे सभी पनाह मांगते हैं। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि ह्वाईज ऑफ डूइंगह्य का मतलब हत्या, बलात्कार, लूट और भ्रष्टाचार है। इन्वेस्टर समिट में क्या कट्टे-तमंचे की सप्लाई और मैन्युफैक्चरिंग के एमओयू साइन किए गए थे?

कौशल विकास के अन्तर्गत क्या अपराध की ट्रेनिंग दिलवाई जाती है? व्यापारियों को सुरक्षा एवं सुविधा देने के बजाय उनसे वसूली, फिरौती की छूट दी जाती है।

## एलएलबी छात्रा ने गंगा में कूदकर दी जान

### इंस्टाग्राम पर शेयर की सेड स्टोरी, लिखा– जब आप अचानक से जिंदगी के सबसे...

एनसीआर समाचार

**कानपुर।** कानपुर के छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय की एलएलबी प्रथम वर्ष की छात्रा ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दुखभरी पोस्ट डालकर शनिवार सुबह गंगा बैराज में छलांग लगाकर जान दे दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को गोताखोरों की मदद से बाहर निकलवाया। परिचयपत्र के आधार पर परिजनों को सूचना दी।

बर्रा आठ, सी-ब्लॉक निवासी टिंबर मालिक शिवकुमार विश्वकर्मा की बेटी अंजली विश्वकर्मा (20) सीएसजेएमयू के अटल बिहारी बाजपेई स्कूल ऑफ लीगल की बीएएलएलबी की छात्रा थी। पिता शिवकुमार ने बताया कि वह शनिवार सुबह पांच बजे पेपर देने के लिए घर से यूनिवर्सिटी के लिए निकली थी। सुबह आठ बजे पुलिस ने उन्हें बेटी के खुदकुशी करने की जानकारी दी।

बताया कि वह कुछ दिनों से शांत रहती थी। शिवकुमार के अनुसार, उसने कभी परिजनों से कोई बात साझा नहीं की। दो बहनें बेटू, नैना व बड़ा भाई धर्मेंद्र अहमदाबाद में रहकर इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहा है। नवाबगंज थाना प्रभारी प्रमोद पांडेय ने बताया कि परिजन खुदकुशी की वजह नहीं बता सके।

छात्रा की कॉल डिटेल, परिवार के लोग और कक्षा के सहयोगियों से पूछताछ की जाएगी। उसने खुदकुशी करने से कुछ घंटे पहले अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर सेड स्टोरी शेयर की थी। इसमें उसने एक दुखभरे गाने के साथ लिखा था कि जब आप अचानक से जिंदगी के सबसे खराब दौर में होते हैं।

**पिता ने जताई बेटी के साथ अनहोनी की आशंका**

शिवकुमार ने बताया बेटी की जेब से मेट्रो रावतपुर मेट्रो स्टेशन से यूनिवर्सिटी तक का टिकट मिला है, जो उसने 6:13 बजे खरीदी थी। इतनी देर में उसका यूनिवर्सिटी पहुंचना फिर वहां से करीब 7:30 बजे बैराज पर पहुंच जाना बेटी के साथ किसी अनहोनी की आशंका पैदा करता है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से जांच के बाद कार्रवाई की मांग की है।

**गंगा बैराज की टूटी जाली से कूदी छात्रा**

कानपुर के गंगा बैराज से सुसाइड को रोकने के लिए जिला प्रशासन की ओर से पूरे पुल पर जाली लगवाई गई थी, जिससे कोई गंगा में छलांग न लगा सके। नवाबगंज थाना प्रभारी प्रमोद पांडेय ने बताया कि गंगा बैराज पर एक जगह जाली टूटी हुई है। यहीं से उसने 40 फीट की ऊंचाई से गंगा नदी छलांग लगाई है।

**छात्रा अंजलि के परिजनों से मिली विवि की टीम**

कानपुर के छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के अटल बिहारी बाजपेयी विधि संस्थान में अध्ययनरत छात्रा अंजलि विश्वकर्मा के निधन की सूचना मिलने पर डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो नीरज सिंह के नेतृत्व में विश्वविद्यालय के प्रतिनिधि मंडल ने परिवार के सदस्यों से मुलाकात की।

प्रो. सिंह के अनुसार अंजलि के पिता ने बताया कि उनकी बेटी घर के सारे कामकाज में कुशल थी। कल रात भी खाना उसी ने बनाया था। पता नहीं ऐसा क्या कारण रहा कि उसने यह कदम उठाया। प्रो सिंह ने बताया कि पुलिस इस मामले की गहन जांच करे और जल्द से जल्द इस हादसे का सच सामने लाए।

सीएसजेएमयू विश्वविद्यालय दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ है। प्रो नीरज सिंह के साथ कुलानुशासक डॉ प्रवीण कटियार, सुरक्षा अधिकारी डॉ बीपी सिंह एवं निदेशक डॉ शशिकांत त्रिपाठी प्रतिनिधि मंडल में मौजूद रहे।

## अमेठी के साथ साथ रायबरेली में भी पसीना बहा रही है स्मृति इरानी

अमेठी, एजेंसी। अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुये भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपनी तैयारियों को आकार देना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का प्रवास दिल्ली के बजाय अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी में बढ़ गया है।

श्रीमती ईरानी ने एक पखवारे के दौरान चिलचिलाती धूप और उमस के बीच अमेठी की गलियों में घूम घूम कर आम लोगों से न सिर्फ मेल मुलाकात की बल्कि उनकी समस्याओं का समाधान करने की भी कोशिश की। पार्टी सूत्रों के अनुसार स्थानीय सांसद पिछले सात दिनों में लगभग चालीस गांवों में चौपाल लगाकर लोगों से संवाद कर चुकी हैं। इस दौरान उन्होने 319 बूथों के लोगो से मिलकर उनकी समस्याओं का समाधान किया। अमेठी के अलावा भाजपा की वरिष्ठ नेता की सक्रियता पड़ोसी जिले रायबरेली में बढी है। रायबरेली उत्तर प्रदेश की इकलौती संसदीय सीट है जो कांग्रेस के कब्जे में है। यहां से कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी सांसद है। पिछले लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने अपने एक मजबूत गढ़ के तौर पर अमेठी को गंवाया था जब श्री राहुल गांधी भाजपा की स्मृति इरानी से परास्त हो गये थे। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार भाजपा आगामी चुनाव में न सिर्फ अमेठी के किले को बरकरार रखेगी बल्कि उसका इरादा रायबरेली से कांग्रेस का सफाया कर राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण उत्तर प्रदेश में देश की सबसे पुरानी पार्टी का सूपड़ा साफ करने का होगा। श्रीमती ईरानी के अलावा भाजपा के अन्य कद्दावर नेता भी लगातार अमेठी और रायबरेली का दौरा कर रहे है। केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि विजय गुप्ता बताया कि श्रीमती ईरानी ने सलोन क्षेत्र के सभी 319 बूथों की समस्याओं को सुना। सभी समस्यायों के समाधान के लिए जमीन स्तर पर प्रयास भी किए गए। स्मृति ईरानी के सामने आई समस्याओं में अब तक एक हजार से अधिक का निस्तारण हो चुका है। वहीं स्मृति की पहल पर सलोन के किसानों के काशी दर्शन का भी कार्यक्रम 28 जून से शुरू हो रहा है।

## जी-20 बैठक के लिए काशी पहुंचे विदेशी मेहमान, हुआ भव्य स्वागत

वाराणसी, एजेंसी। जी-20 के विकास मंत्रियों की तीन दिवसीय बैठक के लिए रविवार को वाराणसी पहुंचे विदेशी मेहमानों का भव्य स्वागत हुआ। लालबहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे पर पहुंचने पर टीका लगाकर एवं पुष्प वर्षा के बीच उनका पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया गया। स्वागत से विदेशी मेहमान अभिभूत दिखे।

मेहमानों की अगवानी में अवध का फरुआही नृत्य और बांसुरी वादन कलाकारों ने प्रस्तुत किया। एयरपोर्ट से सभी मेहमान दल नदेसर स्थित होटल के लिए रवाना हुआ तो रास्ते में प्रमुख चौराहों पर सांस्कृतिक दलों ने लोकनृत्य प्रस्तुत कर उनका स्वागत किया। मेहमानों में सुबह 7.30 बजे सबसे पहले यूएसए का दल पहुंचा। इसके बाद बारी-बारी से चार्टर्ड और इंडियन एयरलाइंस समेत अन्य विमानों से मेहमान एयरपोर्ट पहुंचते रहे। ताज होटल में उनका स्वागत बुंदेलखंड के दूसरे लोकनृत्य राई और पूर्वांचल के भोजपुरी इलाकों के प्रसिद्ध फरुवाही लोकनृत्य से किया गया।

वाराणसी में 11 से 13 जून तक चलने वाले जी-20 की इस बैठक के लिए विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर शनिवार शाम को ही यहां पहुंच गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार दोपहर को पहुंचे। जी-20 प्रतिनिधियों की अगवानी से लेकर विदाई तक उनकी हर सुख-सुविधा और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के साथ ही प्रदेश की अनूठी संस्कृति के साथ जोड़ते हुए मनोरंजन की भी व्यवस्था की गई है।

दूसरे दिन 12 जून (सोमवार) को विदेशी प्रतिनिधि वाराणसी में नए बने नमो घाट पहुंचेंगे। घाट पर मेहमानों का स्वागत मशहूर ढोल नृत्य बमरसिया से होगा। विदेशी प्रतिनिधियों के लिए कहरवा लोकनृत्य का भी आयोजन होगा।

## सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टालरेंस की अपनी नीति पर कायम है: संतराज यादव

**कुशीनगर, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश सहकारी ग्राम्य विकास बैंक के सभापति संतराज यादव ने रविवार को बुद्ध स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुशीनगर के सभागार में केन्द्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित कुशीनगर लोकसभा के प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कि केंद्र की मोदी सरकार की 9 साल की उपलब्धियां देशवासियों का सर गर्व से ऊंचा कर देती है। पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा देना व धारा-370 को समाप्त करना सरकार के महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा सरकार के 9 वर्ष देश के लिए ऐतिहासिक रहे है। सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टालरेंस की अपनी नीति पर कायम है। उन्होंने कहा सरकार की हर योजना गरीब के




जीवन में खुशहाली ला रही है।लोक कल्याण का हर कार्य आज बिना किसी भेद भाव के किया जा रहा है। सभापति ने केंद्र सरकार की सराहना करते हुए कहा सरकार 80 करोड़ लोगों को फ्री राशन दे रही है। उन्होंने सरकार की जनधन, हर घर जल योजना योग दिवस, गैस कनेक्शन सहित कई उपलब्धियों की विस्तार से चर्चा की। लोगों से 2024 लोकसभा चुनाव में एक बार फिर मोदी को पीएम बनाने के लिए कमल पर वोट देने की अपील की। कहा कि पहले योजनाएं भ्रष्टाचार के लिए बनती थी वर्तमान में जो योजनाएं बनी है उनका पूरा का पूरा लाभ संबंधित व्यक्ति को मिला है। आयुष्मान योजना से गरीब से गरीब व्यक्ति अपने परिजनों का इलाज निशुल्क कराने में सक्षम हुआ। पूर्व में गरीब व्यक्ति धन की कमी के कारण समुचित इलाज भी नहीं करा पाता था। देश आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है देश की रक्षा के लिए हथियार भारत में ही निर्मित किए जा रहे हैं। यही नहीं उनका निर्यात भी किया जा रहा है। कुशीनगर सांसद विजय कुमार दूबे ने कहा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश में माफिया राज समाप्त हुआ। भ्रष्टाचारियों का काम तमाम हुआ। प्रत्येक क्षेत्र में विकास की नई गाथा लिखी गई। कुशीनगर लोकसभा में भी तमाम विकास कार्य हुए हैं। प्रबुद्ध सम्मेलन को भाजपा जिलाध्यक्ष डा.प्रेमचन्द मिश्र, विधायक मोहन वर्मा, विवेकानंद पाण्डेय, विनय प्रकाश गोंड नगर पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष अवधेश प्रताप सिंह, विजय कुमार शुक्ल, एडवोकेट त्रिलोकी नाथ श्रीवास्तव आदि ने संबोधित किया।

## एक नजर

### अमरोहा में सड़क हादसे में तीन दोस्तों की मौत

**अमरोहा, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में अमरोहा के गजरौला क्षेत्र में अज्ञात वाहन की चपेट में आकर मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों की मृत्यु हो गयी। पुलिस सूत्रों ने रविवार को बताया कि दिल्ली-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर यह हादसा बीती देर रात उस समय हुआ जब बृजघाट पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव कांकाठेर निवासी बिट्ठू (21), राहुल (20) और ओकेश गांव में मंढे की दावत खाने के बाद एक ही बाइक पर सवार होकर जा रहे थे कि ख्यालीपुर ढाल के समीप बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। सड़क पर गिर युवक जब तक संभल पाते कि पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हे अपनी चपेट में ले लिया। इस हादसे में बाइक चला रहे राहुल की मौके पर मौत हो गई जबकि गंभीर रूप से घायल बिट्ठू और ओकेश की रविवार को इलाज के दौरान मौत हो गई।

### आम के पेड़ से गिरने से किशोर की मौत

**बलिया, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के कटहुरा गांव में शनिवार को आम के पेड़ से गिरकर 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, चंद्रजीत नाम का किशोर कटहुरा गांव के एक बागीचे में पेड़ पर चढ़कर आम तोड़ते समय अचानक फिसलकर जमीन पर गिर गया। पुलिस ने बताया कि जमीन पर गिरने के कुछ ही देर बाद चंद्रजीत की मौत हो गई। उसने कहा कि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

### छह हजार करोड़ की परियोजनाओं की सौगात देंगे गडकरी

**देवरिया, एजेंसी।** केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी सोमवार को देवरिया में छह हजार करोड़ से ज्यादा की लागत वाली पांच परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। आधिकारिक सूत्र ने रविवार को बताया कि इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। श्री गडकरी और श्री योगी चीनी मिल मैदान पर एक जनसभा को सम्बोधित करेंगे। केंद्रीय मंत्री 1657 करोड़ की सलेमपुर बाईपास, 371.89 करोड़ की लागत से सलेमपुर-मैरवा मार्ग, 715.91 करोड़ की लागत से तमकुहीराज-सलेमपुर एनएच 727 बी, 2061.86 करोड़ की नवलपुर-सिकंदरपुर एनएच 727 बी का शिलान्यास करेंगे। इस अवसर पर सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, नागरिक विमानन राज्य मंत्री डा.वीके सिंह, प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्य सभा सदस्य संगीता यादव, देवरिया सांसद डा.रमापति राम त्रिपाठी सहित तमाम विधायक मौजूद रहेंगे। गौरतलब हो कि केंद्रीय मंत्री व मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन सभा स्थल पर अपनी तैयारी को तेज कर दिया है। टेंट, कुर्सियां और बैरिकेंडिंग के काम के लिए मजदूर जुटे हुए है। सड़कों की साफ-सफाई के साथ सभा स्थल की आसपास की सड़कों को गढ्ढा मुक्त करने का काम जोर शोर से चल रहा है।

### उत्तर प्रदेश के रुपईडीहा में तस्कर गिरफ्तार, 75 लाख रुपये मूल्य की स्मैक बरामद

**बहराइच (उप्र), एजेंसी।** भारत-नेपाल सीमा से सटे रुपईडीहा थाना क्षेत्र में शनिवार शाम पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) द्वारा चलाए गए संयुक्त जांच अभियान में मादक पदार्थ तस्करी के आरोप में एक नेपाली नागरिक को गिरफ्तार किया गया और 147 ग्राम स्मैक बरामद की गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा ने बताया कि शनिवार को रुपईडीहा सीमा पर पुलिस और एसएसबी की संयुक्त गश्त के दौरान सुरक्षा बलों को मोटरसाइकिल पर सवार एक संदिग्ध व्यक्ति आता दिखाई दिया। व्यक्ति को रोक कर तलाशी लेने पर उसके पास से 147 ग्राम स्मैक बरामद हुई। उन्होंने बताया कि तस्कर की पहचान नेपाल के बांके जिला के जिपरका पुलिस थाना अंतर्गत गोसाई पुरवा गांव निवासी राजेश गिरी के रूप में हुई है। जब्त किए गए स्मैक की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत 75 लाख रुपये है। वर्मा ने बताया कि आरोपी तस्कर से की गई पूछताछ के आधार पर मादक पदार्थों के अवैध कारोबार में लिप्त उसके अन्य संपर्कों की तलाश की जा रही है।

### कंटेनर ट्रक की चपेट में आने से दो व्यक्तियों की मौत

**लखनऊ, एजेंसी।** लखनऊ के सरोजनी नगर थाना अंतर्गत हज हाउस के बाहर रविवार सुबह एक कंटेनर ट्रक की चपेट में आने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई। ये दोनों हज पर जा रहे अपने रिश्तेदारों को विदा करने आए थे। सरोजनी नगर के थाना प्रभारी (एसएचओ) शैलेंद्र गिरि ने कहा कि कंटेनर ट्रक के चालक ने वाहन पर नियंत्रण खो दिया था जिससे दोनों व्यक्ति ट्रक से कुचले गए। उन्होंने कहा कि मृतकों की पहचान आतिफ (28) और फिरोज (46) के रूप में हुई है। दोनों आजमगढ़ के निवासी थे। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के बाद ट्रक का चालक घटनास्थल से फरार हो गया, जबकि कंटेनर ट्रक को पुलिस ने जब्त कर लिया है। ट्रक चालक को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

### फर्जी अधिकारी बन लोगों को ठगने वाला गिरफ्तार

**फिरोजाबाद, एजेंसी।** थाना बसई मोहम्मदपुर पुलिस ने रविवार को फर्जी अधिकारी बनकर लोगों से ठगी करने वाले को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके पास से कई दस्तावेज बाइक बरामद की है। पुलिस को फर्जी अधिकारी बनकर लोगों को ठगने वाले युवक के बारे में पता चला था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर घड़ी तिवारी तिराहा से उसे पकड़ लिया। पुलिस को देख वह भागने का प्रयास कर रहा था। पुलिसकर्मियों ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त का नाम सर्वेश पुत्र सनक सिंह बताया है। वह बरकतपुर का रहने वाला है। थाना अध्यक्ष कृपाल सिंह ने बताया सर्वेश काफी शातिर है। वह अधिकारी बंद कर जरूरतमंद लोगों की करिए की फाइल शादी अनुदान अन्य काम कराने के नाम पर लोगों से रुपए ठग लेता है। पुलिस ने उसके पास से पांच आधार कार्ड दो पैन कार्ड 3 एटीएम कार्ड निर्वाचन आयोग का पहचान पत्र मोबाइल फोन दिखा मोटरसाइकिल बरामद की है। मोटरसाइकिल पर फर्जी नंबर प्लेट लगी है। पुलिस अभियुक्त के बारे में अन्य जानकारियां जुटा रही है।

### प्रयागराज में गंगा के किनारे शवों को दफनाने से रोकेगा नगर निगम

**प्रयागराज (उप्र), एजेंसी।** प्रयागराज नगर निगम (पीएमसी) ने फाफामऊ में गंगा के रेतीले किनारे पर शवों को दफनाने की प्रथा पर रोक लगाने का फैसला किया है। पीएमसी ने 10 सदस्यीय निगरानी दल का गठन किया है, जो गंगा के किनारे शवों को दफनाने के खिलाफ परिवारों को सलाह देगा। पीएमसी दफनाए गए शवों का अंतिम संस्कार करने के प्रस्ताव पर भी काम कर रहा है, जो मिट्टी से बाहर आ जाते हैं और मानसून के दौरान गंगा में बह जाते हैं। अंचल अधिकारी नीरज कुमार सिंह को घाट पर निगरानी में दो अधिकारियों की सहायता के लिए निगरानी अधिकारी नियुक्त किया गया है। पीएमसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि निगरानी दल के सभी 10 सदस्य दो पालियों में काम करेंगे। घाटों पर शवों को दफनाने के लिए ले जा रहे परिवारों के साथ बातचीत करते हुए, अधिकारी उन्हें आगामी मानसून की स्थिति से अवगत कराएंगे, जब गंगा का स्तर बढ़ जाएगा और ये शव बाहर निकल आएंगे और फिर वे या तो नदी की तेज धाराओं में बह जाएंगे या आवारा कुत्तों द्वारा खा लिए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि पीक कोविड के समय (जून 2021) के दौरान, गंगा के दो किनारों के बीच-संगम शहर (तेलियारगंज) और फाफामऊ के शहर की ओर से हजारों शव दफन पाए गए थे।

# राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी ने भाजपा कार्यकर्ताओं की ली बैठक

प्रमोद कुमार बंसल





कोटपूतली, राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ भाजपा नेता घनश्याम तिवाड़ी आज दोपहर 2 बजे कोटपूतली पहुंचे। कोटपूतली आने पर राज्यसभा सांसद घनश्याम तिवाड़ी और जिला अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा के नेतृत्व में विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकताओं ने बानसूर रोड़ स्थित गोकुल वाटिका के बैंकट हॉल में गर्मजोशी से स्वागत किया। इसके बाद तिवाड़ी ने भाजपा कार्यकताओं की आगामी 13 जून को जयपुर में होने वाली जन आक्रोश रैली की तैयारियों को लेकर बैठक ली। बैठक में तिवाड़ी ने केन्द्र की मोदी सरकार के 9 वर्ष की जन कल्याणकारी एवं राष्ट्र हितैषी योजनाओं का विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए कहा कि जब से केन्द्र मे भाजपा की सरकार बनी हैं तब से लगातार प्रत्येक वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किया जा रहा है।

देष के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न केवल भारत में बल्कि विदेषों में भी भारत का मान बढाया है। उन्होंने कहा कि आज भारत आत्मनिर्भर बन चुका है। उन्होने कहा कि आज सेना को खुली छुट के चलते दुष्मन हमारे भारत की ओर बुरी नजर से देखने की हिम्मत नही जुटा पा रहा है। पहले सेना के हथियारों के लिए हमें दूसरे देषो पर निर्भर रहना पड़ता परन्तु मोदी सरकार बनने के बाद आज हम हथियारों के मामलें में आत्मनिर्भर बन गये है। उन्होंने राज्य की कॉग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि राज्य में कभी पेपर लीक तो कभी गैंगवार, लूटपाट, बलात्कार, द्वेष्तापूर्वक भरी जाने वाली भारी भरकम वीसीआर जैसी अनेक घटनाओ से युवा एवं गरीब को मारने का काम किया है। फ्री बिजली की लोभ देकर उसपर सरचार्ज लगाकर गरीब जनता को लूटना कहा का न्याय है।

इस अवसर पर जिलाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा ने कार्यकताओं से आह्वान किया कि 13 जून को आयोजित होने वाली जन आक्रोश रैली में विधानसभा क्षेत्र कोटपूतली से अधिक से अधिक कार्यकर्ता जयपुर पहुॅचकर राज्य की भ्रष्ट कॉग्रेस सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज करेगें। भाजपा नेता मुकेश गोयल ने सभी का आभार प्रकट किया।

संचालन मुखिया पायला ने किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री सुरेन्द्र चैधरी, जिलामंत्री सुभाष चन्द शर्मा, एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री सुबेसिंह मोरोड़िया, ओबीसी मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष हीरालाल रावत, नगर मण्डल अध्यक्ष गोपाल मोरीजवाला, मण्डल अध्यक्ष सुभाष चन्द शर्मा, पश्चिम मण्डल संयोजक सुरेश चन्द शर्मा, उत्तर मण्डल अध्यक्ष रमेश रावत, दक्षिण मण्डल अध्यक्ष रमेश रावत, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अब्दुल सत्तार, जिला पार्षद भोमाराम गुर्जर, जिला पार्षद प्रतिनिधि अमीचन्द धानका एवं नरेन्द्र यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता विक्रम सिंह तॅवर, कैलाश चन्द टेलर, शंकर लाल कसाना, धूड़सिंह, यादराम जांगल, पूरण मल सैनी, पूरण यादव, मनोज नारायण शर्मा, राजाराम कसाना, सुबेसिंह आर्य, जयराम गुर्जर, विक्रम फाईनंसर, नेतराम ताखर, राजेष सराधना, सोनू चैधरी, रतनलाल शर्मा, महेश सैनी, कैलाश वाल्मिकी, राकेश पाल सिंह, कमल सैनी, दिनेश कमांडेंट, कमलेश प्रजापत, महेन्द्र यादव, राजेन्द्र रहीसा, जितेन्द्र यादव, राजेश फतेहपुरिया, सुभाष आर्य, मुकेश कसाना, गगन आर्य, महेन्द्र गुर्जर, रमन सैनी, जेपी कोटिया, मुकेश पाथरेड़ी, दिलीप यादव, ओमप्रकाश आर्य, सुभाष प्रधान, दयाराम कुमावत, देवेन्द्र आर्य, गोदाराम स्वामी, विजय आर्य, राजेश दिक्षित, विकास जांगल सहित सैकड़ी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पत्थर से मुंह को कुचल कर के युवक को मौत के घाट उतारा

भंवर नाथ

यह घटना परशु रात 9 जून तारीख की रात को हुई पुलिस इस अज्ञात मर्डर को लेकर छान बीन कर रही थी तो कल शामको पुलिस को पता चला है कि यह युवक फतहनगर के पास वाशनी ठिकाना के रहने वाले गोटा मेघवाल पिता शंकर लाल मेगवाल नाम पता चला है। खबर है की यह शख्स 9, जून को कही से रात में टैक्टर लेकर उदयपुर चितौड़ रोड से जा रहा था। वही इसके गांव के पास ऑन रोड आईबी के पेट्रोल पंप के पास एक होटल में कुछ लेने गया। वहा सड़क के किनारे बैठे कोई तीन चार युवक शराब के नशे में थे दारू पी रहे थे और इनके दोनो के बीच कही कहा शुनी हुई। इसके चलते उन लोगो ने इस पर हमला कर दिया और जगड़े का बड़ा रूप बन गया। जब किसी एक शक्श ने इस युवक पर पत्थर से इसका पूरा मुंह कुचल दिया, पुलिस और आसपास के लोग को इतला मिली तो मुंह के पहचान में ना आने से सिनाख करने में काफी तकलीफ पड़ी नही युवक के पास पर्स वगैर और आधार कार्ड या ड्राइविंग लाइसेंस भी नही था।

# सैनी सभा सस्था के द्वारा निर्मित महात्मा ज्योतिबा फुले व माता सावित्रीबाई फुले मूर्ति का अनावरण

प्रमोद कुमार बंसल



सैनी सभा सस्था के द्वारा निर्मित महात्मा ज्योतिबा फुले व माता सावित्रीबाई फुले मूर्ति का अनावरण कार्यक्रम राजकीय पाना देवी बालिका महाविद्यालय मे सैनी सभा सस्था के तत्वाधान मे किया। जिसमे मुख्य अतिथि अशोक गहलोत मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार, राजेंद्र सिंह यादव गृह राज्य मंत्री राजस्थान सरकार, पुष्पा देवी सभापति नगर परिषद व अध्यक्षता राकेश सैनी अध्यक्ष सैनी सभा सस्था के द्वारा मूर्ति अनावरण कर दीप प्रज्वलित किया गया। सैनी समाज संस्था पदाधिकारी व कार्यकारिणी समाज बंधुओं द्वारा सूत की माला पहनाकर स्वागत किया गया।

शनेश्वर संस्था द्वारा हनुमान सैनी ने आरक्षण 12% छात्रावास में लाइब्रेरी के लिए ज्ञापन दिया सैनी समाज द्वारा स्मृति चिन्ह अतिथियों को दिए गए 31 किलो फूल माला द्वारा उपस्तिथ समाज बंधुओं ने स्वागत किया तथा कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण क्या गया। सैनी सभा संस्था सचिव योगेश सैनी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया।

इस कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा राजस्थान, कांग्रेस पर प्रभारी सुखविंदर सिंह, सह प्रभारी अमृता धवन, कैबिनेट मंत्री लालचंद कटारिया, जमावारागढ विधायक गोपाल मीणा तथा समाज बंधुगन मे शंकर लाल सैनी पूर्व पूर्व चेयरमैन, प्रकाश चंद सैनी पूर्व चेयरमैन, बीरधी चंद सैनी उपाध्यक्ष रोहतास सैनी, रामसिंह सैनी, ओम प्रकाश सैनी, प्रकाश तोदवाल, बिल्लूराम सैनी, पवन सैनी, विजय बीजवाडिया, छोटू मिस्त्री कन्हैया लाल सैनी चित्र मल सैनी रमेश सैनी, राम सैनी ख्यालीराम सैनी, दुर्गा प्रसाद सैनी, जगदीश खेमजी, धर्मवीर सैनी, रामकुमार सरपंच, मदन सैनी, चतुर राम सैनी, सुनील सैनी, राजेश सैनी, शंभू दयाल सैनी, पार्षद जगदीश सैनी पूर्व पार्षद, जयराम सैनी, विक्रम सैनी, महेश सैनी, प्रमोद सैनी, पार्षद कमल सैनी, संजय सैनी, विकास सैनी, विक्रम सैनी, मथुरा प्रसाद सैनी, धन राम सैनी, मदन सैनी, अमित सैनी भी खराब सैनी, बबलू सैनी, राधेश्याम सैनी, सीताराम सैनी, पार्षद राम अवतार सैनी, चौथमल सैनी, चेयरमैन थानागाजी, खैराती सैनी, पहलाद सैनी, दातिल अध्यक्ष सैनी, सभा, धर्म सिंह सैनी, बानसूर साधु राम, सैनी रोशन में सैनिटेशन कारोलिया विजय, सैनी नाथूराम सैनी, ओमप्रकाश एडवोकेट विजय सैनी, रमन सैनी, प्रसाद सैनी, प्रदीप सैनी, मनीष सैनी, 100 राम सैनी, राजकुमार सैनी, विजय सैनी, कुलदीप सैनी, कृष्ण कुमार, सैनी मोहन, सैनी कैलाश ठेकेदार, आनंद सैनी, पार्षद देवकरण, लालचंद सैनी, हीरालाल सैनी, रतन सैनी, राजेंद्र बीज वाडिया, पवन सैनी, पहलाद सैनी, सारी लाल सैनी, रमेश मुनीम, शंकर मुनीम, राजू कैलाश मदन सुनील, खेतर दीनदयाल, अमर सिंह, जगदीश एंड विजय सुरेश रमेश ने रोहताश सैनी लाल आदि सैकड़ों की संख्या में समाज बंधु गन सब फल सब्जी मंडी के समाज बंधु मूर्ति अनावरण कार्यक्रम मे भाग लिया।

# सुश्री किरण टिलवानी भाजपा महिला मोर्चा की दतिया नगर अध्यक्ष मनोनीत

नरेन्द्र कुमार



दतिया, भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा के संगठन को गति प्रदान करने एवं महिला सशक्तिकरण अभियान की केंद्र राज्य सरकार की योजनाओं को एवं संगठनात्मक ताकत को मजबूत प्रदान करने के लिए प्रदेश सरकार में गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा, पार्टी जिला अध्यक्ष सुरेंद्र बुधौलिया, भाजपा जिला मंत्री एवं महिला मोर्चा जिला प्रभारी सुश्री क्रांति राय, महिला मोर्चा जिला प्रभारी सरोज जोशी की सहमति से भाजपा नगर अध्यक्ष पंकज गुप्ता की अनुशंसा पर महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष किरण गुप्ता जी ने दतिया नगर अध्यक्ष पद के लिए सुश्री किरन टिलवानी को मनोनीत किया है। उनकी नियुक्ति पर भाजपा एवं महिला मोर्चा की कार्यकताओं ने बधाई देते हुए प्रदेश एवं जिला मिशन के प्रति आभार व्यक्त किया है।

भाजपा महिला मोर्चा नवनियुक्त मनोनीत नगर अध्यक्ष सुश्री टिलवानी ने कहा है कि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने मुझे जो जिम्मेदारी सौंपी है मैं पूर्ण कर्तव्य निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने दायित्व का निर्वाह करूंगी। और कहां की महिला सशक्तिकरण के लिए केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं को अंतिम छोर तक की मातृशक्ति तक पहुंचाने का कार्य करूंगी और रतिया नगर में महिला मोर्चा के संगठन को मजबूत कर देते हुए आगामी मिशन 2023 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी का कमल खिलाने के लिए महिलाओं को जागृत किया जाएगा।

## करीमगंज जिले के बदरपुर मे पिस्टल बरामद होने की घटना से मची खलबली



सचिंद्र शर्मा

बदरपुर पुलिस को गुप्त सूत्रों से सूचना मिली और ऑपरेशन में सफलता मिली। जानकारी में पता चला है कि बदरपुर पुलिस को सूचना मिली कि तीन युवक दत्तपुर की ओर से बाइक पर पिस्टल लेकर आ रहे हैं। तभी बदरपुर थाने के ओसी सक्रिय हो गए। तुरंत बदरपुर पुलिस ने नाका चेकिंग की व्यवस्था की।

बाइक व कार के साथ तीन युवकों को आगे आते देख तलाशी लेने पर दो पिस्टल के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया. गिरफ्तार तीनों युवकों के नाम दत्तापुर क्षेत्र के सब्बीर हुसैन, कबीर अहमद, धनलाल रबीदास। इनके पास से एक पिस्टल बरामद हुई है।

# स्व.राजेश पायलट 11 जून को अधिक संख्या में को श्रद्धांजलि देने दौसा पहुँचे लोग





प्रमोद कुमार बंसल

कोटपूतली, निकटवर्ती ग्राम पनियाला में भामाशाह एवं समाजसेवी चौधरी विशम्भर दयाल, पूरण भगतजी, विक्रम बोहरा द्वारा अपने माता-पिता स्व. मूर्ति देवी एवं स्व. छाजुराम रावत की पुण्य स्मृति में भगवान देवनारायण के भण्डारे एवं सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाग लेते हुए पूर्व संसदीय सचिव रामस्वरूप कसाना ने गहलोत नेतृत्व वाली प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाने साधे। कसाना ने कहा कि बतौर कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट ने लगातार 05 वर्षो तक संघर्ष कर अपनी पीठ पर लठ्ठों का वार सहन कर राजस्थान में मरी हुई कांग्रेस को जिंदा किया। लेकिन इसके बावजुद भी उन्हें किसान, मजदूर, बेरोजगार व नौजवानों के हितों के लिए सडक पर उतर कर संघर्ष करना पड़ा। पायलट साहब को नाकारा व निकम्मा कहने वालों को सबक सिखाने का समय आ गया है। यही नहीं गहलोत सरकार ने वसुंधरा राजे कार्यकाल के भ्रष्टाचार की जाँच तक नहीं करवाई। उन्होंने कहा कि 11 जून रविवार को अधिक से अधिक संख्या में लोकप्रिय किसान नेता स्व. राजेश पायलट की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने के लिए अधिक से अधिक संख्या में दौसा के भण्डाना पहुँचना है। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। वहीं सामाजिक सम्मेलन में भाग लेने के लिए आगन्तुकों व ग्रामीणों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई। कार्यक्रम में किशोरी लाल, रामेश्वर सरपंच, मदन, महिपाल, रामसिंह, विक्की, अशोक, विक्रम, डॉ. नरेश, सुणाराम, हँसराज, मुकेश, सुरेश समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

## एक नजर

### कुशीनगर में बड़ा सड़क हादसा, कंटेनर ने कार को मारी टक्कर, 3 लोगों की मौत



श्रवण कुमार

उत्तर प्रदेशः जनपद कुशीनगर के नगर पंचायत सुकरौली के जोल्हिनिया चौराहे के पास बोलेरो को टक्कर मारते हुए कंटेनर ने कार को मारी टक्कर, इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। तेज रफ्तार अनियंत्रित कण्टेनर (ट्रक) ने 3 को कुचला, हुई मौत। सड़क पर खड़ी कार व बोलेरो को मारी टक्कर। दोनों वाहनों को कैण्टेनर ने कुछ दूर तक घसीटा।

बीती देर रात हुए इस हादसे में सड़क पर खड़े 3 लोगों की हुई मौत। ढाबे पर भोजन करने के बाद बाहर सड़क पर खड़े लोगों को कैण्टेनर ने कुचला। दुर्घटना के शिकार लोग पश्चिमी चंपारण रामनगर बिहार के निवासी बताये जा रहे हैं। हाटा कोतवाली क्षेत्र के ठल28 स्थित जोल्हिनिया पेट्रोल के पास हुई दुर्घटना।

### गली में खेलते बच्चो में हुआ झगड़ा तो सुलझाने परिजन को दूसरे पक्ष ने मारा, जगतपुर चौकी में शिकायत दर्ज



विनोद कुमार कुंद्रा

लुधियाना सिविल लाइन में कुछ बच्चे गली में खेल रहे थे तभी बच्चों में झगड़ा हो गया और जब एक बच्चे के पिता हरिओम ने दूसरे बच्चे को समझाने का प्रयास किया तो आपके अन्य बच्चों के परिजन वहां पहुंचे तो झगड़ा बढ़ गया। जब हरिओम के भाई और भाभी वहां पहुंचे तो उनके साथ भी मारपीट की गई और उनके घर पर पथराव किया गया। जिसके बाद हरिओम पंडित ने जगतपुर चौकी में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस अधिकारी ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में किया। दोषियों के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### ऑनलाइन ई-पेपर वहला रहा सचिन पायलट की झूठी खबर



मानसिंह पंवार

सोशल मीडिया पर चल रहे हिंदी ई-पेपर ने पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के नाम से झूठी खबर प्रकाशित कर बड़ी गलती की है। कागज का नाम दिल्ली से प्रकाशित हरिभूमि कल 11 जून को दोसा में राजेश पायलट की पुण्यतिथि है। लेकिन हरि भूमि अखबार ने राजेश पायलट की जगह उनके बेटे सचिन पायलट का नाम छाप दिया है।

इसलिए जैसे ही मुझे पता चला मैंने हरी भूमि चैनल से बात की लेकिन वहां से किसी ने अपनी गलती सुधारने की जहमत नहीं उठाई और बहाने बनाता रहा। अंत में मैंने अपने जनप्रतिनिधि को गलत खबर देने के कारण अपने सभी फोन बंद कर दिए। मुझे बहुत बुरा लगा और कड़कड़डूमा कोर्ट के वकील से जानकारी लेने के बाद मैंने दिल्ली संगम विहार पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 482 के तहत ऑनलाइन प्राथमिकी दर्ज की है।

### अमेरिका के मैरीलैंड में ताबड़तोड़ फायरिंग, 3 लोगों की, 3 गंभीर रूप से घायल



एनसीआर समाचार

अमेरिका के मैरीलैंड में ताबड़तोड़ फायरिंग की गई, जिसमें 3 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक रिपोर्ट के मुताबिक, गोलीबारी की यह घटना मैरीलैंड एनोपोलिस में हुई थी। अमेरिकी मीडिया के मुताबिक, गोलीबारी की इस घटना में 3 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है, जबकि 3 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। स्थानीय अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, इस घटना में 3 लोगों की जान चली गई।

### पत्थर व्यापारियों द्वारा रेलवे रोड पर गंदे पानी पर रोक लगाने की मांग



सतीश

वरिष्ठ नागरिक संगठन नारनौल की मासिक बैठक किला रोड स्थित मिश्री देवी आश्रम में संस्था प्रधान दुलीचंद शर्मा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में परंपरा के अनुसार सर्वप्रथम जिन सदस्यों का जन्मदिन इस माह में पड़ता है। उन्हें स्मृति चिन्ह पहनाकर सम्मानित किया गयाऔर उनके दीघार्यु होने की कामना की गई। इसी कड़ी में डॉ. बालकिशन कैलाश चंद निर्मल हरि सिंह व देवकरण चौहान को सम्मानित किया गया। बैठक को सुचारू रूप से संचालित करते हुए संस्था के महासचिव मुखराम सैनी ने वित्तीय वर्ष 2022-23 का लेखापरीक्षित बैलेंस शीट आम सभा के समक्ष प्रस्तुत किया। पेश किया।

# अजमेर पुलिस की दूसरी बडी सफलता 25,000/-रुपए का ईनामी वांछित आरोपी सुरेश विश्नोई दस्तयाब

**समीर खान**


थाना कोटडी क्षेत्र में 10.04.2021 को रात्री 10.30 रात को इत्तला मिली की नन्दराय की तरफ से आ रही दो पिकअप व दो स्कॉर्पियो बहुत खतरनाक तरीके से वाहन चलाती हुई आ रही हैं तथा इन गाडियों में मादक पदार्थ भी हो सकता है। इस सूचना पर समय करीब 10.35 पीएम पर थाना कोटडी से पुलिस स्टाफ रवाना होकर चारभुजा मंदिर के पीछे तिराहे पर नाकाबंदी करने हेतु पहुंचे तभी सामने से एक काली स्कॉर्पियो तथा उसके पीछे एक पिकअप निकली तथा इनके पीछे दूसरी काली स्कॉर्पियो व दूसरी पिकअप आती हुई दिखाई दी।

मौके पर मौजूद पुलिस जाप्ते ने आगे व पीछे से इन गाडियों को घेर लिया तथा मौजूद पुलिस जाप्ता गाड़ी में बैठे मुल्जिमानों को पकड़ने का प्रयास करने लगा, इन गाडियों में से अज्ञात बदमाशान ने मौजूद पुलिस जाप्ते पर फायरिंग कर दी, जिसमें ऊंकार रायका कानि0 2222 के सीने में गोली लगने से दौराने ईलाज एमजीएच हॉस्पीटल भीलवाडा में मृत्यु हो गयी। घटना की गंभीरता को देखते हुए एस. सेंगाथिर महानिरीक्षक पुलिस अजमेर रेन्ज तथा विकास शर्मा तत्कालीन पुलिस अधीक्षक, जिला भीलवाडा तुरन्त मौके पर पहुंचे. तथा हालात का जायजा लिया व जिला भीलवाडा व आसपास के जिलें अजमेर, टॉक व राजसमन्द के सीमावर्ती थानों में हथियारबंद नाकाबन्दी करवायी गयी।

करीब 02.00 एएम पर पुलिस थाना रायला के जाप्ते ने दौराने चकिंग एक पिकअप व एक स्कॉर्पियों गाड़ी पीछा करना शुरू किया, समय 2.20 एएम पर लिरड़िया खेडा थाना रायला के पास बदमाशों द्वारा घात लगाकर पुलिस थाना रायला के स्टॉफ पर फायरिंग की जिस पर मौजूद पुलिस जाप्ते द्वारा भी जवाबी फायरिंग की गई तथा इस घटना कम के दौरान रायला थाने के पवन कुमार कानि, 480 को गोली लगी, जिसका दौराने ईलाज मृत्यु हो गई। पुलिस जाप्ते के फायरिंग करने से बदमाशा डोडा पोस्त से भरी एक पिकअप लिरडियाखेडी में छोड़ एक काली स्कॉर्पियों में फरार हो गये।

उक्त काली स्कॉर्पियों को अजमेर, राजसमन्द, पाली व जोधपुर व अन्य जिलों में नाकाबन्दी करवाई गई. दौराने तलाश एक काली स्कॉर्पियो डुगा का खेड़ा थाना भीम जिला राजसमन्द से जब्त की गई। इस पूरे घटनाक्रम पर थाना कोटडी, जिला भीलवाडा पर प्र०स० 72/21 धारा 143, 332, 336,353, 302, 307, 427 भादस एवं 3/25 आर्म्स एक्ट, थाना रायला पर प्र०स०, 55 / 2021 धारा 332, 353, 302, 307, 427, 34 भादस व 3/25 आर्म्स एक्ट एवं 8/15. एनडीपीएस एक्ट में पंजिबद्ध किया गया तथा थाना भीम जिला राजसमंद में प्र०स० 194 / 2021 धारा 8/15 एनडीपीएस में दर्ज कर सभी प्रकरणों का अनुसंधान चंचल मिश्रा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा मय टीम जिला भीलवाडा के जिम्मे किया गया। अनुसंधान के दौरान 02 वाहन एवं हथियार (02 पिस्टल, 95 कारतुस 01 राईफल) जब्त की गई।

घटना की गंभीरता को देखते हुए एम.एल. लाठर तत्कालीन महानिदेशक पुलिस, राजस्थान जयपुर अशोक राठौड अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस, एटीएस एवं एसओजी एस संगथिर महानिरीक्षक पुलिस अजमेर रेन्ज की उपस्थिति में घटना स्थल का निरीक्षण किया गया. शहीद हुए जवानों के परिजनों को उनके घर जाकर सांतवना दी गई। लता मनोज कुमार महानिरीक्षक पुलिस अजमेर रेन्ज अजमेर, मन पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट, वैभव शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, सुशील विश्नोई अतिरिक्तअधीक्षक शहर अजमेर एंव मनीष बडगुर्जर वृताधिकारी वृत ग्रामीण अजमेर ग्रामीण के रविजन में टीम का गठन किया गया।



### प्रकरण में अब तक अभियुक्तों की गिरफतारी

01. सुनिल डूडी पुत्र ओपाराम विश्नोई निवासी मतवालों की ढाणी थाना बिलाडा जोधपुर को जोधुपर फलौदी तहसील के खारा गांव से दिनांक 19.04.2021 को दस्तयाब कर गिरफतार किया।

02. रामदेव जाट पुत्र सुखाराम जाजडा निवासी कागटो का बास थाना डांगियावास जोधपुर को हैदराबाद से दिनांक 20.4.2021 को दस्तयाब कर गिरफतार किया गया।

03. नैतराम विश्नोई पुत्र पोकरराम निवासी नान्दिया प्रभावती थाना भोपालगढ जिला जोधपुर से हरदा मध्यप्रदेश से दिनांक 23.4.2021 को गिरफतारी किया गया।

04. रामनिवासी जाट पुत्र मंगलराम जाट निवासी अरटिया कला थाना भोपालगढ जिला जोधपुर। 05. पारस जाट पुत्र ओमाराम निवासी डोलियावास डांगियावास पुलिस थाना डांगियावास पुलिस थाना भोपालगढ जोधुपर ।

06. रामदीन उर्फ विकास उर्फ विक्की जाट पुत्र धमार्राम निवासी सियागो की ढाणी बुड़किया पुलिस थाना भोपालगढ जोधुपर ।

07. सुनिल राम विश्नोई पुत्र भींयाराम विश्नोई निवासी नांदडाकंला थाना बनाड जोधुपर शहर । 08. महेश कुमार जाट पुत्र ख्यालीराम निवासी भारणी थाना रींगस जिला सीकर।

09. दिनेश विश्नोई पुत्र गणपतराम विश्नोई निवासी खारा थाना फलौदी जोधुपर । 10. यशवन्त उर्फ बंटी भायल पुत्र पदम सिह थाना सिवाणा जिला बाडमेर हाल भगत की कोठी शास्त्रीनगर जोधुपर को गुजरात से दस्तयाब कर दिनांक 12.5.2021 को गिरफतार किया गया।

11. पुष्पेन्द्र गौड पुत्र हेमसिंह गोड निवासी भगत की कोठी थाना शास्त्रीनगर जिला जोधपुर ।

12. रमेश विश्नोई द्वारा जिला चितौडगढ न्यायालय मे आत्म समर्पण किया गया जिसे दिनांक 6.8.2021 को भीलवाडा पुलिस द्वारा गिरफतार किया गया। 13. प्रकाश विश्नोई पुत्र घेवरराम कांदा निवासी भगतासनी पुलिस थाना लूनी जिला जोधुपर । 14. पाबूराम गोरसिया पुत्र हनुमान राम जाट निवासी भाडवी थाना बागोडा जिला जालौर को ग्राम भाटीप थाना करडा से दिनांक 7.8.21 को गिरफतार किया गया।

15. राजेश उर्फ राजू फौजी पुत्र करणाराम जाति विश्नोई निवासी डोली पुलिस थाना कल्याणपुरा जिला बाडमेर। 16. विक्रम सारण उर्फ विक्की पुत्र खरताराम जाति जाट उम्र 27 साल निवासी गांव पाल।

## एक नजर

### कोटड़ा दीप सिंह के मुख्य चौक पर स्वच्छ भारत मिशन योजना की उड़ रही धज्जियाँ



**शिव प्रकाश नागर**

ग्राम पंचायत कोटड़ा दीप सिंह में मुख्य चौराहे पर बना शौचालय कम से कम 2 साल से पूरी तरह क्षतिग्रस्त पड़ा है और न ही ग्राम पंचायत प्रशासन इस ओर कोई ध्यान दे रहा है। स्वच्छ भारत कार्यक्रम को लेकर प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। ग्राम पंचायत प्रशासन लाखों रुपए खर्च कर लोगों को जागरूक तो कर रहा है, लेकिन खुद इस पर उदासीन है। इससे कस्बे का एकमात्र सार्वजनिक शौचालय अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है। बाहर से आने वाले लोग इसी गंदगी में पेशाब करने को मजबूर हैं। रखरखाव व नियमित सफाई के अभाव में यह गंदगी से अटा पड़ा है। हर समय आने वाली दुर्गंध के कारण लोग इसका इस्तेमाल नहीं करते हैं।

इस पर आए दिन लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। गांव में शौचालय, चौहराया बाजार के पास बस स्टैंड है। यहां सार्वजनिक शौचालय की दरकार है, लेकिन ग्राम पंचायत की उदासीनता के कारण लोगों को सुविधा नहीं मिल पा रही है।

### गुरु पूर्णिमा महोत्सव 3 जुलाई को मनाया जाएगा, बैठक 11 जून को होगी



**अजय सिंह तोमर**

पोरसा, मानव जीवन में गुरु की महत्ता बेहद आवश्यक रूप से होती है। गुरु ही आगे बढ़ने की रास्ता दिखाता है। जिसके गुरु नहीं होता उसको ज्ञान प्राप्त करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। गुरु पूर्णिमा प्रतिवर्ष आषाढ़ माह की पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। इस बार यह गुरु पूर्णिमा 3 जुलाई को मनाई जाएगी। इसे मनाने की योजना बनाने के लिए गिर्राज भक्त मंडल के द्वारा भगवान गिरिराज महाराज के मंदिर पर रविवार दिनांक 11 जून 2023 को शाम को 5:30 बजे बैठक आयोजित की गई है।

जिसमें भक्त मंडल के सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित होकर गुरु पूर्णिमा मनाने की योजना तैयार करेंगे। गुरु पूर्णिमा के दिन क्षेत्र के लगभग एक लाख से अधिक भक्त अपने आराध्य एवं अपने गुरुओं के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। उन सभी को भोजन प्रसादी ग्रहण कराने के लिए यह बैठक आयोजित की जा रही है जिसमें गिरिराज जी मंदिर पर बड़ा भंडारा आयोजित किया जाएगा। उक्त जानकारी गिर्राज जी महाराज मंदिर के महंत राम किशोर दास शास्त्री एवं व्यवस्थापक राधा कृष्ण गुप्ता ने हमारे प्रतिनिधि को संयुक्त रूप से प्रदान की।


### महासमुंद जिला के ग्राम पंचायत गुरुरू डीह में नि:शुल्क दिया जा रहा कबड्डी प्रशिक्षण



**Dakatar Kumar Sen**

महासमुंद जिला के ग्राम पंचायत गुरुरू डीह में निःशुल्क कबड्डी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण जनपद सदस्य रमाकांत व उनकी टीम के द्वारा प्रति वर्ष दिया जाता है। इस वर्ष अधिक बच्चों को कबड्डी खेलने का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। निशुल्क कबड्डी प्रशिक्षण ग्राम पंचायत गुरुरू डीह शानदार सातवां दिन लगभग 100 प्रशिक्षणार्थी मैदान में है। प्रभारी के रूप में रमाकांत अधिक से अधिक खिलाड़ीयों को खेलने का मौका मिल सके और खेलने का तरीका जान सके सभी खिलाड़ी बंधुत्व की भावना लेते हुए आपसी भाईचारे के साथ एक ही मैदान में खेल रहे हैं। इस प्रकार रमाकांत प्रतिवर्ष निशुल्क कबड्डी प्रशिक्षण लगाते हैं। रमाकांत साथ-साथ उनकी टीम जिन्होंने इस प्रकार के प्रशिक्षण देने के लिए सामने आए हैं।

### शराबी पति ने की पत्नी की बेरहमी से हत्या, नुकीले हथियार से किया गले पर वार



**एनसीआर समाचार**

उत्तर प्रदेश के बांदा में एक शराबी पति ने अपनी पत्नी की बेरहमी से हत्या कर दी। घटना शुक्रवार की देर रात की बताई जा रही है, जब पति पत्नी के बीच में कलर हो गया और इसी के बीच यह हादसा हुआ पति ने सुबह नुकीली हथियार से पत्नी की गर्दन पर हमला कर दिया। बच्चों के सामने ही महिला ने जमीन पर तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया। आरोपी पति घटना के बाद ही फरार हो गया था। सूचना मिलने पर एसपी के साथ पुलिस बल मौके पर पहुंची और तलाशी अभियान शुरू करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। बता दें कि, यह मामला अतर्रा थाना के बलवान गांव का है। घटना को लेकर मृतिका के बेटी ने बताया कि, रात में पापा मम्मी के बीच में लड़ाई हो गई थी। उन्होंने सुबह घर के पास बने देवी स्थान में रखे सांग से मम्मी की गर्दन पर वार कर दिया। हमने बचाने की कोशिश की तो, हमें भी मारने लगे।

# हिमाचल प्रदेश मुख्यमंत्री ने की केंद्रीय ऊर्जा मंत्री के समक्ष शानन परियोजना हिमाचल को सौंपने की पैरवी

**युधिष्ठिर राणा**



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज यहां कहा कि उन्होंने प्रदेश के दो दिवसीय प्रवास पर आए केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आर.के. सिंह के समक्ष ऊर्जा क्षेत्र से सम्बंधित विभिन्न मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। केंद्रीय मंत्री ने इन सभी मुद्दों को समयबद्ध हल करने के प्रति आश्वस्त किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री से शानन जल विद्युत परियोजना को हिमाचल प्रदेश को हस्तातंरित करने के लिए समयबद्ध प्रक्रिया पूर्ण करने का आग्रह किया। उन्होंने केंद्रीय मंत्री को शानन परियोजना के स्वामित्व से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया। केंद्रीय मंत्री को यह भी अवगत करवाया गया कि शानन परियोजना के स्वामित्व का अधिकार पंजाब सरकार के पास नहीं है क्योंकि यह परियोजना केवल पट्टे पर पंजाब को दी गई थी और पट्टे की यह अवधि मार्च, 2024 में पूरी हो रही है।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के हितों के दृष्टिगत उन्होंने केंद्र सरकार से प्रदेश में 25 मेगावॉट क्षमता से कम की पन विद्युत परियोजनाओं को सुविधा प्रदान करने के दृष्टिगत इनके ढांचागत विकास के लिए एक योजना बनाने का भी आग्रह किया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री ने परियोजना निमार्ताओं के हितों के दृष्टिगत इस बारे में शीघ्र ही एक योजना आरम्भ करने का आश्वासन दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय मंत्री के साथ निःशुल्क विद्युत बिक्री से सम्बंधित विभिन्न मामलों पर भी चर्चा की गई जिस पर उन्होंने सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने सौर विद्युत के अनुरूप हिमाचल प्रदेश को हरित हाईड्रोजन के उत्पादन के लिए प्रोत्साहन प्रदान करने का आग्रह किया ताकि हरित हाईड्रोजन उत्पादन क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा बढ़ाई जा सके।

उन्होंने केंद्रीय मंत्री को बताया कि प्रदेश सरकार राज्य में इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सुविधाएं प्रदान कर रही है। वर्ष 2023-24 के लिए प्रदेश में 500 मैगावॉट सौर ऊर्जा उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

इसके अतिरिक्त उन्होंने पराला में आधुनिक फल प्रसंस्करण संयंत्र तथा प्रदेश में विभिन्न सब्जी मण्डियों के निर्माण कार्यों की जानकारी भी ली।

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड के प्रबंध निदेशक नरेश ठाकुर, हिमाचल प्रदेश बागवानी उत्पाद विपणन एवं प्रसंस्करण निगम के महाप्रबंधक हितेश आजाद तथा जल शक्ति विभाग, लोक निर्माण विभाग, हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड और हिमऊर्जा के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# बिना बुलाए किसी के घर नहीं जाना चाहिए चाहे वह पिता का ही घर क्यों ना हो- धमार्चार्य पंडित रामदुलारे शास्त्री

**अजय सिंह तोमर**



पोरसा, बिना बुलाए किसी के घर नहीं जाना चाहिए वरना अपमान का सामना करना पड़ेगा चाहे वह पिता का ही घर क्यों ना हो स्वाभिमान जागेगा तो प्राण तियगने पड़ेंगे। भगवान बड़े दयालु होते हैं जो लोग भक्ति करते हैं उनका भगवान ध्यान रखते हैं ध्रुव ने भक्ति की तो भगवान की गोदी प्राप्त कर ली थी। धमार्चार्य पंडित रामदुलारे शास्त्री ग्राम चितावली में हनुमंत सिंह भदोरिया के द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा में आज धमार्चार्य पंडित रामदुलारे शास्त्री ने दूसरे दिन की कथा में दक्ष प्रजापति के द्वारा भगवान शंकर का अपमान एवं ध्रुव चरित्र की कथा विस्तार से समझाया माता सती के पिता दक्ष प्रजापति के यहां यज्ञ का आयोजन किया गया।

जिसमें भगवान शंकर जी का आमंत्रण नहीं किया गया जब सती माता को मालूम हुआ तो वह बिना बुलाए अपने पिता की यज्ञ में पहुंची। जहां उन्हें अपमान का सामना करना पड़ा वह अपमान सहन नहीं कर पाई और यज्ञ शाला की हवन कुंड में कूद कर अपने प्राण त्याग दिए। जब भगवान शंकर को ज्ञात हुआ तो शंकर के गणों ने दक्ष प्रजापति की यज्ञ का विध्वंस कर दिया। उसके बाद भगवान शंकर सती माता के शरीर को तांणब करते हुए लेकर चल दिए सती माता के अंग कई जगह गिरे जहां जहां पर माता के अंग गिरे वहां वहा माता की शक्ति पीठ बनी हुई है।

ध्रुव ने अपने पिता उत्तानपाद की गोदी में बैठने की इच्छा जाहिर की तब ध्रुव की दूसरी माता सुरुचि ने उन्हें नहीं बैठने दिया तब रो-रोकर धृव अपनी माता सुनीति जी के पास पहुंचे। तब सुनिति ने ध्रुव को सांत्वना दी कहा कि तुम तपस्या करो और भगवान की गोदी प्राप्त कर लेना भगवान से बड़ी किसी की गोदी नहीं होती।

# मुख्यमंत्री ने लम्बित परियोजनाओं को शीघ्र स्वीकृतियां प्रदान करने का दिया आश्वासन

**युधिष्ठिर राणा**




मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज यहां राज्य स्तरीय गोष्ठी (फोरम) के दूसरे चरण के दौरान प्रदेश में 7828 करोड़ रुपए की 26 लम्बित परियोजनाओं की कार्यान्वयन प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए पर्यटन, जल विद्युत तथा औद्योगिक क्षेत्रों के हितधारकों के साथ चर्चा की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रत्येक परियोजना का स्वयं जायजा लिया तथा इनके विलम्ब के कारणों की जानकारी प्राप्त की।

गत बुधवार को मुख्यमंत्री ने इस गोष्ठी के प्रथम चरण में 8468 करोड़ रुपए की 29 लम्बित परियोनाओं के लिए निवेशकों से चर्चा की थी। प्रदेश में अटकी पड़ी 16297 करोड़ रुपए की कुल 55 परियोजनाओं से 20 हजार से अधिक लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

उद्योग स्थापित करने में विलम्ब पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने निवेशकों को आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए हरसम्भव प्रयास कर रही है तथा परियोजनाओं की स्थापना में आने वाली अड़चनों को दूर करने पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निवेशकों को सरकारी कार्यालयों के अनावश्यक चक्कर काटने से बचाने के लिए सरकार निवेश नीति में संशोधन कर रही है। उन्होंने निवेशकों को बेझिझक अपनी समस्याएं प्रदेश सरकार के साथ साझा करने का आग्रह किया तथा इनके समाधान का आश्वासन भी दिया। उन्होंने कहा कि सरकार निवेश को नई दिशा देने पर विशेष बल दे रही है जिसमें जल विद्युत, पर्यटन तथा सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र भी शामिल हैं।

मुख्यम्रंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार पर्यटन विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता प्रदान कर रही है तथा कांगड़ा जिला प्रदेश की पर्यटन राजधानी बनेगी। उन्होंने कहा कि सरकार स्वयं पर्यटन क्षेत्र में महत्वपूर्ण निवेश करेगी। कांगड़ा हवाई अड्डे का विस्तार तथा सभी जिला मुख्यालयों में हेलीपोर्ट का निर्माण चरणबद्ध ढंग से किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त सरकार प्रदेश में चिकित्सा उपचार के इच्छुक आगंतुकों को आकर्षित करने के लिए स्वास्थ्य पर्यटन को बढ़ावा दे रही है।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य से बाहर सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में कार्य कर रहे प्रदेश के युवाओं के लिए राज्य में ही रोजगार व स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाने तथा राज्य में सूचना प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। जिला कांगड़ा के पालमपुर में सूचना प्रौद्योगिकी पार्क स्थापित करने के लिए भूमि चिन्हित की गई है।

प्रदेश की आर्थिकी में जल विद्युत क्षेत्र के महत्वपूर्ण योगदान को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने राज्य की आर्थिकी को सुदृढ़ करने के लिए जल उपकर अधिनियम पारित किया है। इसके अतिरिक्त प्रदेश में ऊर्जा परियोजनाओं के निमार्ताओं की सुविधा के लिए खुली जल विद्युत नीति लाने पर कार्य किया जा रहा है। सरकार जल विद्युत परियोजनाओं को आर्थिक रूप से सफल बनाने तथा उनके निर्माण में आने वाली अड़चनों को दूर करने के लिए हरसम्भव सहयोग प्रदान करेगी।

इसके उपरांत ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने प्रदेश में निवेश करने के इच्छुक उद्यमियों के साथ पारस्परिक चर्चा की तथा उनकी परियोजना को शीघ्र स्थापित करने के लिए उनके विचार सुने।

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने इस अवसर पर कहा कि राज्य सरकार हिमाचल प्रदेश में निवेश आकर्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। निवेश से न केवल युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित होंगे बल्कि प्रदेश को राजस्व भी प्राप्त होगा। उन्होंने संभावित उद्यमियों की बैठकें आयोजित करने के लिए मुख्यमंत्री के प्रयासों की सराहना की और आशा व्यक्त की कि यह अनूठा कदम परियोजनाओं को धरातल पर उतारने में मील का पत्थर साबित होगा।

प्रधान सचिव पर्यटन देवेश कुमार ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और प्रदेश में राजस्व वृद्धि के लिए पर्यटन क्षेत्र की संभावनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

बैठक में हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष रघुबीर सिंह बाली, मुख्य संसदीय सचिव राम कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार राम सुभग सिंह, मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना, निदेशक उद्योग यूनुस, निदेशक सूचना एवं जनसंपर्क किरण बड़ाना, राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी और सम्भावित निवेशक भी शामिल हुए।

## एक नजर

### गोपाल जैन ने रक्त डोनेट कर बचाई जरूरतमंद की जान



**सतीश**

गोपाल जैन द्वारा आज दिनांक 10-06-2023 को एमरजेंसी में अइ पॉजिटिव रक्त डोनेट कर बचाई जरूरतमंद की जान। इस अवसर पर टाइगर कल्ब परिवार के मुख्य संरक्षक राकेश यादव ने बताया कि उनके पास ब्लड बैंक से अनिल का मैसेज आया कि एमरजेंसी में किसी पैसेंट को तुरंत अइ पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता है अइ पॉजिटिव के लिए डोनर की व्यवस्था नही हो पा रही है। टाइगर कल्ब मुख्य संरक्षक राकेश यादव ने सुरेंद्र जैन को फोन किया।

सुरेंद्र जैन बिना देरी किए तुरंत अपने छोटे भाई गोपाल जैन को लेकर ब्लड बैंक सिविल अस्पताल नारनौल पहुँचे व अइ पॉजिटिव रक्त डॉनेट कर जरूरतमंद की जान बचाने का कार्य किया। संयुक्त अहीर रेजिमेंट मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं टाईगर क्लब मुख्य संरक्षक राकेश यादव ने गोपाल जैन को बैच लगा सम्मानित किया। जरूरतमंद परिवार ने सुरेंद्र जैन और डोनर गोपाल जैन के साथ- साथ नेक कार्य के लिए पूरी टाईगर टीम का आभार जताया। इस अवसर पर टाईगर क्लब मुख्य संरक्षक राकेश यादव,प्रवीन यादव, सुरेंद्र जैन, गोपाल जैन मौजूद थे।

### मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने गिनाई अपनी उपलब्धियां, राज्य में खोले 300 कॉलेज

**एनसीआर समाचार**



राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जनता को अपनी सरकार की उपलब्धियां लगातार गिना रहे हैं, वहीं विपक्षी दल कांग्रेस सरकार की नाकामियां गिना रही है। बता दें कि, मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बीते रविवार को कहा कि, राजस्थान में कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में विकास का इतिहास बन गया है। राजस्थान के मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि, 70 साल में सिर्फ ढाई सौ कॉलेज खोले गए, लेकिन मैंने पिछले 5 साल में 300 कॉलेज खोले हैं।

अशोक गहलोत की सरकार ने लड़कियों का विशेष ध्यान रखा है। 130 कॉलेज लड़कियों के लिए बनाए गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि, मैंने घोषणा की हुई है कि, जहां 500 लड़कियां पढेंगी, वहां कॉलेज बना दिया जाएगा। आज हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोले जा रहे हैं। हम फ्री में स्मार्टफोन देंगे, आपको 3 साल तक फ्री इंटरनेट भी मिलेगा।

### गाजियाबाद के एक टेंट की दुकान में लगी आग में 2 महिलाओं की मौत




**एनसीआर समाचार**

गाजियाबाद के लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में एक घर में आग लग गई। बता दें कि, उस घर के नीचे टेंट की दुकान थी, जिसमें सोमवार की सुबह करीब 6:30 बजे आग लग गई। दुकान में आग लगते ही घर में रहने वाले 10 लोगों उस आग में फंस गए, जिन्हें बचाने के लिए दीवार तोड़कर पीछे के रास्ते से निकाला गया। दूसरी ओर दुकान में आग लगने की सूचना मिलते ही, ट्रॉनिका सिटी से दो और साहिबाबाद से एक दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और कुछ देर बाद आग पर काबू पा लिया गया।

अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, आग में दो महिलाएं झुलस गई जिन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। अभी तक आग लगने के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है, लेकिन अंदाजा यही लगाया जा रहा है कि, शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी थी।

### IAS कृतिका शुक्ला पहुंची अपने पैतृक निवास बड़ूपुर खेमिपुर कुंडा प्रतापगढ़




**शाश्वत शुक्ल**

IAS कृतिका शुक्ला को बधाई देने पहुंचे गांव के सभी ग्रामीण। कृतिका शुक्ला ने कहा कि, उनके कामयाबी के पीछे उनके पिता का श्रेय है। कृतिका शुक्ला अपने चाचा घौलर शुक्ला के घर पहुंची और बधाई देकर मुंह मीठा कराकर आशीर्वाद भी लिया। पूरे गांव में खुशी का माहोल है।

# मुख्यमंत्री ने प्रदेश हितों के लिए केंद्रीय ऊर्जा मंत्री से मांगा सहयोग

**युधिष्ठिर राणा**



मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आर.के. सिंह के हाल ही में किन्नौर जिला के दौरे के दौरान प्रदेश हित में ऊर्जा क्षेत्र से सम्बधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की और उनसे सहयोग करने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री के ध्यानार्थ प्रस्तुत किया कि केन्द्रीय संयुक्त उपक्रम सतलुज जल विद्युत निगम लिमिटेड (एस.जे.वी.एन.एल.) व भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बी.बी.एम.बी.) के अधीन बनाई गई कई परियोजनाएं ऋण मुक्त हो चुकी हैं, जिनमें नाथपा झाकड़ी, रामपुर, भाखड़ा बांध, ब्यास सतलुज लिंक व पौंग बांध परियोजनाएं शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री के संज्ञान में लाया कि वर्तमान में एस.जे.वी.एन.एल. द्वारा संचालित नाथपा झाकड़ी परियोजना (1500 मैगावाट) व रामपुर परियोजना (412 मेगावाट) से प्रदेश को केवल 12 प्रतिशत की दर पर मुफ्त बिजली प्राप्त हो रही है जबकि एस.जे.वी.एन.एल. को इन ऋण मुक्त हो चुकी परियोजनाओं से लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं में अनुबन्ध अवधि सीमा भी निर्धारित नहीं की गई है। यह प्रदेश हित में होगा कि इन परियोजनाओं में अन्य परियोजनाओं की भान्ति 40 वर्ष की समय अवधि निर्धारित करने के साथ-साथ मुफ्त बिजली की दरों में बढ़ोतरी की जाए।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री के समक्ष एस.जे.वी.एन.एल. द्वारा कार्यन्वयन अनुबंध हस्ताक्षरित किए बिना ही लुहरी चरण-1 (210 मैगावाट), धौलासिद्ध (66 मैगावाट) व सुन्नी बांध (382 मैगावाट) का निर्माण कार्य शुरू करने का मामला भी उठाया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा बार-बार अनुरोध करने के बाद भी एस.जे.वी.एन.एल. द्वारा अनुबंध हस्ताक्षरित नहीं किया जा रहा है तथा ऊर्जा नीति में वर्णित प्रावधानों को मानने में भी आनाकानी की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने यह भी अवगत करवाया कि प्रदेश सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लिया है।

इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि बी.बी.एम.बी. द्वारा संचालित भाखड़ा बांध परियोजना (1478 मैगावाट), ब्यास सतलुज लिंक (990 मैगावाट) व पौंग बांध परियोजना (396 मैगावाट) में किसी प्रकार की मुफ्त बिजली की रॉयल्टी नहीं दी जा रही है। इसके कारण प्रदेश सरकार को प्राप्त होने वाले राजस्व से वंचित होना पड़ रहा है। हालांकि केन्द्रीय व राज्य सरकार द्वारा पारित ऊर्जा नीतियों में सभी परियोजनाओं से प्रदेश सरकार को मुफ्त बिजली रॉयल्टी के रूप में देने का प्रावधान किया गया है। जबकि बी.बी.एम.बी. द्वारा इन परियोजनाओं से प्रदेश सरकार को हिस्सेदारी के रूप में केवल मात्र 7.19 प्रतिशत बिजली निर्धारित दरों पर प्रदान की जा रही है, जो पर्याप्त नहीं है।

इन परियोजनाओं में उपयोग की गई भूमि व जल सम्पदा का सम्पूर्ण स्वामित्व हिमाचल प्रदेश का है और इसके लिए कई परिवारों को विस्थापित होना पड़ा। अतः इन परियोजनाओं में भी अन्य परियोजनाओं की भान्ति मुफ्त बिजली रॉयल्टी के रूप में दी जानी न्यायसंगत होगा।

केन्द्रीय ऊर्जा मंत्री आर.के. सिंह ने मुख्यमंत्री द्वारा उठाए गए मुद्दों पर गंभीरतापूर्ण विचार कर उचित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया।

## हिमाचल प्रदेश के पांच कस्बों में होगी बेहतर सीवरेज सुविधाः मुख्यमंत्री सुक्खू

**युधिष्ठिर राणा**



स्वच्छता के लिए सीवरेज प्रणाली बेहद महत्वपूर्ण है। पेयजल सुविधा को सदैव प्राथमिकता दी जाती है लेकिन विकास में सीवरेज प्रणाली की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। दूषित पानी को पुनः उपयोग में लाने के लिए उसका ठीक से एकत्रण तथा उपचार आवश्यक है। ऐसा न करने की स्थिति में गंभीर जल प्रदूषण की समस्या की संभावना होती है।


जल एक महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन है और इसका कुशलता से उपयोग किया जाना चाहिए। वर्तमान राज्य सरकार ने राज्य के पांच कस्बों में पेयजल और स्वच्छता सेवाओं में सुधार करने का निर्णय लिया है, जिनमें मनाली, बिलासपुर, पालमपुर, नाहन और करसोग शामिल हैं। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि हाल ही में उपरोक्त कस्बों में बेहतर सीवरेज सुविधाओं को विकसित करने तथा मनाली और पालमपुर में पेयजल आपूर्ति में सुधार के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा फ्रांसीसी विकास एजेंसी, एजेंसे फ्रैंकेइस डी डेवलपमेंट (एएफडी) के साथ 817.12 करोड़ रुपये की परियोजना के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

उन्होंने कहा कि एएफडी द्वारा 612 करोड़ रुपये प्रदान किए जाएंगे जबकि राज्य सरकार 204.85 करोड़ रुपये प्रदान करेगी। परियोजना के तहत लाभार्थियों को इन पांच कस्बों में सीवरेज के कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे और सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को अत्याधुनिक तकनीकों के साथ डिजाइन किया जाएगा, जिससे कृषि और औद्योगिक उद्देश्यों के लिए अपशिष्ट का पुनः उपयोग किया जा सके। परियोजना का उद्देश्य जल स्त्रोतों की पर्यावरणीय स्थिति में सुधार करना, जल जनित रोगों को कम करना, स्थानीय नियमों और अंतर्राष्ट्रीय सर्वोत्तम प्रथाओं के अनुसार गुणवत्तापूर्ण स्वच्छता सुविधाओं का प्रबंधन करना और पेयजल व स्वच्छता क्षेत्र में वित्तीय स्थिरता लाना है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रथम चरण में 425.85 करोड़ रुपये में से एएफडी द्वारा 340 करोड़ रुपये का वित्तपोषण किया जाएगा। दूसरे चरण में 371 करोड़ रुपये की कुल परियोजना लागत में से एएफडी 272 करोड़ रुपये प्रदान करेगी। परियोजना तीन वर्ष के भीतर लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस परियोजना का दूसरा चरण पहले चरण के शुरू होने के 18 महीने बाद आरम्भ होगा।

यह परियोजना राज्य के इन कस्बों के लोगों को सर्वोत्तम स्वच्छता सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### डलिया के रहने वाले किसान रामचरण को खुद के जमींन पर नहीं घर बनाने से रोक रहा सरपंच



**बृजमोहन सूर्यवंशी**

राजगढ़ जिले की नरसिंहगढ़ तहसील के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मानपिछोड़ी के ग्राम बडलिया के रहने वाले किसान रामचरण पिता हजारीलाल राठौर ने बताया कि मैं मेरी स्वयं की भूमि, सर्वे क्रमांक, 78/1/2, कुल, 0.2530, मै पर एक छोटा सा मकान का टुकड़ा बनाना चाहता हूं। किंतु मुझे गांव के ही दबंग सरपंच रामचरण के द्वारा नहीं बनाने दिया जाता है। जिसको लेकर मैं काफी परेशान हूं। इसी को लेकर, मैंने राजगढ़ जिला कार्यालय,कलेक्टर की जनसुनवाई में दिनांक, 09/05/2023 को आवेदन दिया।

किंतु मेरी अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई, मेरे को मकान निर्माण मैं बाधा उत्पन्न करने हेतु आवेदन दिया था गांव के सरपंच रामनारायण के द्वारा मुझे नहीं बनाने दिया जा रहा हूं तथा मुझे आकर बार-बार धमकियां देते हैं कि यहां मकान तू नहीं बनाएगा यहां भूमि सरकारी है ऐसा सरपंच के द्वारा कहा जाता है और मेरा काम ही रोक रखा। मुझसे 10000 भी ले लिए गए और आप मुझसे ?40000 और मांगता है ऐसा उन्होंने कहा इसी को लेकर जिला प्रशासन से तथा मुख्यमंत्री से लगाई मदद की गुहार।

### जनहित ट्रस्ट देगी महिलाओ को स्वरोजगार- गुरदेव दड़बी



**रमेश कुमार/सिरसा।** समाजसेवी संस्था जनहित ट्रस्ट की एक बैठक रॉयल हवेली रेस्टोरेंट सिरसा में सचिव सतनाम लालका की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमे संस्था के चेयरमैन रमेश शाक्य ने संस्था की कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक केसे पहुंचाया जाए और रोजगार केसे मुहिया करवाया जाए। इस पर विस्तार से चर्चा की। संस्था की टीम ने महिलाओ को रोजगार देने के लिए भी रणनीति बनाई।

जिसमे महिलाओ और लड़कियों को उनके क्षेत्र में ही स्वरोजगार दिया जाएगा ताकि महिलाए और लड़किया आत्मनिर्भर बन सके। वाइस चेयरमैन गुरदेव दड़बी ने बताया की बहुत जल्द सिरसा क्षेत्र में संस्था योजनाओं के लाभ के साथ साथ रोजगार भी उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है।

## आईएएस बनने का सपना है मम्मी पापा का कहना था कि गरीबों की मदद कर उनको न्याय दिलाना है- अजय गुप्ता

**अजय सिंह**



पोरसा, लगन लगी हो तो भाग्य और समय दोनों ही साथ देते हैं इसका जीता जागता उदाहरण अजय गुप्ता पुत्र पूर्व शिक्षक चंद्र प्रकाश गुप्ता पोरसा है। इन्होंने पीएससी में टॉपर बनके पोरसा का नाम फिर चमकाया है। भाग्य उन्हीं का साथ देता है। जो लगन शील होते हैं। पोरसा में जन्मे अजय गुप्ता पूर्व शिक्षक चंद्र प्रकाश गुप्ता व माताजी पुष्पा देवी ने हाल ही में पीएससी परीक्षा में टॉपर बन के एक नया इतिहास रचा।

इस वक्त सतना में गत 1 वर्ष से डीएसपी हैं इससे पूर्व 2020 से जुलाई 2022 तक बेतूल में डीएसपी रहे। उनकी लगन उनका साथ दे रही है और आज पीएससी टॉपर बने है। अजय गुप्ता से फोन पर हुई बात के अनुसार वह आईएएस बनना चाहते हैं। क्योंकि उनकी माताजी पुष्पा देवी गुप्ता एवं पिताजी पूर्व शिक्षक चंद्र प्रकाश गुप्ता का कहना है कि गरीबों को न्याय मिले इसके लिए मैं आईएएस बनना चाहता हूं, मेरी कक्षा एक से दसवीं तक की शिक्षा पोरसा में पूरी हुई थी।

उसके बाद कक्षा 11 व 12 मुरैना से किया इसके बाद मैंने इंदौर में पढ़ाई की और पीएससी की तैयारी की इंजीनियरिंग की परीक्षा दी मैं एक फैक्ट्री में इंजीनियर भी रहा उसके बाद दिल्ली सचिवालय में साहयक सेक्शन ऑफिसर के पद पर भी रहा मेरा प्रयास जारी रहा और मैं 2017 के बैच से डीएसपी बना मेरे बड़े भाई बीएसएनएल में जेडीओ के पद पर गुजरात में कार्यरत हैं। यदि भाग्य ने साथ दिया तो मैं शीघ्र ही आईएएस बनकर देश की सेवा करूंगा यह सफलता मुझे मेरी माता जी एवं पिताजी के आशीर्वाद के बदौलत प्राप्त हुई है मेरे पिताजी एक शिक्षक थे जो 2011 में रिटायर हो चुके हैं।

# पेपर में गड़बड़ी करने वाले मास्टर माइंड भजनलाल विश्नोई को स्टेट हाईवे बनाने के लिए करोड़ों का काम

**मानसिंह पंवार**



राजस्थान में रिट पेपर में गड़बड़ी करने वाले मास्टर माइंड भजनलाल विश्नोई को स्टेट हाईवे बनाने के लिए करोड़ों का काम दिया गया। काम बहुत घटिया हुआ, बिना डामर छिड़के स्टेट हाईवे बन रहा है, डामर की अंतिम लहर है बिछाया जा रहा है। एक बुरी तरह से। जिसका प्रदेश अध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, बाड़मेर अध्यक्ष हनुमान राम साईं जिला कानूनी सलाहकार एडवोकेट घमदारम बाबूलाल सारण व उनकी टीम के निदेर्शानुसार राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो ने निरीक्षण किया तो पता चला कि करोड़ों का ठेका है. स्टेट हाइवे सड़क निर्माण का काम भजनलाल विश्नोई को दिया गया। गया।

जिस पर राजस्थान में रिट पेपर लीक के कई मामले चल रहे हैं, पेपर लीक मामले में वह कई बार जेल जा चुका है और कई बार भारत सरकार के ईडी के छापे भी पड़ चुके हैं, जिसका मामला अब सोशल मीडिया पर काफी जोरों पर है। गलत करने का मास्टरमाइंड कौन है, स्टेट हाईवे के निर्माण का ठेका किसे दिया गया था, अगर किसी स्टेट हाईवे के निर्माण की जांच की जाती है, तो उसे वापस उन्हीं अधिकारियों को भी दिया जाता है, जिन्होंने देखा कि सड़क इस सरकार में निर्माण कार्य हुआ। और यह आम जनता के सोचने का विषय है।

एनएचआर सीसीबी के जिलाध्यक्ष हनुमानराम साय ने जब पीडब्ल्यूडी विभाग से इस स्टेट हाईवे रोड के निर्माण का एस्टीमेट लिया तो पता चला कि 25 फीसदी ही काम हुआ है. एस्ट्रेम कुल 5 वेव्स (जीएसबी 150 एमएम डब्ल्यूएमएम फास्ट वेव 150 एमएम, डब्ल्यू एमएम सेकेंड वेव 100 एमएम डीएमबी फास्ट वेव 50 एमएम, बीसी 30 एमएम) जिसमें डामर के प्रत्येक वेव को बिछाने से पहले डामर का छिड़काव किया जाता है। काम बिल्कुल नहीं किया गया है। जिसमें ठेकेदार भजनलाल विश्नोई ने दो चक्कर में पूरा काम पूरा कर लिया, अब तक 25 से ज्यादा शिकायतें पीडब्ल्यूडी अधिकारियों और सरकार के पास जा चुकी हैं। हल किया गया।

इसलिए पीडब्ल्यूडी के अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं करते हैं। यह सड़क निर्माण कार्य पहले से ही बहुत खराब तरीके से किया गया था, ऊपर से अंतिम डामर की लहर डाली जा रही है, इसे ऊपर से नया बनाया जा रहा है। सड़क बनाने से पहले मिट्टी का स्तर ठीक नहीं किया गया था, जीडब्ल्यूएम कोकरीट ठीक से नहीं डाला गया था, सीमेंट कोकरीट के साथ नहीं मिलाया गया था, पुरानी सड़क में कोक्रेट को चौड़ा किया गया था और ऊपर से दो लहरों में डामर डाला गया था, जिसके कारण सड़क का स्तर गिर गया था। उबड़-खाबड़ है, 2 लहरों ने तो पूरा गड़बड़ कर दिया, बिछाया भी नहीं। रास्ता बहुत ऊंचा और गोल होने के बावजूद अभिनंदन का काम नहीं हुआ।

कुछ जगहों पर बांधने का काम किया गया था वो भी बिना नाले के, जहां पुरानी सड़क को मरम्मत के लिए ले जाया गया था, उसी पुराने कोकरे के एक तरफ 1-2 फीट चौड़ा डामर मसाला डालकर चौड़ा किया गया था। जब उसकी माप एमक्यू में निकाली तो 8 किमी में 40 एमक्यू निकली, बीस में गड्ढे छोड़ दिए। जिसकी सूचना बाड़मेर पीडब्ल्यूडी के कोलिटी अधिकारी एचएम वर्मा को 9 जून को दी गई तो उन्होंने बताया कि क्या करें, हमें कोई स्वीकार नहीं करता, हमें कोई नहीं चुनता, फिर भी मैं बात करता हूं।

## संपादकीय

### एमएसपी की गारंटी क्यों चाहते हैं किसान

सरकार, समर्थन मूल्य पर कृषि उत्पाद के दाम तय करती है। सरकार द्वारा घोषित समर्थन मूल्य के दाम किसानों को नहीं मिल पाते हैं। किसानों द्वारा समर्थन मूल्य पर गारंटी की मांग पिछले कई वर्षों से की जा रही है। एमएसपी रेट घोषित करके सरकार वाहवाही लूटना चाहती है। सरकार कहती है, उसने दाम बढ़ा दिए। लेकिन किसानों के उत्पाद को सरकार समर्थन मूल्य पर भी नहीं खरीदती है। जिसके कारण यह केवल कागजी घोषणा होती है। इसका लाभ किसानों को नहीं मिलता है।इस साल मंडियों में मसूर समर्थन मूल्य से 400 से 600 रुपए प्रति क्विंटल कम दामों पर बिकी। केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकारों ने समर्थन मूल्य पर किसानों से मसूर नहीं खरीदी।जिसके कारण किसानों को समर्थन मूल्य से कम कीमत पर,मंडियों में अपनी फसल बेचना पड़ी है।

हाल ही में केंद्र सरकार ने किसानों को राहत देते हुए,न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि करने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में समर्थन मूल्य बढ़ाने का निर्णय लिया गया। सरकार ने धान, ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, तुवर, मूंग, उड़द, मूंगफली, सूरजमुखी, सोयाबीन, राम तिल,कपास इत्यादि के समर्थन मूल्य में 5 फीसदी से लेकर 10 फीसदी की वृद्धि की है। इसे किसानों के हित में लिया गया बड़ा फैसला बताया गया है। मसूर का उदाहरण ऊपर दे चुके हैं। सूरजमुखी की खरीद हरियाणा में समर्थन मूल्य पर नहीं होने के कारण, किसान धरने पर बैठे हैं। किसानों ने एनएच को जाम किया, किसानों पर लाठीचार्ज हुआ किसानों को गिरफ्तार किया गया। यह समर्थन मूल्य की वास्तविक स्थिति को उजागर करता है।

कांग्रेस प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने पत्रकार वार्ता में सरकार पर आरोप लगाया कि सरकार ने समर्थन मूल्य घोषित करते समय, एग्रीकल्चर कमीशन की रिपोर्ट पर ध्यान नहीं दिया। लागत मूल्य पर 50 फीसदी लाभ के आधार पर समर्थन मूल्य घोषित किए जाने का नियम है. उन्होंने दावा किया, कि यूपीए सरकार के 10 साल के कार्यकाल में समय-समय पर सरकार ने 10 फीसदी से लेकर 44 फीसदी तक समर्थन मूल्य का दाम निर्धारित किया था। उन्होंने कहा मोदी सरकार किसानों की पीठ पर लाठियां और पेट पर लात मार रही है। वहीं हरियाणा पंजाब और उत्तर प्रदेश के किसानों ने समर्थन मूल्य पर गारंटी की मांग को लेकर पिछले 18 महीने से जो किसान आंदोलन चल रहा है। वह उग्र रूप लेता जा रहा है।

सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य तो घोषित कर देती है। लेकिन किसानों से उसकी उपज खरीदने की व्यवस्था नहीं करती है। गेहूं और धान की खरीदी बड़े पैमाने पर केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा की जाती है।

## पहलवान आंदोलन : कुछ निष्कर्ष यह भी

> अभी खिलाड़ियों का यह आंदोलन और उनके समर्थन में किसानों व विभिन्न खाप पंचायतों की जगह जगह बैठकों का दौर चल ही रहा था कि इसी बीच केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक ट्वीट कर आंदोलनकारी किसानों को बातचीत करने के लिये आमंत्रित किया। और अगले ही दिन आंदोलनकारी पहलवानों का एक दल खेल मंत्री से मिलने उनके निवास जा पहुंचा।

-तनवीर जाफरी-

भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के आपराधिक पृष्ठभूमि रखने वाले बाहुबली सांसद बृजभूषण शरण सिंह की गिरफ़्तारी सहित अनेक मांगों को लेकर नई दिल्ली के जंतर मंतर पर चलाया जाने वाला अंतराष्ट्रीय स्तर के पहलवानों का धरना/आंदोलन फिलहाल स्थगित हो गया है। बृजभूषण पर ओलम्पिक पदक विजेता खिलाड़ियों द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोपों के सम्बन्ध में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद दिल्ली पुलिस ने यौन शोषण व पाक्सो एक्ट के अंतर्गत मामला दर्ज किया था। दिल्ली पुलिस द्वारा इतने गंभीर मामलों में सर्वोच्च न्यायालय के निर्देश के बाद एफ आई आर दर्ज करने के बावजूद आरोपी की गिरफ़्तारी न किये जाने से आहत ओलम्पिक पहलवान जंतर मंतर पर धरने पर बैठ गये थे। यह आंदोलन किसानों के समर्थन से एक बड़े आंदोलन का रूप लेता जा रहा था। इसी बीच 28 मई को जब नई संसद भवन का उद्घाटन हो रहा था उसी दिन पहलवानों की ओर से नए संसद भवन पर ही महिला पंचायत भी बुला ली गयी। उस दिन भी दिल्ली में खिलाड़ियों, उनके समर्थकों व पुलिस के बीच काफी रस्सा कशी रही। नये संसद भवन तक पहुँचने के लिये पहलवानों के समर्थन में आये किसान व तमाम अन्य लोग पुलिस बैरिकेड्स पर चढ़ गए उसे घसीटने व धकेलने लगे। इस संबंध में पुलिस ने पहलवानों व उनके कई समर्थकों के विरुद्ध भी मामले दर्ज किये।

अभी खिलाड़ियों का यह आंदोलन और उनके समर्थन में किसानों व विभिन्न खाप पंचायतों की जगह जगह बैठकों का दौर चल ही रहा था कि इसी बीच केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने एक ट्वीट कर आंदोलनकारी किसानों को बातचीत करने के लिये आमंत्रित किया। और अगले ही दिन




आंदोलनकारी पहलवानों का एक दल खेल मंत्री से मिलने उनके निवास जा पहुंचा। खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने उन्हें आश्वासन दिया कि भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के विरुद्ध चल रही जांच 15 जून तक पूरी कर ली जाएगी और चार्जशीट दाखिल की जाएगी। शीर्ष पहलवानों के दल के साथ बातचीत करने के बाद अपने निवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए, ठाकुर ने स्वयं कहा कि "मैंने पहलवानों के साथ 6 घंटे की लंबी चर्चा की और उन्हें आश्वासन दिया कि जांच 15 जून तक पूरी कर ली जाएगी और चार्जशीट दाखिल की जाएगी। डब्ल्यूएफआई के अध्यक्ष पद के लिए अगला चुनाव 30 जून तक कराया जाएगा। पहलवानों के विरुद्ध 28 मई को दर्ज की गयी सभी प्राथमिकी वापस ली जाएँगी। "कुश्ती महासंघ की एक आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाएगा। इसकी अध्यक्षता एक महिला करेगी।ह्व खेल मंत्री द्वारा पहलवानों को दिये गये इस आश्वासन के बाद पहलवानों ने 15 जून से पहले कोई नया विरोध प्रदर्शन नहीं करने का वादा किया। बाद में पहलवानों के अपनी सरकारी ड्यूटी पर जाने की भी खबरें आईं और यह खबर भी आई कि यह पहलवान निकट भविष्य में होने वाली अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिये भी अपनी तैयारियां शुरू कर देंगे।

परन्तु खेल मंत्री व पीड़ित पहलवानों की बातचीत के बाद एक बार फिर इस घटनाक्रम ने एक और नया मोड़ तब ले लिया जब ओलंपियन साक्षी मलिक व बजरंग पूनिया ने कहा कि 15 जून तक बृजभूषण की गिरफ़्तारी नहीं हुई तो 16 और 17 जून को इस मुद्दे पर चर्चा कर आंदोलन की रणनीति पुनः तैयार की जाएगी। साथ ही साक्षी मलिक ने यह भी स्पष्ट किया कि वे एशियाई खेलों में भी तभी भाग लेंगे जब इन सभी मुद्दों का समाधान हो जाएगा। दरअसल खेल मंत्री द्वारा 15 जून तक चार्जशीट दाखिल करने के वादे के पीछे एक तकनीकी पेंच यह भी था कि 15 जून को अदालत में चार्जशीट दाखिल करने के बाद पुलिस के हाथ से बृज भूषण सिंह की गिरफ़्तारी अदालत के कार्यक्षेत्र का विषय हो जाती और पुलिस व सरकार इससे अपना पल्ला झाड़ लेती।

अब 15 जून के बाद क्या होगा यह देखना भी दिलचस्प होगा। परन्तु इस पूरे दुखदायी व शर्मनाक घटनाक्रम से कुछ निष्कर्ष तो स्पष्ट रूप से निकाले ही जा सकते हैं। एक तो यह कि इतने हाई प्रोफाइल स्तर की अंतर्राष्ट्रीय पहलवानों द्वारा उनके साथ किये गये यौन शोषण की शिकायत पर दिल्ली पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज नहीं की। और पुलिस में अपनी प्राथमिकी दर्ज कराने के लिये पहलवान लड़कियों को सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ा। और आखिरकार सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद ही पुलिस ने आरोपी बृजभूषण शरण सिंह के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की। इसके बाद दूसरी शर्मनाक बात यह कि पाक्सो एक्ट सहित यौन शोषण की विभिन्न धाराओं में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद मुकददमा दर्ज होने के बावजूद पुलिस ने आरोपी को गिरफ़्तार नहीं किया। न ही आरोपी से सरकार ने भारतीय कुश्ती महासंघ के अध्यक्ष पद से उसका इस्तीफा तलब किया। जबकि आरोपी कहता रहा की सरकार या पार्टी जब भी कहेगी मैं इस्तीफा दे दूंगा।

सवाल यह है कि बेटियों को पढ़ाने व बचाने का नारा देने वाली सरकार के रहते जब इतनी हाई प्रोफाइल शोषित लड़कियों की सुनवाई पुलिस द्वारा नहीं की गयी। और उन्हें सुप्रीम कोर्ट की शरण में जाना पड़ा। तो पूरे देश में आये दिन इस तरह की घटनाओं में क्या कुछ होता होगा इस बात का अंदाजा भी आसानी से लगाया जा सकता है। और सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद प्राथमिकी दर्ज किये जाने के बाद भी पुलिस द्वारा आरोपी को अब तक गिरफ़्तार न किया जाना तो इस बात की तरफ साफ इशारा करता है कि पुलिस का रवैय्या आरोपी के प्रति पक्षपात पूर्ण था न की शिकायतकर्ता मेडलिस्ट पहलवानों के प्रति न्याय देने वाला। न्याय व्यवस्था की एक मशहूर कहावत है 'justice delayed justice denied' यानी न्याय में देरी का अर्थ है न्याय से इनकार। इस मामले में भी वही होता दिखाई दिया। पुलिस ने जिस खिलाड़ी की शिकायत पर पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था, इतना समय बीत जाने व आरोपी के गिरफ़्तार न होने के कारण उस शिकायतकर्ता को आरोपी द्वारा कथित तौर पर आखिरकार 'मैनेज' कर ही लिया गया।

## एफआइआर पर सुप्रीम कोर्ट का अहम फैसला

-रजनीश कपूर-

एक पुरानी कहावत है, ह्यजब घी सीधी उँगली से न निकले तो उँगली टेढ़ी करनी पड़ती हैह्व यानी जब कभी भी आपका कोई काम आसानी से न हो रहा हो तो आप कोई दूसरा विकल्प अपनाए। परंतु प्रायः यह देखा गया है कि जब भी किसी को किसी से दुश्मनी निकालनी होती है तो वे उँगली टेढ़ी करने में ही विश्वास रखते हैं। यह बात अक्सर पुलिस की एफआइआर दर्ज कराने में देखी जाती है जब लोग बिना किसी ठोस कारण के दूसरों पर एफआइआर लिखवाने के लिए न्यायालय का रुख करते हैं। हाल ही में देश की सर्वोच्च अदालत ने इसी प्रचलन को देखते हुए एक ऐतिहासिक फैसला सुनाया है, जिससे देश भर की अदालतों में एफआइआर को लेकर फि जूल की याचिकाएँ आनी कम हो सकती हैं।

जब भी किन्हीं दो पक्षों में कोई विवाद होता है, भले ही वो मामूली सा विवाद ही क्यों हो, एक पक्ष दूसरे पक्ष पर दबाव डालने की नियत से एफआइआर दर्ज कराने की कोशिश में रहता है। ऐसा होते ही दूसरा पक्ष दबाव के चलते समझौते पर आ सकता है। प्रायः ऐसा मामूली विवादों से में ही होता है। इन विवादों को कानूनी भाषा में ह्यसिविल डिस्प्यूटह्व कहा जाता है। फिर वो चाहे चेक बाउंस का केस हो या फिर कोई अन्य मामूली सा विवाद। आम तौर पर सिविल डिस्प्यूट होने पर पुलिस आसानी से एफआइआर दर्ज नहीं करती। जिसके चलते एफआइआर दर्ज करवाने वाले को मजिस्ट्रेट का रुख करना पड़ता है।

दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 156(3), 1973 के अनुसार यदि कोई भी पुलिस अधिकारी आपकी शिकायत पर एफआइआर दर्ज नहीं करता है तो संबंधित मजिस्ट्रेट के पास विशेषाधिकार हैं कि वो पुलिस को एफआइआर दर्ज करने के निर्देश दे सकते हैं। आजकल इसी बात का चलन बढ़ने लग गया है। प्रायः हर दूसरी एफआइआर धारा 156(3) के तहत दर्ज हो रही है। इससे देश भर में विभिन्न अदालतों में दर्ज होने वाले मामलों में भी बढ़ौतरी हो रही है। साथ ही साथ पुलिस पर भी फि जूल के मामलों को लेकर काम का बोझ भी बढ़ रहा है।

दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 156(3) के तहत की जाने वाली एफआइआर को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने 2022 में बाबू वेंकटेश बनाम स्टेट ऑफ कर्नाटक के मामले में ये विस्तृत दिशा निर्देश दिये हैं। इस मामले के तहत दो पक्षों के बीच प्रॉपर्टी की खरीद फरोख़्त को लेकर एक सिविल डिस्प्यूट हुआ था। एक पक्ष का कहना था कि दूसरा पक्ष समझौते के तहत पैसा देने के बावजूद तय समय सीमा के भीतर प्रॉपर्टी की रजिस्ट्री नहीं करवा रहा। इस मामले को लेकर प्रथम पक्ष स्थानीय सिविल कोर्ट में पहुँचा और रजिस्ट्री करवाने की माँग को लेकर एक केस डाल दिया। दूसरे पक्ष ने भी सिविल कोर्ट में अपना जवाब दाखिल कर दिया। करीब एक डेढ़ साल तक मामला चलता रहा और कोई विशेष प्रगति नहीं हुई। इसी बीच प्रथम पक्ष ने सोचा कि क्यों न एक एफआइआर भी दाखिल कर दी जाए? इससे दूसरे पक्ष पर दबाव पड़ेगा और वो समझौता करने को राजी हो जाएगा। सिविल डिस्प्यूट होने के नाते पुलिस ने रिपोर्ट नहीं दर्ज की। लिहाजा प्रथम पक्ष ने मजिस्ट्रेट के समक्ष दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 156(3) के तहत याचिका दायर की।

मजिस्ट्रेट ने धारा 156(3) के तहत विशेषाधिकार अधिकार के चलते प्रथम पक्ष की याचिका पर पुलिस को निर्देश दिये कि वो इस मामले में एफआइआर दर्ज करें। एफआइआर के विरोध में द्वितीय पक्ष ने उच्च न्यायालय का रुख किया। यदि आपके खिलाफ कभी कोई गलत एफआइआर दर्ज होती है तो दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 482, 1973 के तहत आप उसे उच्च न्यायालय द्वारा रद्द करा सकते हैं। परंतु इस मामले में जब उच्च न्यायालय ने द्वितीय पक्ष को कोई राहत नहीं दी तो वे सुप्रीम कोर्ट पहुँचे।

माननीय सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई के दौरान 1992 का स्टेट ऑफ हरियाणा बनाम चौ॰ भजन लाल का फैसला संज्ञान में लिया। इस ऐतिहासिक फैसले में एक महत्वपूर्ण बात यह बताई गई थी कि यदि किसी पक्ष को यह लगता है कि उसके खिलाफ कोई एफआइआर बदले या बदनामी की भावना से दर्ज कराई गई है तो उसे दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 482 के तहत रद्द करवाया जा सकता है। इस मामले में भी कुछ ऐसा ही पाया गया।

इसके साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर भी जोर दिया कि दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 156(3) के तहत एफआइआर दर्ज करवाने से पहले शिकायतकर्ता को एक हलफनामा देना जरूरी होगा कि वो दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 154(1) के तहत पहले स्थानीय पुलिस के पास गया और सुनवाई न होने के कारण धारा 154(3) के तहत संबंधित उच्च पुलिस अधिकारियों के पास भी गया था। जब कहीं सुनवाई नहीं हुई तभी वह मजिस्ट्रेट के समक्ष आया है। यदि शिकायतकर्ता ऐसा हलफनामा नहीं देता तो धारा 156(3) के तहत उसकी अजी मंजूर नहीं की जा सकती और झूठा हल्फनामा देने पर शिकायतकर्ता के खिलाफ कार्यवाही भी हो सकती है। इस ऐतिहासिक फैसले से देश भर की जानता, अदालतों और पुलिस विभाग में एक सकारात्मक संदेश गया है। जिससे प्रतिशोध की भावना से व बिना प्राथमिक कार्यवाही किए बिना, की जाने वाली एफआइआर की संख्या भी घट सकेगी।

## गलाकाट प्रतिस्पर्धा और छात्र आत्महत्या

-योगेश कुमार गोयल-

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी को लेकर अत्यधिक मानसिक दबाव के कारण देश के प्रमुख कोचिंग हब बने राजस्थान के कोटा में तो अक्सर छात्रों द्वारा आत्महत्या करने की घटनाएं सामने आती ही रहती हैं, अब नामीगिरामी इंजीनियरिंग और मेडिकल संस्थानों में भी छात्रों द्वारा आत्महत्या किए जाने के बढ़ते मामले समाज को झकझोरने लगे हैं। छात्रों में आत्महत्या की यह बढ़ती प्रवृत्ति अब सरकार के साथ-साथ समाज को भी गंभीर चिंतन-मनन के लिए विवश करने हेतु पर्याप्त है। कुछ मामलों में परीक्षाओं के दौरान प्रश्नपत्र सही से हल नहीं कर पाने और कई बार परीक्षा की समुचित तैयारी नहीं होने पर भी छात्र हताश होकर जान देने लगे हैं। पिछले कुछ वर्षों से ऐसी दुखद घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। देश के युवा वर्ग और खासकर 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के बच्चों में आत्महत्या की बढ़ती यह प्रवृत्ति बेहद चिंताजनक है। शिक्षा तथा कैरियर में गलाकाट प्रतिस्पर्धा और माता-पिता तथा शिक्षकों की बढ़ती अपेक्षाओं के चलते छात्रों पर पढ़ाई का बढ़ता अनावश्यक दबाव इसका सबसे बड़ा कारण है, जिसने छात्रों के समक्ष विकट स्थिति पैदा कर दी है। कई बच्चे इस दबाव को झेल नहीं पाते, जिसके चलते उनमें अवसाद पनपता है।

कई अध्ययनों से यह स्पष्ट हो चुका है कि परीक्षाएं नजदीक आने के साथ ही छात्रों में चिंता और अवसाद बढ़ने लगता है और कुछ मामलों में यही बढ़ता अवसाद उनके आत्महत्या करने का कारण बन जाता है। इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेजों में तो सीटें बहुत होने के कारण अब बहुत ज्यादा प्रतिस्पर्धा होने लगी है, वहीं दिल्ली विश्वविद्यालय जैसे शिक्षण संस्थानों में सामान्य स्नातक पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए भी अब जबरदस्त मारामारी होने लगी है। ऐसे में छात्र अपनी शिक्षा और भविष्य को लेकर गहरे असमंजस में रहते हैं। किसी को कैरियर या नौकरी की चिंता है तो कोई पारिवारिक वित्तीय संकट से जूझ रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़े देखें तो जहां 2020 में देशभर में कुल 12526 छात्रों ने आत्महत्या की, वहीं 2021 में यह आंकड़ा बढ़कर 13089 हो गया। वैसे आत्महत्या की यह समस्या अब केवल छात्रों तक ही सीमित नहीं है बल्कि देश में आत्महत्या के मामलों में जिस प्रकार साल दर साल उछाल आ रहा है, वह समूचे समाज के लिए गंभीर चिंता का कारण बन रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया में हर 40 सैकेंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता है यानी प्रतिवर्ष दुनियाभर में करीब आठ लाख लोग आत्महत्या के जरिये अपनी जीवनलीला खत्म कर डालते हैं, जिनमें से बड़ी संख्या में आत्महत्या के मामले 15 से 29 वर्ष के लोगों में होते हैं जबकि आत्महत्या का प्रयास करने वालों का आंकड़ा इससे बहुत ज्यादा है।

डब्ल्यूएचओ के आंकड़ों के अनुसार दुनियाभर में 79 फीसदी आत्महत्या निम्न और मध्यवर्ग वाले देशों के लोग करते हैं और इसमें बड़ी संख्या ऐसे युवाओं की होती है, जिनके कंधों पर किसी भी देश का भविष्य टिका होता है। बीते वर्षों में दुनियाभर में खुदकुशी की घटनाएं तेजी से बढ़ी हैं लेकिन भारत में आत्महत्याओं का आंकड़ा तो काफी चिंताजनक है। लोगों में अवसाद निरन्तर बढ़ रहा है, जिसके चलते ऐसे कुछ व्यक्ति आत्महत्या जैसा हृदयविदारक कदम उठा बैठते हैं। जीवन से निराश होकर आत्महत्या की बढ़ती दुष्प्रवृत्ति गंभीर चिंता का सबब बन रही है। मनोचिकित्सकों के अनुसार जब भी कोई व्यक्ति या युवा गहरे मानसिक तनाव से जूझ रहा होता है तो उसके व्यवहार में पहले की अपेक्षा कुछ बदलाव देखने को मिलते हैं। ऐसे में आसपास मौजूद लोगों तथा परिजनों की यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी होती है कि वे ऐसे व्यक्ति अथवा युवा को इमोशनल, मेंटल या फिजिकल जैसी भी जरूरत हो, सहयोग करें, उसका मनोबल बढ़ाने का प्रयास करें ताकि वह व्यक्ति स्वयं को अकेला महसूस न करे। मनोचिकित्सकों के अनुसार आत्महत्या करना काफी गंभीर समस्या है और आत्महत्या करने के पीछे अधिकांशतः अवसाद को ही जिम्मेदार ठराया जाता है, जो ऐसे करीब 90 फीसदी मामलों का प्रमुख कारण है लेकिन सभी आत्महत्याओं के लिए अवसाद को ही पूरी तरह जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। उनके मुताबिक आत्महत्या करने का विचार किसी इंसान के अंदर तब पनपता है, जब वह किसी मुश्किल से बाहर नहीं निकल पाता।

जहां तक छात्रों की बात है तो छात्रों के बढ़ते आत्महत्या के मामलों के लिए कहीं न कहीं अभिभावक भी दोषी हैं। दरअसल अधिकांश मामलों में देखने को मिलता है कि ज्यादातर माता-पिता या अभिभावक अपने बच्चों की क्षमता और अभिरूचि को सही ढ़ंग से नहीं समझ पाते और उनसे जरूरत से ज्यादा अपेक्षाएं रखते हुए परीक्षा के समय भी उनकी मनोदशा से अनभिज्ञ रहते हैं। कई मामलों में ऐसे छात्र जरूरत से ज्यादा मानसिक दबाव के कारण गलत कदम उठा बैठते हैं। ऐसे मामलों में छात्रों को मानसिक दबाव से बाहर निकालने में सबसे बड़ी भूमिका अभिभावकों, करीबी लोगों और शिक्षकों की ही हो सकती है, जो उन्हें सहानुभूतिपूर्वक समझाएं कि किसी भी असफलता से उनके जीवन का निर्धारण नहीं होता और हमारा यह जीवन एकमात्र ऐसी चीज है, जिसे हम दोबारा नहीं पा सकते। उन्हें इस बात के लिए प्रोत्साहित करें कि वे सकारात्मक सोच के साथ अपनी क्षमतानुसार मेहनत करके भी सफलता की बुलंदियों को छू सकते हैं। हालांकि सरकार, सामाजिक संस्थाओं शिक्षण संस्थानों की ओर से हाल के वर्षों में छात्रों की काउंसलिंग के साथ उनकी पढ़ाई मंच मदद करने तथा जरूरत महसूस होने पर चिकित्सकीय परामर्श मुहैया कराने के प्रयास हो रहे हैं लेकिन इन प्रयासों में और तेजी लाने की जरूरत है।

(लेखक 33 वर्षों से पत्रकारिता में निरन्तर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

## दो पाटों के बीच फंसी भाजपा?

-सनत जैन-

भारतीय जनता पार्टी ने बहु संख्यक मतदाताओं के साथ-साथ समाज के सभी वर्गों का समर्थन पाने के प्रयास शुरू किया हैं। उससे भाजपा दो पाटों के बीच में फंसती हुई दिख रही है। जब जब राजनीतिक दल या सरकारें सभी वर्गों को एक साथ साधने की कोशिश करती हैं। तब वह सभी का विश्वास खोने लगती हैं। इसके कई उदाहरण हैं। अटल बिहारी बाजपेई ने भी सरकार में बने रहने के लिए सॉफ्ट हिंदुत्व का सहारा लेते हुए नेहरू की नीतियों पर चलने की कोशिश की। इससे हिंदू समर्थक नाराज हुए। संघ से भी उनकी दूरियां बनी वहीं अन्य वर्गों का सहयोग नहीं मिला, जो उन्हें अपेक्षित था। 2004 के चुनाव में शाइनिंग इंडिया के दौरान उनकी करारी पराजय हुई। लालकृष्ण आडवाणी ने भी हार्ड हिंदुत्व को छोड़कर, अटल बिहारी बाजपेई की तरह सॉफ्ट हिंदुत्व की छवि बनाने की कोशिश की। उसके बाद भी 2009 के लोकसभा चुनाव जो आडवाणी के नृतत्व में लड़ा गया उसमें भाजपा को करारी पराजय का सामना करना पड़ा।

सभी वर्गों के बीच तुष्टीकरण की नीति को लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा हिंदू और मुसलमानों के बीच भाजपा की पकड़ बनाने के लिए सर्वधर्म समभाव को लेकर पिछले कई महीनों से प्रयास शुरू किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पहले 7 साल के कार्यकाल में मुसलमानों और ईसाइयों को लक्ष्य करके उन्हें डराया और धमकाया गया। जब वह पूरी तरीके से डर गए। उन्हें मलहम पट्टी लगाकर, सहानुभूति प्रदर्शित करके अपने साथ लाने की कोशिश की जा रही है। इसके लिए सुनियोजित तरीके से पशमंदा मुसलमानों, बहोरा मुसलमान, शिया मुसलमानों को अन्य मुसलमानों से बांटने का सुनियोजित प्रयास किया जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी छवि को बदलने का जो प्रयास शुरू किया है। हर किसी को साधने की जो कोशिश की जा रही है। उससे उसका जो प्रभाव बहुसंख्यक हिंदुओं पर था। वह उससे छिटक रहा है। पिछले कई विधानसभा चुनाव जो 1 साल के अंदर हुए हैं। उसके परिणाम देखकर भारतीय जनता पार्टी को सबक लेने की जरूरत है।

अन्ना आंदोलन के दौरान कांग्रेस ने भी वही गलती की थी, जो गलती कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकारों ने की थी। बिना तथ्यों के उसने भ्रष्टाचार के आरोप में अपने मंत्रियों की बलि चढ़ा दी। अन्ना आंदोलन के दबाव में आकर जिस तरह से कांग्रेस ने लोकपाल विधेयक पास कराया। दबाव में आकर बहुत सारे निर्णय लिए उससे कांग्रेस को कोई फायदा नहीं हुआ। उल्टे 2014 के लोकसभा चुनाव में उसे करारी पराजय का सामना करना पड़ा। मतदाताओं के बीच उसकी छवि कमजोर हुई। हाल ही में किसानों के आंदोलन में 1 साल तक आंदोलन चला। जिस मामले में सरकार को तुरंत संवेदनशीलता के साथ निर्णय करने थे, वह नहीं किया। 1 साल चले आंदोलन के बाद तीनों कृषि कानून वापस लेने पड़े। यही हाल पहलवानों के आंदोलन में भी देखने को मिल रहा है। 6 महीने से इस मामले को लटकाकर रखा जा रहा था। पहलवानों और बृजभूषण सिंह दोनों को साधने की कोशिश की जा रही थी। लेकिन सरकार किसी को भी नहीं साध पाई। पहलवानों के इस आंदोलन में केंद्र सरकार भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी की छवि को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। नए संसद भवन के उद्घाटन में भी सरकार ने वही गलती की। उल्टे राजदंड को स्थापित कराकर राजतंत्र और लोकतंत्र के बीच एक नई बहस शुरू करा दी। आज का मतदाता अपने धर्म पर शर्मिंदा नहीं होता है, चाहे वह हिंदू हो या मुसलमान। भारत की सामाजिक व्यवस्था में दोनों ही धार्मिक समुदाय के लोग वर्षों से साथ रह रहे थे। विभिन्न धर्म, विभिन्न जातियां तथा विभिन्न भाषा के लोग भिन्न-भिन्न संस्कृतियों के साथ मिलजुल कर रहते है। मुसलमानों को लक्ष्य करके हिंदुओं और मुसलमानों के मन में जो भय फैलाया गया। उसके लिए जिस तरीके से सोशल मीडिया में सही गलत छवि मुसलमानों की बनाने की कोशिश की गई। उसे हिंदुओं के मन में भय व्याप्त हुआ। 2014 और 2019 के लोकसभा के चुनाव में इसका लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिला, केवल भय के सारे हिंदुओं को एकजुट होकर नहीं रखा जा सकता है। पिछले 9 वर्षों की महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक मंदी तथा पिछले वर्षों में जिस तेजी के साथ टैक्स बढ़ाकर आम जनता पर आर्थिक बोझ बढ़ाया गया है, उससे समाज के सभी धर्म और समुदाय के लोग प्रभावित हुए हैं। बड़े धार्मिक समुदाय मुसलमान और ईसाइयों को भी भारतीय जनता पार्टी में लाने के जो प्रयास किए जा रहे है।

NCR समाचार

संपादकीय कार्यालय

जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-110062. सोमवार से शनिवार प्रातः 9:00 से सायं 9:00

फोन: 8888883968, 9811111715

### आवश्यक सूचना

एनसीआर समाचार के समस्त पाठकों तथा पत्र के साथ जुड़े समस्त पत्रकारों, व्यावसायिक संयोजक, सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं/संस्थानों को यह सूचित किया जाता है कि गत वर्षों से श्री बलबीर सिंह के नेतृत्व व स्वामित्व में चले आ रहे वर्तमान एनसीआर समाचार पत्र का प्रकाशन व स्वामित्व मो. हनीफ, पुत्र श्री इस्माईल खान मास्टरजी, संगम विहार के स्वामित्व व नेतृत्व में हो रहा हैं। अतः भविष्य में समस्त प्रकार की व्यावसायिक, कानूनी एवं सामाजिक गतिविधियों के संचालन हेतु मो. हनीफ/ नये कार्यालय जी 12/276, संगम विहार, नई दिल्ली - 110062, दूरभाष (मोबाईल) 8888883968, 9811111715 से सम्पर्क करें

# देश का आर्ट मार्केट 30 साल में 600 गुना बढ़ा

## साल में रजिस्टर्ड ऑक्शन सेल 3000 करोड़ पार; पिछले एक साल में सबसे ज्यादा बिक्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विदेश में सोदबीज व क्रिस्टीज जैसे आर्ट हाउस और नीलामी घर लगातार मुनाफे में जा रहे हैं। कलाकृतियों की नीलामी मूल्य में भी बढ़ोतरी हो रही है। इस बीच भारत में भी कला के प्रति जागरूकता बढ़ रही है।

दिल्ली आर्ट गैलरी के सीईओ आशीष आनंद कहते हैं कि भारतीय आर्ट मार्केट तेजी से बढ़ रहा है। रजिस्टर्ड ऑक्शन सेल सालाना 3,000 करोड़ रुपए से ऊपर निकल गई है। तीन दशक में ही ये बाजार 600 गुना से ज्यादा बढ़ गया है।

पीरामल आर्ट फाउंडेशन के डायरेक्टर अश्विन राजगोपालन कहते हैं कि आमतौर पर हर साल मार्च में कलाकृतियों की बिक्री चरम पर पहुंचती है। इसके बाद नीचे आ जाती है, लेकिन इस साल ऐसा नहीं दिख रहा। अगर भारतीय कला की बात करें तो वित्त वर्ष 2022-23 भारतीय नीलामी घरों के लिए सबसे ज्यादा बिक्री वाला साल रहा। देश की सबसे बड़ी स्टॉक ब्रोकरेज फर्म जीरोधा के को-फाउंडर निखिल कामत कहते हैं कि भारतीय आर्ट मार्केट में फिलहाल काफी अवसर और संभावनाएं हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि ये पश्चिमी देशों की तुलना में अभी अंडरवैल्यूड है। कामत मानते हैं कि आने वाले सालों में यह बाजार जोरदार प्रदर्शन कर सकता है।



### ग्लोबल मार्केट के मुकाबले सिर्फ 0.5 प्रतिशत है इंडियन आर्ट मार्केट

दिल्ली आर्ट गैलरी के सीईओ आशीष आनंद कहते हैं कि ग्लोबल मार्केट के मुकाबले इंडियन आर्ट मार्केट राई के दाने के बराबर है। ग्लोबल आर्ट मार्केट सालाना करीब 70 अरब डॉलर (5.77 लाख करोड़ रुपए) का है। इसकी तुलना में भारतीय बाजार 0.5 प्रतिशत ही है। आनंद कहते हैं, '3.3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाले देश में आर्ट मार्केट इससे छह गुना होना चाहिए। देश में ऐसे खरीदार 500 से भी कम हैं, जो 50 लाख से 1 करोड़ की कलाकृतियां खरीदते हैं।'

### कोविड के बाद आया भारतीय आर्ट मार्केट का सुनहरा दौरा

दिल्ली स्थित आर्ट एडवाइजरी इंडियन आर्ट इन्वेस्टर के मुताबिक, इस साल मार्च में बिकीं 60 प्रतिशत से ज्यादा कलाकृतियां ऊपरी मूल्य सीमा से भी ज्यादा कीमतों में बिकीं। आर्ट गैलरीज, नीलामी फर्म और आर्ट कलेक्टर, सभी इस बात से सहमत हैं कि कोविड महामारी के बाद भारतीय आर्ट मार्केट में एक और सुनहरे दौर की शुरुआत हुई है।

मार्च में एस्टागुरु द्वारा आयोजित एक सेल में परेश मैती की एक 40×60 इंच आकार की वाटर कलर पेंटिंग के लिए 8-10 लाख रुपए मिलने की उम्मीद थी। लेकिन जब नीलामी खत्म हुई तो बोली 40 लाख रुपए तक पहुंच गई। इससे पहले जून 2022 में इसी आकार की एक पेंटिंग 33.7 लाख रुपए में बिकी थी।

# इस साल भारत आ रहे 24 ग्लोबल ब्रांड

## दुनिया के 5वें बड़े मार्केट में निवेश कर रहीं इंटरनेशनल कंपनियां

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इस साल देश में दो दर्जन से ज्यादा ग्लोबल ब्रांड भारत में स्टोर खोलेंगे। इनमें सबसे ज्यादा फूड एंड बेवरेज कंपनियां होंगी। ये हर साल भारत आने वाले ग्लोबल ब्रांड की औसत संख्या से दोगुना है। दरअसल दुनिया के टॉप-5 कंज्यूमर मार्केट में शुमार भारत में उपभोक्ता खर्च बढ़ रहा है। आबादी के मामले में भी भारत टॉप पर है। इसके चलते ग्लोबल कंपनियों को यहां बड़ा मौका नजर आ रहा है।




इस साल भारत का रुख कर रहे ग्लोबल ब्रांड की संख्या (24+) एक दशक में सबसे बड़ी है। इनमें डनहिल, रोबर्टो कैवाली, लावाजा, अरमानी कैफे और फुट लॉकर शामिल हैं। एस टर्टल के सीईओ नितिन छाबड़ा के मुताबिक, इस और अगले दशक में भारत कंज्यूमर कंपनियों के लिहाज से सबसे अच्छा बाजार साबित होने वाला है।

# 1 साल में 286 प्रतिशत रिटर्न, रॉकेट की स्पीड से भाग रहा शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स के शेयरों ने पिछले एक साल में निवेशकों को मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। सालभर में यह शेयर 286 प्रतिशत तक चढ़ गया है। कई ट्रिगर्स के कारण स्टॉक पिछले एक महीने से बुल रन में है। इस दौरान यह 37 प्रतिशत चढ़ा है। एक्सपर्ट के मुताबिक, आने वाले दिनों में भी इस शेयर में तेजी बरकरार रहेगी। ट्रेडिंगमॉन्क्स के सह-संस्थापक मानस बुद्धिराजा ने कहा, जब तक कीमत 200-डीएमए से ऊपर है, तब तक हम स्टॉक में कुछ तेजी की उम्मीद कर सकते हैं।बुधिराजा ने कहा कि हम उम्मीद करते हैं कि तेजी 1,000 के स्तर से ऊपर बनी रहेगी, जो खरीदारों के लिए एक अच्छा आंकड़ा है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने कहा कि भारतीय डिफेंस सेक्टर एक बड़े परिवर्तनकारी दौर से गुजर रहा है क्योंकि सरकार आयात को कम करने और विभिन्न प्रमुख रक्षा प्लेटफार्मों के स्वदेशीकरण को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे में कंपनी को फायदा मिल सकता है।

# कॉफी, चॉकलेट, शुगर और ओरेंज जूस की किल्लत...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अल नीनो ने भारत ही नहीं पूरी दुनिया की टेंशन बढ़ा दी है। मॉनसून ने केरल में दस्तक दे दी है लेकिन इसके साथ ही अल नीनो भी सक्रिय हो चुका है। इससे मॉनसून प्रभावित हो सकता है। अल नीनो हर चार साल में सक्रिय होता है। अमेरिकी की मौसम एजेंसियों ने इस बात की पुष्टि की है कि प्रशांस महासागर में अल नीनो की स्थिति बनने लगी है। अल नीनो के असर के कारण भारत में करीब 10 फीसदी कम बारिश होती है। लेकिन अल नीनो की संभावना से भारत ही परेशान नहीं है। इसने दुनिया के कई देशों की टेंशन बढ़ा दी है। दुनिया के कई देशों में अभी से कॉफी, चॉकलेट और ओरेंज जूस की भारी किल्लत होने लगी है। महंगाई की मार से जूझ रही दुनिया के लिए अल-नीनो और मुश्किलें पैदा कर सकता है।

ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक टाइट सप्लाई के कारण कॉफी, चॉकलेट्स और ओरेंज जूस जैसे सॉफ्ट कमोडिटीज की कीमत में इस साल काफी तेजी आई है। अल नीनो की वापसी और इन चीजों को पैदा करने वाले देशों में गर्मी बढ़ने की आशंका से स्थिति और बदतर हो गई है। उदाहरण के लिए ब्रिटेन में दुकानदार इंस्टेंट कॉफी जार को सिक्योरिटी केसेज में रख रहे हैं ताकि इन्हें चोरी से बचाया जा सके। इसी तरह जापान में एक बड़ी बेवरेज कंपनी ने शॉर्टेज के कारण ट्रॉपिकाना ओरेंज जूस की बिक्री बंद कर दी है। जर्मनी में चॉकलेट और बिस्कुट बनाने वाली कंपनियों की शिकायत है कि शुगर और कोकोआ की कीमत उनके बूते से बाहर हो गई है।



### कॉफी की कीमत में तेजी

इस हफ्ते कॉफी की कीमत 2008 के बाद उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। इस साल सॉफ्ट कमोडिटीज की कीमत में 24 फीसदी तक तेजी आई है। लेकिन गेहूं और मक्के की कीमत में गिरावट देखी जा रही है। जानकारों का कहना है कि ब्रेड और पास्ता की कीमत में कमी आएगी लेकिन शुगर, कॉफी और चॉकलेट की कीमत में इजाफा होगा। ब्राजील में कॉफी बीन के उत्पादन में पांच परसेंट गिरावट आने की आशंका है। दुनिया में रॉबस्टा काफी का दूसरे सबसे बड़े निर्यातक इंडोनेशिया में उत्पादन 20 फीसदी तक गिर सकता है। साथ ही रॉबस्टा के सबसे बड़े उत्पादक देश वियतनाम का भंडार लगातार सिकुड़ रहा है। इसी तरह चॉकलेट बनाने वाली कंपनियों के लिए भी हालात और बदतर हो सकते हैं। दुनिया में सबसे ज्यादा कोको पश्चिम अफ्रीका में होता है। लेकिन खराब मौसम के कारण वहां इसकी खेती में आठ फीसदी तक कमी आने की आशंका है। इस सीजन कोको की कीमत पहले ही सात साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच चुकी है। टॉप एक्सपोर्टर आइवरी कोस्ट में फसल के खराब होने के कारण पहले ही सप्लाई टाइट है। कोको एक ऐसा पौधा है, जिससे चॉकलेट बनाया जाता है। कोको के बीजों को रोस्ट कर के डार्क चॉकलेट बनाई जाती है।

इसी तरह ओरेंज जूस की कीमत में भी काफी बढ़ोतरी हो चुकी है। अमेरिका में इसका सबसे ज्यादा उत्पादन फ्लोरिडा में होता है। लेकिन वहां बीमारी और हरिकेन के कारण फसल बुरी तरह प्रभावित हुई है। इस कारण इसकी वायदा कीमत 36 साल के रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई हैं। इस कारण ओरेंज जूस आम लोगों के बजट से बाहर हो गया है। बेवरेज इंडस्ट्री ने ओरेंज जूस से किनारा करना शुरू कर दिया है। जापान की कंपनी किरिन बेवरेज ने टाइट सप्लाई का हवाला देते हुए ओरेंज जूस की बिक्री बंद कर दी है। इससे पहले बारत में फाइनेंस मिनिस्ट्री ने चेतावनी दी थी कि अल नीनो से देश में सूखे जैसे हालात बन सकते हैं। इससे फसलों के उत्पादन में कमी और कीमत में बढ़ोतरी हो सकती है। अल नीनो स्पेनिश भाषा का शब्द है। इसका मतलब होता है छोटा बच्चा। इस साल अल नीनो प्रभाव के कारण मॉनसून पर असर पड़ने की आशंका है।

# म्यूचुअल फंड कंपनियों ने किया 2400 करोड़ रुपये का निवेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** म्यूचुअल फंड कंपनियों ने पिछले महीने यानी मई में शेयरों में 2,400 करोड़ रुपये लगाए हैं। इससे पहले अप्रैल में उन्होंने शेयरों से निकासी की थी। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि के मजबूत आंकड़ों, मुद्रास्फीति के नियंत्रित स्तर पर आने तथा अर्थव्यवस्था में तरलता का स्तर संतुलित होने के बीच म्यूचुअल फंड शेयरों में निवेश कर रहे हैं। आनंद राठी वेल्थ के उप-मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) फिरोज अजीज ने कहा, सकारात्मक वृहद आंकड़ों तथा निफ्टी में शेयर मूल्य उचित स्तर पर होने के बीच आगे हम शेयरों में म्यूचुअल फंड निवेश में बढ़ोतरी देख सकते हैं।




मोतीलाल ओसवाल एएमसी के मुख्य कारोबार अधिकारी अखिल चतुर्वेदी ने कहा, स्थिर जीडीपी वृद्धि, कम मुद्रास्फीति, निवेशक-अनुकूल नीतियों और उभरती अर्थव्यवस्थाओं के प्रति वैश्विक बाजार की धारणा से शेयरों में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों और म्यूचुअल फंड का निवेश बढ़ रहा है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के आंकड़ों के अनुसार, म्यूचुअल फंड कंपनियों ने मई में शेयरों में शुद्ध रूप से 2,446 करोड़ रुपये का निवेश किया, जबकि अप्रैल में उन्होंने 4,533 करोड़ रुपये की निकासी की थी। हालांकि, म्यूचुअल फंड और एफपीआई के निवेश में काफी अंतर है। मई में एफपीआई ने शेयरों में 43,838 करोड़ रुपये का निवेश किया है, जो म्यूचुअल फंड की तुलना में काफी अधिक है। अप्रैल में भी एफपीआई ने शेयरों में 11,631 करोड़ रुपये डाले थे। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि निवेश के रुख में यह अस्थायी बदलाव भारतीय बाजार के लिए काफी सकारात्मक है।

# रिलायंस के केजी गैस ब्लॉक में इंडियन ऑयल ने लगाई सबसे ऊंची बोली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की सबसे बड़ी पेट्रोलियम कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और उसकी ब्रिटिश सहयोगी कंपनी बीपी के केजी गैस ब्लॉक से निकलने वाली गैस की बोली में करीब आधा हिस्सा हासिल किया है। आपको बता दें कि नेचुरल गैस का इस्तेमाल बिजली और उर्वरक उत्पादन में काम आता है। इसके साथ इसे गाड़ी के ईंधन और रसोई की गैस यानी एलपीजी में बदल दिया जाता है।

पिछले महीने ईंधन की नीलामी में इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने 2.5 मिलीयन स्टेंडर्ड क्यूबिक मीटर गैस हासिल की है। इस नीलामी में 50 लाख घनमीटर गैस रखी गई थी। रिलायंस-बीपी की पिछली पूर्वी अपतटीय केजी-डी6 ब्लॉक की गैस की नीलामी में भी आईओसी ने सबसे ज्यादा गैस के लिए बोली लगाई थी।




शहर गैस वितरण कंपनियों में गेल गैस लिमिटेड, महानगर गैस लिमिटेट, टॉरेंट गैस, अडाणी गैस लिमिटेड और हरियाणा सिटी गैस ने कुल मिलाकर पांच लाख घनमीटर प्रतिदिन की गैस के लिए बोली लगाई है। ये कंपनियां इस गैस को सीएनजी और पीएनजी में बदलती हैं। पीएनजी गैस रसोई में इस्तेमाल होती है।

स्टेट गैस यूटिलिटी गेल और रिफाइनर हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल) को 0.6 एमएमएससीएमडी मिला, जबकि गुजरात स्टेट पेट्रोलियम कॉर्प (जीएसपीसी) को 0.5 एमएमएससीएमडी और शेल को 0.2 एमएमएससीएमडी मिला। रिलायंस-बीपी ने दो साल पहले बंगाल की खाड़ी के गहरे समुद्र में पड़े केजी-डी6 ब्लॉक में दूसरे दौर की खोजों से उत्पादन शुरू किया। इससे घरेलू गैस की आपूर्ति कम हो रही है। रिलायंस-बीपी ने ताजा नीलामी में 1 जून से 3 साल की अवधि के लिए 50 लाख घनमीटर प्रतिदिन गैस की पेशकश की थी। ये निलामी 19 मई से शुरू होकर 23 मई को खत्म हुई थी। अप्रैल में रिलायंस-बीपी ने करीब 60 लाख घनमीटर प्रतिदिन गैस की नीलामी की थी। 12 अप्रैल को इस ई-निलामी का आधा हिस्सा ओईओसी को मिला था। वहीं गेल को 7 लाख घनमीटर का हिस्सा मिला था। अडाणी-टोटल गैस को 4 लाख घनमीटर, शेल को 5 लाख घनमीटर, जीएसपीसी को 2.5 लाख घनमीटर और आईजीएस को 5 लाख घनमीटर गैस मिली थी।

# जीएसटी दर पर सुझाव देने के लिए बनाए गए जीओएम का नया संयोजक तय करने का प्रोसेस हुआ शुरू, इस कारण खाली हुआ था पद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्रालय की ओर से जीएसटी दर युक्तिकरण पर बनाए गए जीओएम (ग्रुप ऑफ मिनिस्टर) के नए संयोजक पर निर्णय लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दक्षिण भारत के राज्य कर्नाटक में सरकार बदलने के कारण यह पद खाली हुआ है।

जीएसटी काउंसिल के अंतर्गत सितंबर 2021 को कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को सात सदस्यों की जीओएम का मुख्य संयोजक बनाया गया था।

वित्त मंत्रालय ने नया संयोजक बनाने के लिए पैनल के अन्य सदस्यों के साथ बातचीत करनी शुरू कर दी है। समाचार एजेंसी पीटीआई को सूत्रों ने बताया कि कर्नाटक जीओएम का सदस्य बना रहेगा और नए संयोजक का चयन जीओएम के सदस्यों से बातचीत करने के बाद ही लिया जाएगा। कर्नाटक के अलावा जीओएम में अन्य राज्य बिहार, गोवा, केरल, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और पश्चिम बंगाल का नाम शामिल है। आमतौर पर जीओएम के सबसे वरिष्ठ सदस्य को ही संयोजक बनाया जाता है। समाचार एजेंसी की पीटीआई की रिपोर्ट में बताया गया कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के पास वित्त विभाग भी है, इसलिए उन्हें जीएसटी दर युक्तिकरण पर बनाए गए जीओएम के नए संयोजक के रूप में नामित किया जा सकता है।




### क्या जीएसटी दर युक्तिकरण?

केंद्रीय वित्त मंत्री जीएसटी काउंसिल का प्रमुख होता है। इसमें राज्यों के वित्त मंत्रियों को भी शामिल किया जाता है। सितंबर 2021 को जीएसटी दर युक्तिकरण पर जीओएम का गठन किया गया था। इसका उद्देश्य जीएसटी के ढांचे को सरल बनाना और जिन वस्तुओं को जीएसटी से बाहर रखा गया है उसका रिव्यू और जीएसटी से सरकारों की आय बढ़ाने के उपाय करना है।

# पेट्रोलियम पदार्थों की कीमतों पर केंद्रीय मंत्री ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कहा कि अगर अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत स्थिर रहती है और तेल कंपनियों के लिए अगली तिमाही अच्छी रहती है तो कंपनियां पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कमी के मुद्दे पर विचार करने की स्थिति में होंगी।



भाजपा नेता ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि अप्रैल 2022 से तेल की कीमतों में कोई वृद्धि न हो। मोदी सरकार के सत्ता में नौ साल पूरे होने के मौके पर यहां भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए पुरी ने राफेल और अन्य मुद्दों पर टिप्पणी के लिए राहुल गांधी पर निशाना साधा और कहा कि राजनीति में विश्वसनीयता जरूरी है। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस नेता के बयान अतीत में झूठे साबित हुए हैं। पुरी ने कहा कि राहुल को अपनी विदेश यात्राओं के दौरान अल्पसंख्यकों की स्थिति की अचानक याद आ गई। पुरी ने कहा कि वे ये भूल गए कि 1983 में मुसलमानों का नेल्ली नरसंहार और 1984 में सिखों की हत्याएं कांग्रेस शासन के दौरान हुई थीं।

# मारुति सुजुकी की नई ऑल्टो टूर एच1 लॉन्च

## 34 किलोमीटर से ज्यादा का माइलेज देगी कार, शुरुआती कीमत 4.80 लाख

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मारुति सुजुकी ने भारत में अपनी हैचबैक कार ऑल्टो के10 बेस्ड लाइट कमर्शियल व्हीकल टूर एच1 लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने नई ऑल्टो टूर एच1 की शुरुआती कीमत 4.80 लाख रुपए रखी है, जिसकी टॉप वैरिएंट की कीमत 5.70 लाख रुपए तक जाती है। दोनों कीमत दिल्ली एक्स-शोरुम की हैं।




ऑल्टो टूर एच1 को पेट्रोल और एस-सीएनजी दोनों वैरिएंट में लॉन्च किया गया है। कंपनी ने दावा किया है कि पेट्रोल से चलने वाली ऑल्टो टूर एच1 22.05 किमी का माइलेज देगी। वहीं, सीएनजी वैरिएंट 34.46 किमी का माइलेज देगी। ऑल्टो टूर एच1 में कंपनी ने 1.0-लीटर नैचुरली-एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन और डुअल वीवीटी पेट्रोल इंजन को फैक्ट्री फिटेड सीएनजी इंजन का ऑप्शन भी मिलता है। दोनों इंजन को 5 गियरबॉक्स के साथ ट्यून किया गया है। पेट्रोल इंजन 66 बीएचपी का पावर और 89 एनएम का पीक टॉर्क जनरेट करता है। वहीं, सीएनजी इंजन 56 बीएचपी का पावर और 82 एनएम का पीक टॉर्क जनरेट करता है।

ऑल्टो टूर एच1 में डुअल एयरबैग, प्री-टेंशनर और फोर्स लिमिटर के साथ फ्रंट सीट बेल्ट, सीटबेल्ट रिमाइंडर, इंजन इमोबिलाइजर, ईबीडी के साथ एबीएस, स्पीड लिमिटर और रिवर्स पार्किंग सेंसर जैसे सेफ्टी फीचर्स दिए गए हैं।

# इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स को मिली नई जिम्मेदारी, आईएटीए के बनाए गए अध्यक्ष



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो के सीईओ पीटर एल्बर्स को इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष के रूप में चुना गया है। वह इस पद पर अगले साल तक बने रहेंगे। बता दें, एल्बर्स मौजूदा अध्यक्ष व रवांडेयर के सीईओ यवोन मन्जी माकोलो का स्थान लेंगे।

**क्या है आईएटीए? :** इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन दुनिया की एयरलाइन का सबसे बड़ा संगठन है। इसमें करीब 300 विमान कंपनियां हैं, जिनकी दुनिया के एयर ट्रैफिक में करीब 83 प्रतिशत की हिस्सेदारी है। संगठन एविएशन गतिविधियों को सपोर्ट करता है और एविएशन के गंभीर मुद्दों पर पॉलिसी बनाने में मदद करता है। गौरतलब है, आईएटीए की स्थापना क्यूबा के हवाना में 19 अप्रैल, 1945 को हुई थी। स्थापना के समय आईएटीए में 31 देशों से 57 सदस्य थे, जिसमें से अधिकतर यूरोप और नॉर्थ अमेरिका से थे। आज के समय 120 देशों के 300 सदस्य इस ग्रुप का हिस्सा है।

### एयर इंडिया भी बोर्ड ऑफ गवर्नर्स का हिस्सा बना

पिछले हफ्ते इस्तांबुल में आयोजित आईएटीए एजीएम में टाटा संस के स्वामित्व वाली एयर इंडिया को बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के लिए चुना गया है। कई वर्षों के अंतराल के बाद बोर्ड में एयर इंडिया का शामिल होना भारतीय विमानन उद्योग के लिए एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। एयर इंडिया के शामिल होने के बाद आईएटीए में भारतीय पक्ष मजबूत होगा। इसमें पहले ही से इंडिगा भारतीय प्रतिनिधि के रूप में शामिल था। इससे आईएटीए के बोर्ड को भारतीय नजरिए के हिसाब से सुझाव मिलेंगे।

# 74 प्रतिशत कर्मचारियों को नहीं है मार्क जुकेरबर्ग की लीडरशिप पर भरोसा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दुनिया की सबसे बड़ी सोशल मीडिया कंपनी फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा प्लेटफॉर्म्स ने हाल में हजारों कर्मचारियों की छंटनी की थी। इसके बाद कंपनी ने एक इंटरनल सर्वे कराया है। इसके मुताबिक कंपनी के केवल 26 परसेंट कर्मचारियों को ही सीईओ मार्क जकरबर्ग की लीडरशिप पर भरोसा है। यानी कंपनी के 74 परसेंट कर्मचारियों को उनकी लीडरशिप पर भरोसा नहीं है। यह सर्वे मई के अंत में कराया गया था। उसके बाद भी कंपनी ने कई कर्मचारियों की छंटनी की थी। मेटा प्लेटफॉर्म्स फेसबुक के साथ-साथ इंस्टाग्राम की भी पेरेंट कंपनी है। पिछले साल अक्टूबर में किए गए एक सर्वे में 31 फीसदी कर्मचारियों ने जकरबर्ग की लीडरशिप में भरोसा जताया था।



मेटा ने दुनियाभर में 21,000 से अधिक कर्मचारियों को निकाला था। इंटरनल सर्वे में शामिल कर्मचारियों में से 43 फीसदी ने कहा कि कंपनी को उनकी कोई कद्र नहीं है। यह आंकड़ा पिछले सर्वे से 15 फीसदी कम है। कंपनी में काम कर रहे और कंपनी छोड़ चुके कई कर्मचारियों ने कहा कि छंटनी से कर्मचारियों के मनोबल पर गहरा असर हुआ है। कंपनी ने पिछले सात महीने में जमकर छंटनी की है। मेटा ने नवंबर 2022 में पहली बार छंटनी की थी। तब एक झटके में 13 परसेंट यानी 11,000 कर्मचारी निकाले गए थे। दूसरी बार में करीब 10,000 कर्मचारियों की छुट्टी की गई थी।

### जुकेरबर्ग ने क्या कहा

इस बीच जकरबर्ग ने मेटा के कर्मचारियों से कहा है कि उनकी कंपनी को वापस पटरी पर लाने की योजना है। हाल में हुई एक मीटिंग में उन्होंने छंटनी पर स्पष्टीकरण दिया और पहली बार यह भी बताया कि एआई और वर्चुअल रिएलिटी कैसे साथ-साथ काम करेंगे। जकरबर्ग ने साल 2004 में हार्वर्ड यूनिवर्सिटी के अपने कुछ दोस्तों के साथ फेसबुक की स्थापना की थी जो आज दुनिया की सबसे बड़ी सोशल नेटवर्क साइट है। 14 मई 1984 को जन्मे जकरबर्ग 2007 में 23 साल की उम्र में दुनिया में सबसे कम उम्र के बिलिनेयर बन गए थे। जकरबर्ग मात्र 23 साल की उम्र में ही बिलिनेयर बन गए थे। आज उनकी नेटवर्थ 96.7 अरब डॉलर है और वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 10वें नंबर पर हैं।

भारत का सपना टूटा

# ऑस्ट्रेलिया ने जीती विश्व टेस्ट चैंपियनशिप




**लंदन, एजेंसी।** आईसीसी ट्रॉफी जीतने का भारत का सपना एक बार फिर टूट गया। ऑस्ट्रेलिया ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में रविवार को भारत को 209 रन से रौंदकर ट्रॉफी अपने नाम की। ऑस्ट्रेलिया ने भारत के सामने 444 रन का विशाल लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में भारतीय टीम पांचवें दिन 234 रन पर ऑलआउट हो गई।

इस जीत के साथ ऑस्ट्रेलिया आईसीसी के सभी खिताब जीतने वाली पहली टीम बन गई है। ऑस्ट्रेलिया की इस जीत में योगदान देते हुए नेथन लायन ने दूसरी पारी में सर्वाधिक चार विकेट लिए, जबकि स्कॉट बोलैंड ने तीन विकेट चटकाए। मिचेल स्टार्क को दो जबकि कप्तान पैट कमिंस को एक सफलता हासिल हुई। इससे पहले, ट्रैविस हेड (163) और स्टीव स्मिथ (121) ने पहली पारी में शतक जड़कर ऑस्ट्रेलिया की जीत की नींव रखी थी।

भारत को दिन की शुरूआत में 280 रन की दरकार थी, जबकि उसके हाथ में सात विकेट थे। लंदन के ओवल मैदान का मौसम खुला हुआ था, लेकिन विराट कोहली के आउट होने से भारत के विकेटों के पतन की शुरूआत हो गई। दिन के शुरूआती पांच ओवर धैर्य से खेलने के बाद कोहली को स्कॉट बोलैंड ने छकाया। कोहली इस मौके पर आउट होने से बच गए, लेकिन दो गेंद बाद वह कवर्स में शॉट खेलने की कोशिश स्टीव स्मिथ को कैच थमा बैठे। कोहली ने 78 गेंद की पारी में सात चौके लगाकर 49 रन का योगदान दिया।

बोलैंड ने इसी ओवर में रवींद्र जडेजा को शून्य रन पर आउट करके भारत की जीत की संभावनाएं लगभग समाप्त कर दीं। भारत के आखिरी अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे मैच में अपने दूसरे अर्द्धशतक की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन मिचेल स्टार्क ने उन्हें विकेटकीपर एलेक्स कैरी के हाथों कैचआउट करवाया। रहाणे ने 108 गेंद पर 48 रन की पारी खेली और उनके विकेट के साथ ही भारत की जीत की संभावनाएं समाप्त हो गईं। अगले ओवर में शार्दुल ठाकुर भी शून्य के स्कोर पर नेथन लायन का शिकार हो गए।

## पहले सत्र के बाद गेंदबाजी ने निराश किया : रोहित

**लंदन।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल हारने के बाद रविवार को कहा कि मैच के पहले सत्र के बाद की गेंदबाजी निराशाजनक रही। रोहित ने मैच के बाद कहा, "मुझे लगता है कि हमने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी और अच्छी शुरूआत की। हमने पहले सत्र में अच्छी गेंदबाजी की लेकिन उसके बाद हमने अपनी गेंदबाजी से खुद को निराश किया।" ऑस्ट्रेलिया ने भारत के सामने 444 रन का पहाड़ जैसा लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में भारतीय टीम पांचवें दिन 234 रन पर ऑलआउट हो गयी। इससे पूर्व, पहली पारी में ट्रैविस हेड (163) और स्टीव स्मिथ (121) ने शतक जड़कर ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 469 रन के मजबूत स्कोर तक पहुंचाया था। रोहित ने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी पर कहा, "ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी को श्रेय देना होगा। हेड ने स्टीव स्मिथ के साथ मिलकर बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। इस जोड़ी ने कुछ हद तक हमारी लय खराब की।" पहली पारी में भी भारतीय बल्लेबाजी 296 रन के स्कोर पर सिमट गयी थी। भारत के छह बल्लेबाज मात्र 152 रन पर पवेलियन लौट गये थे, जिसके बाद अजिंक्य रहाणे (89) और शार्दुल ठाकुर (51) ने शतकीय साझेदारी बुनकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया था। रोहित ने कहा, "हम जानते थे कि वापसी करना बेहद मुश्किल होगा, लेकिन हमने अच्छी कोशिश की। हम आखिरी दम तक लड़े। हमने पिछले चार सालों में बहुत मेहनत की है। दो फाइनल खेलना हमारे लिये बड़ी उपलब्धि है, लेकिन हम इससे भी एक कदम आगे जाना चाहेंगे।" भारत लगातार दूसरी बार डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर रहकर फाइनल में पहुंचा था। पिछली बार विराट कोहली की टीम को फाइनल में न्यूजीलैंड के हाथों हार मिली थी। इस हार के बाद भारत को टेस्ट क्रिकेट का सबसे बड़ा मैच जीतने के लिये और इंतजार करना होगा।

# क्या भारत के साथ हुई बेईमानी?

### अंपायर के फैसले पर रोहित को नहीं हुआ भरोसा, शुभमन गिल ने दिखाया सबूत




**लंदन, एजेंसी**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मैच इंग्लैंड के ओवल में खेला । आईपीएल में ऑरेंज कैप जीतने वाले शुभमन गिल ने दूसरी पारी में 19 गेंद पर 18 रन बनाकर आउट हुए। स्कॉट बोलैंड की गेंद पर कैमरन ग्रीन ने उनका कैच लिया। हालांकि, ग्रीन के कैच पर सवाल उठ रहे हैं और लोगों का मानना है कि उन्होंने सफाई से कैच नहीं लिया।

भारत की दूसरी पारी में शुभमन गिल और रोहित शर्मा ने अच्छी शुरुआत की थी। दोनों ने सात ओवर में 41 रन की साझेदारी कर ली थी। ऐसा लग रहा था कि दोनों बल्लेबाज टेस्ट मैच में वनडे के अंदाज में खेल रहे हैं। आठवें ओवर में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस ने गेंदबाजी के लिए स्कॉट बोलैंड को बुलाया। बोलैंड ने पहली गेंद गुड लेंग्थ पर पटकी। गिल डिफेंस करना चाह रहे थे, लेकिन गेंद बल्ले के बाहरी किनारे से लगकर गली में कैमरन ग्रीन के पास चली गई। ग्रीन ने बाई ओर डाइव लगाते हुए एक हाथ से कैच लिया। शुभमन गिल इस फैसले से इतने निराश हैं कि उन्होंने दिन का खेल समाप्त होने के बाद ग्रीन के कैच की तस्वीर भी शेयर की। उन्होंने स्कैन वाली इमोजी भी पोस्ट की।

### क्या थर्ड को अंपायर को कैमरे में साफ नहीं दिखा?

ग्रीन के कैच को थर्ड अंपायर ने कई बार रीप्ले में देखा। थर्ड अंपायर ने कहा कि ग्रीन की उंगली गेंद के नीचे थी। हालांकि, कैमरे के किसी एंगल में यह साफ नहीं दिख रहा था। ऐसा लग रहा था कि ग्रीन जब जमीन पर गिरे हैं तो गेंद जमीन से लगी है और फिर उसे उन्होंने चालाकी से उठा लिया। अंपायर ने इसके बावजूद गिल को आउट दिया। यह देखकर भारतीय फैंस नाराज हो गए और उन्होंने सोशल मीडिया पर इसे बेईमानी बताया। यहां तक कि ओवल में बैठे भारतीय दर्शक भी चीटर-चीटर चिल्लाने लगे।

### रोहित ने अंपायर से की शिकायत

कमेंट्री कर रहे दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह और दीपदास गुप्ता को भी इस पर यकीन नहीं हुआ। दोनों का मानना था कि गिल नॉटआउट थे। वहीं, दूसरे छोर पर खड़े कप्तान रोहित शर्मा भी थर्ड अंपायर के इस फैसले से हैरान हो गए और नाराजगी में अपना सिर हिलाया। रोहित ने तो मैदानी अंपायर से इस फैसले के खिलाफ शिकायत भी की और उन्हें बताया कि कैच कैसे लिया गया। रोहित के अलावा भारत के दो पूर्व ओपनर वसीम जाफर और वीरेंद्र सहवाग ने सोशल मीडिया पर अंपायर के इस फैसले पर फोटो शेयर करते कटाक्ष किया।

## निशानेबाजों ने जूनियर विश्व कप में जीते 15 पदक, प्रधानमंत्री मोदी ने की जमकर तारीफ



**नई दिल्ली, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जर्मनी के सुहल में हुए अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी महासंघ (आईएसएसएफ) जूनियर विश्वकप में 15 पदकों के साथ शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर खुशी जाहिर की है। ट्विटर पर प्रधानमंत्री ने भारतीय निशानेबाजों को बधाई देते हुए कहा कि हर पदक खिलाड़ियों के जुनून, समर्पण और जज्बे का प्रतीक है। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे निशानेबाजों ने जूनियर विश्वकप में 15 पदक जिताकर फिर गौरवान्वित किया। भारत पदक तालिका में सबसे ऊपर रहा। भविष्य के लिए शुभकामनाएं। भारत ने इस प्रतियोगिता में जो 15 पदक जीते, उसमें छह स्वर्ण, छह रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं।

स्वर्ण पदक दिलाने वालों में महिला दस मीटर एयर पिस्टल में सेनयम, पुरुष वर्ग में धनुष श्रीकांत, पुरुषों की 25 मीटर पिस्टल में अमनप्रीत, दस मीटर एयर राइफल मिश्रित टीम में अभिनव शॉ और गौतमी भनोट, महिला टीम में गौतमी, स्वाति और सोनम शामिल थी। पच्चीस मीटर पिस्टल में मेघना, पायल खत्री और सिमरनप्रीत कौर बरार की महिला टीम सोना जीतने में सफल रही थी।

## श्रीशंकर ने पेरिस में लंबी कूद में हासिल किया तीसरा स्थान, प्रधानमंत्री मोदी ने की सराहना

**नई दिल्ली।** लंबी कूद के भारतीय खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर को 8.09 मीटर की छलांग के साथ पेरिस डायमंड लीग में तीसरा स्थान हासिल हुआ। उन्होंने पहली बार इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में पोडियम हासिल किया। राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता श्रीशंकर ने शुक्रवार देर रात अपने तीसरे प्रयास में सर्वश्रेष्ठ छलांग लगाई। ओलंपिक विजेता यूनान के एम. टेंटोग्लू और स्विट्जरलैंड के साइमन एहमर क्रमशः 8.13 मीटर और 8.11 मीटर की छलांग के साथ श्रीशंकर से आगे रहे। श्रीशंकर डायमंड लीग में शीर्ष-तीन स्थानों में जगह बनाने वाले तीसरे भारतीय बन गए।

## पावो नुरमी गेम्स से बाहर हुए ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष एथलीट नीरज चोपड़ा ने पावो नुरमी गेम्स 2023 से नाम वापस ले लिया है, जो 13 जून को फिनलैंड में होने वाले हैं। पावो नुरमी गेम्स एक फिनलैंड एथलेटिक्स मीट है जो 1957 से तुर्कू में सालाना आयोजित की जाती है। यह प्रतियोगिता एक वर्ल्ड एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर गोल्ड इवेंट है।

नीरज ने पिछले साल फिनलैंड मीट में 89.30 मीटर थ्रो के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ रजत पदक जीता था। नीरज चोट के कारण 2022 सीजन के अंत में भी नहीं खेल पाए थे। नीरज ने पिछले महीने घोषणा की थी कि वह पिछले महीने ट्रेनिंग के दौरान मांसपेशियों में खिंचाव के कारण नीदरलैंड में होने वाले एफबीके खेलों में हिस्सा नहीं लेंगे। पिछले साल सितंबर में यूजीन में डायमंड लीग 2022 का फाइनल जीतने के बाद चोट के कारण भारत का यह शीर्ष जेवलिन थ्रोअर लगभग आठ महीने तक प्रमुख प्रतियोगिताओं से बाहर रहा था। चोट से वापसी करने के बाद नीरज ने इस साल पांच मई को दोहा डायमंड लीग में जीत के साथ वापसी की और कतर स्पोर्ट्स क्लब में 88.67 मीटर के थ्रो के साथ पहला स्थान हासिल किया था।

# पाकिस्तान और श्रीलंका में हो सकता है एशिया कप, भारत में विश्व कप खेलने के लिए पाकिस्तान तैयार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एशिया कप 2023 और वनडे विश्व कप को लेकर भारत और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड के बीच विवाद सुलझता नजर आ रहा है। इन दोनों टूर्नामेंट के मामले में दोनों देश प्रत्यक्ष रूप से आमने-सामने नहीं थे, लेकिन एसीसी और आईसीसी के टूर्नामेंट इन्हीं दोनों देशों के बीच अनबन के चलते अधर में लटके हुए थे। अब तक दोनों टूर्नामेंट में पाकिस्तान की भागीदारी को लेकर कुछ भी साफ नहीं हुआ है, लेकिन मीडिया रिपोर्ट के अनुसार यह परेशानी सुलझती नजर आ रही है।

बीसीसीआई सचिव जय शाह की अध्यक्षता वाली एशियाई क्रिकेट काउंसिल एशिया कप के लिए पीसीबी के हाइब्रिड मॉडल को मंजूरी दे सकती है। इस स्थिति में पाकिस्तान सहित बाकी टीमें अपने मैच पाकिस्तान में खेलेंगी। वहीं, भारतीय टीम के मैच श्रीलंका के गॉल और पल्लेकेले मैदान में खेले जाएंगे। इसके साथ ही पीसीबी भारत में होने वाले वनडे विश्व कप में अपनी टीम भेजने के लिए तैयार हो गया है।




एसीसी मंगलवार को एशिया कप की मेजबानी को लेकर औपचारिक घोषणा कर सकता है। हाइब्रिड मॉडल को आधिकारिक तौर पर स्वीकार किए जाने के बाद अक्तूबर-नवंबर में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए पाकिस्तान टीम की भारत यात्रा के लिए रास्ता साफ हो जाएगा। पाकिस्तान की टीम अहमदाबाद में भी खेलने के लिए तैयार है।

एसीसी कार्यकारी बोर्ड के सदस्यों को एशिया कप की मेजबानी से जुड़ा मसला सुलझाने की जिम्मेदारी दी गई थी। इन सदस्यों में ओमान क्रिकेट बोर्ड के प्रमुख पंकज खिमजी भी शामिल थे। अधिकांश देश एक हाइब्रिड मॉडल नहीं चाहते थे। हालांकि, अब तक चार मैच लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे, जिनमें भारतीय टीम नहीं खेलेगी। ये मैच हैं- पाकिस्तान बनाम नेपाल, बांग्लादेश बनाम अफगानिस्तान, अफगानिस्तान बनाम श्रीलंका और श्रीलंका बनाम बांग्लादेश।

एसीसी बोर्ड के एक सदस्य ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया, भारत बनाम पाकिस्तान के दो मैच और अन्य सभी सुपर फोर मैच पल्लेकेले या गाल में आयोजित किए जाएंगे। एशिया कप सितंबर में होने की उम्मीद है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार जब आईसीसी के सीईओ ज्योफ एलार्डिस और अध्यक्ष ग्रेग बार्कले ने पीसीबी अध्यक्ष नजम सेठी से मिलने के लिए कराची का दौरा किया, तो यह निर्णय लिया गया कि भारत में होने वाले विश्व कप में खेलने के लिए पाकिस्तान कोई शर्त नहीं रखेगा, बशर्ते एशिया कप के चार मैच पाकिस्तान में आयोजित किए जाएं। क्योंकि, पीसीबी के पास इस टूर्नामेंट की मेजबानी का अधिकार है।

एशिया कप में पाकिस्तान और भारत के बीच दो मैच होने तय हैं और दोनों टीमों के फाइनल में पहुंचने पर तीसरा मैच भी होगा। इन दोनों देशों के बीच मैच से ब्रॉडकास्टर जमकर कमाई करते हैं और पाकिस्तान के नहीं खेलने पर एशिया कप के मीडिया अधिकार की कीमतें भी आधी हो जातीं और इससे एसीसी को खासा नुकसान होता। ऐसे में हाइब्रिड मॉडल के आने से वनडे विश्व कप में पाकिस्तान के खेलने का रास्ता साफ हो गया है। विश्व कप में भारत और पाकिस्तान का मैच अहमदाबाद में हो सकता है। वहीं, पाकिस्तान के बाकी मैच चेन्नई और हैदराबाद में हो सकते हैं।

# रेड शील्ड असम बैडमिंटन टूर्नामेंट ट्रॉफी का अनावरण, तिनसुकिया, डिगबोई और डिब्रूगढ़ में होंगे मैच

**डिब्रूगढ़**

भारतीय सेना के आयोजन से पूर्वोत्तर के नवोदित बैडमिंटन खिलाड़ियों को एक बेहतरीन प्लेटफार्म मिलने जा रहा है। यहां से देश और दुनिया में भारत का नाम रोशन करने वाले खिलाड़ी पैदा होंगे। इसी उद्देश्य से भारतीय सेना ने शनिवार को असम के डिब्रूगढ़ के रंगघर ऑडिटोरियम में रेड शील्ड असम बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले संस्करण के लिए ट्रॉफी अनावरण समारोह समारोह का आयोजन किया।

रक्षा प्रवक्ता लेफ्टिनेंट कर्नल महेंद्र रावत ने बताया कि इस मौके पर असम के उद्योग, वाणिज्य और सार्वजनिक उद्यम मंत्री बिमल बोरा विशेष रूप से उपस्थित हुए। गणमान्य लोगों, पूर्व खिलाड़ियों, एनसीसी कैडेट्स, कॉलेज के छात्रों और स्कूली बच्चों के बीच रोलिंग ट्रॉफी का अनावरण किया गया। यह कैलेंडर इवेंट



भविष्य में पूरे उत्तर-पूर्व को कवर करने की दृष्टि से असम के 35 जिलों को कवर कर रहा है।

### नवोदित बैडमिंटन खिलाड़ियों को एक प्रभावी लॉन्च पैड प्रदान करेगा

उन्होंने बताया कि प्रतिष्ठित टूर्नामेंट असम बैडमिंटन एसोसिएशन (एबीए) द्वारा मान्यता प्राप्त है और यह एक वार्षिक कार्यक्रम होगा। यह टूर्नामेंट कई स्थानीय नवोदित बैडमिंटन खिलाड़ियों को एक प्रभावी लॉन्च पैड प्रदान करेगा, जो आने वाले समय में राज्य और राष्ट्र का प्रतिनिधित्व करेंगे। टूर्नामेंट का अंतर्निहित विषय- विविधता में ताकत, भीतर के चैम्पियन को उजागर करना है, जो खेल के माध्यम से सामाजिक ताने-बाने को मजबूत करेगा। बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट 19-22 जून तक डिब्रूगढ़, तिनसुकिया और डिगबोई में खेला जाएगा।

# मैनचेस्टर सिटी का ट्रेबल पूरा, इंटर मिलान को 1-0 से हराकर पहली बार चैंपियंस लीग जीती

**इस्तांबुल, एजेंसी**

मैनचेस्टर सिटी ने चैंपियंस लीग का खिताब जीत लिया है। शनिवार को इस्तांबुल में खेले गए फाइनल मुकाबले में मैनचेस्टर सिटी ने इंटर मिलान को 1-0 से शिकस्त दी और पहली बार चैंपियंस लीग का खिताब अपने नाम किया। इसके साथ ही सिटी ने अपना ट्रेबल पूरा कर लिया है। चैंपियंस लीग से पहले यह टीम इसी सीजन इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) और मैनचेस्टर यूनाइटेड को हराकर एफए कप की ट्रॉफी जीती थी। मैनचेस्टर सिटी ट्रेबल पूरा करने वाला इंग्लैंड का दूसरा क्लब है। मैनचेस्टर यूनाइटेड ट्रेबल जीतने वाला इंग्लैंड का पहला क्लब था, उसने 1998-1999 में एक ही सीजन में तीन खिताब जीते थे।

इंटर मिलान के खिलाफ फाइनल में मैनचेस्टर सिटी के लिए इकलौता गोल रोड्री ने 68वें मिनट में किया। मैच के पहले हाफ में टीम के प्रमुख मिडफील्डर केविन डी ब्रूइन के चोटिल होने के बावजूद सिटी ने जीत हासिल की। इसके साथ ही टीम ने यूरोपीय फुटबॉल के शिखर तक पहुंचने की अपनी महत्वाकांक्षा हासिल कर ली। मैनचेस्टर सिटी ने पहली बार यूरोपीय फुटबॉल की सबसे बड़ी क्लब प्रतियोगिता जीती, लेकिन इस टीम के कोच पेप गार्डियोला ने तीसरी बार यह ट्रॉफी उठाई है।

मैनचेस्टर सिटी ने इंग्लिश फुटबॉल में कई खिताब अपने नाम किए हैं, लेकिन अब तक चैंपियंस लीग का खिताब नहीं जीत पाई थी। इस बार मैनचेस्टर सिटी ने शानदार प्रदर्शन से खिताब पर कब्जा कर ही लिया। इससे पहले टीम 2021 के फाइनल में हारकर खिताब से वंचित रह गई थी। चेल्सी ने लीग में 2021 के फाइनल में सिटी को हराया था। चैंपियंस लीग में विश्व के सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल क्लब खेलते हैं।


### इंटर की उम्मीदों पर फिरा पानी

इंटर मिलान का पिछले 13 साल से चैंपियंस लीग का खिताब जीतने का सपना इस बार भी पूरा नहीं हो सका। इटली की इस टीम ने आखिरी बार 2010 में बायर्न म्यूनिख को हराकर चैंपियंस लीग का खिताब जीता था। तब यह यह टीम चैंपियंस लीग का खिताब नहीं जीत पाई है। हालांकि इंटर मिलान के लिए यह सीजन शानदार रहा है और उसने दो खिताबी ट्रॉफी जीती हैं। उसने कोप्पा इटालिया और सुपरकोप्पा इटालियाना के खिताब जीते हैं। जबकि सिरी-ए में टीम तीसरे स्थान पर रही। इंटर मिलान तीन बार इस ट्रॉफी को अपने नाम कर चुका है।



### मैच में बना गजब संयोग

यह पहला मौका था जब मैनचेस्टर सिटी और इंटर मिलान की टीम किसी मैच में आमने-सामने थीं। इससे पहले 2005 में ऐसा मौका आया था, जब दो टीमें फाइनल मैच में पहली बार एक दूसरे के सामने आई थीं। संयोग से वह मैच भी इस्तांबुल में हुआ था। उसमें भी इंग्लैंड और इटली की दो टीमें आमने-सामने थीं। तब इंग्लैंड के क्लब लिवरपूल ने इटली के क्लब एसी मिलान को हरा दिया था। इस बार भी इंग्लैंड के क्लब मैनचेस्टर सिटी ने इटली के इंटर मिलान को हरा दिया।



# क्या आप ऑनलाइन इंटरव्यू दे रहे हैं?

लाइव इंटरव्यू के लिए आप कहीं भी हों, चाहे वह कॉफी शॉप का कॉर्नर हो, लाइब्रेरी या फिर अपार्टमेंट, लाइट की सही व्यवस्था जरूरी है। लाइट सीधे आप पर नहीं पड़नी चाहिए। अगर आप किसी बल्ब या लैंप के नीचे बैठते हैं, तो आपकी आंखों के आसपास छाया बन जाएगी, जिससे आप थके हुए नजर आएंगे। इसका गलत प्रभाव पड़ेगा। इससे बचने के लिए आप ऐसी जगह चुनें, जहां लाइट चारों ओर फैली हुई हो।

## आई कॉन्टैक्ट बनाना जरूरी

ऑनलाइन इंटरव्यू में भी आई कॉन्टैक्ट बनाए रखना महत्वपूर्ण होता है। ऐसे में जरूरी है कि आप अपनी आंखें कैमरे पर फोकस रखें। आप इधर –उधर या नीचे की ओर देखते हैं, तो इंटरव्यूअर को लगेगा कि आप कॉन्फिडेंट नहीं हैं।

## दूर रखें स्मार्टफोन

इंटरव्यू के समय स्मार्टफोन हाथ में नहीं होना चाहिए। अगर रखते भी हैं, तो इंटरव्यू के दौरान ई–मेल आदि चेक करने का प्रयास न करें। आपके ऐसा करने पर इंटरव्यूअर को लगेगा कि आप इंटरव्यू के दौरान किसी और से बात कर रहे हैं। आप इससे बचना चाहते हैं, तो लैपटॉप का कैमरा यूज करने के बजाय लैपटॉप में दूसरा वेब कैमरा जोड़कर यूज करें। इस कैमरे से आपकी पोजीशन सही बनी रहेगी। या फिर कैमरा सीधे आई कॉन्टैक्ट पर थोड़ी दूरी पर रखें।

## ड्रेसिंग का ख्याल रखें

लाइव इंटरव्यू के दौरान ड्रेसिंग का भी ध्यान रखें। डार्क कलर के कपड़े पहनें लेकिन पैटर्न बोल्ड नहीं लगे। बेहतर यही रहेगा कि आपकी ड्रेसिंग सेंस सिंपल एंड क्लासी हो, जिससे आप कॉन्फिडेंट दिखें।

## मेकअप जरूर करें

इंटरव्यूअर को आपकी कैमरे में कैद छवि दिखेगी, इसलिए इंटरव्यू से पहले थोड़ा मेकअप जरूर करें, जिससे आप तरोताजा दिखें। हेयर स्टाइल पर ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। गर्ल्स को डार्क मेकअप करने से बचना चाहिए।

## हैडसेट और माइक

ऑनलाइन इंटरव्यू के दौरान अच्छे हैडसेट यूज करें। साथ ही लैपटॉप का माइक भी चेक कर लें।





# डिजाइन करो अपना फ्यूचर

**आज के दौर में किसी देश या क्षेत्र की समृद्धि का पैमाना वहां इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े विकास को भी माना जाता है। भारत में भी निर्माण संबंधी प्रोजेक्ट्स पर तेजी से काम हो रहे हैं। वैसे, किसी भी प्रोजेक्ट की कंस्ट्रक्शन प्लानिंग और डिजाइन संबंधी प्रारूप को सबसे पहले आर्किटेक्ट तैयार करते हैं।**

आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग की ही एक ब्रांच है, जो विशेष रूप से कंस्ट्रक्शन से संबंधित है। इस ब्रांच से जुड़े प्रोफेशनल्स बिल्डिंग, फ्लाईओवर, मॉल आदि की प्लानिंग और डिजाइन संबंधी कार्यों को टेक्नीकल रूप से करते हैं। उसी डिजाइन के अनुरूप इंजीनियर निर्माण कार्य शुरू करवाते हैं। अपनी नॉलेज और टेक्नीकल स्किल्स के आधार पर आर्किटेक्ट पेपरवर्क के साथ–साथ सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल करते हुए थ्रीडी डिजाइन बनाते हैं, जिसे देखकर यह पता लगाना आसान होता है कि कंस्ट्रक्शन पूरा होने पर कैसा दिखेगा और उसमें कौन–कौन–सी सुविधाएं कहां–कहां होंगीं। आर्किटेक्ट बनने के लिए आर्किटेक्चर में डिप्लोमा या डिग्री होना जरूरी है।

## एलिजिबिलिटी

आर्किटेक्चर से संबंधित डिप्लोमा कोर्स में एडमिशन के लिए दसवीं पास होना जरूरी है। इस कोर्स में दाखिले के लिए पॉलीटेक्निक संस्थानों और कुछ विश्वविद्यालयों में प्रवेश परीक्षा ली जाती है। वहीं कुछ संस्थानों में कट–ऑफ मार्क्स के आधार पर भी एडमिशन होता है। आर्किटेक्चर की बैचलर डिग्री में एडमिशन के लिए फिजिक्स, केमिस्ट्री और मैथ्स के साथ बारहवीं उत्तीर्ण होना जरूरी है। आईआईटी, एनआईटी जैसे देश के सर्वोच्च संस्थानों में आईआईटी जेईई के माध्यम से दाखिला मिलता है, जबकि राज्य–स्तरीय संस्थानों में विभिन्ना राज्य–स्तरीय संयुक्त प्रवेश परीक्षाओं के जरिये नामांकन होता है। कई निजी संस्थान अपनी पृथक प्रवेश परीक्षा आयोजित करते हैं। मास्टर्स डिग्री कोर्स में एडमिशन के लिए आर्किटेक्चर में बैचलर डिग्री होना अनिवार्य है।



## प्रमुख संस्थान



डिपार्टमेंट ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग, आईआईटी, रुड़की
डिपार्टमेंट ऑफ आर्किटेक्चर, आईआईटी, खड़गपुर
स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर, नई दिल्ली
सीईपीटी यूनिवर्सिटी, अहमदाबाद
चंडीगढ़ कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर, चंडीगढ़
फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर, यूपीटीयू, लखनऊ
डिपार्टमेंट ऑफ आर्किटेक्चर, बीआईटी, मेसरा
सर जेजे स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर, मुंबई
फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर एंड एकिस्टिक्स, जामिया मिलिया इस्लामिया, दिल्ली

## जॉब की संभावनाएं

आर्किटेक्चर में डिग्री या डिप्लोमा लेने के बाद आप प्राइवेट और गवर्नमेंट सेक्टर में जॉब की तलाश कर सकते हैं। पीडब्ल्यूडी, विभिन्ना शहरों में बने विकास प्राधिकरणों, नगर निगमों आदि में भी आर्किटेक्ट की जरूरत होती है। आज देश में रियल एस्टेट तेजी से आगे बढ़ रहा है। मेट्रो सिटीज से आगे बढ़ते हुए इसका दायरा छोटे शहरों तक पहुंच गया है। जिस तेज रफ्तार से रियल एस्टेट का विस्तार हो रहा है, उसी रफ्तार से आर्किटेक्ट्स की डिमांड भी बढ़ रही है। इसके अलावा, देश के आधारभूत ढांचे (मॉल, मकान, एयरपोर्ट, अस्पताल, होटल, फ्लाईओवर, ब्रिज, हाईवे आदि) के विस्तार में भी तमाम निजी कंपनियां लगी हुई हैं। इन कंपनियों के डिजाइन विभाग में भी आर्किटेक्ट की नियुक्ति होती रहती है। देश में कई बड़ी आर्किटेक्चर फर्में भी कार्यरत हैं, जो कई कंपनियों के लिए डिजाइन और कंसल्टेंसी की सुविधा मुहैया कराती हैं। आप चाहें, तो खुद की कंपनी या फर्म की भी शुरूआत कर सकते हैं। आजकल छोटे शहरों व कस्बों में निजी स्तर पर मकान बनवाने वाले लोग भी निर्माण शुरू करने से पहले आर्किटेक्ट्स की सलाह लेते हैं और उन्हीं से डिजाइन बनवाकर निर्माण कार्य शुरू करवाते हैं। मान्यता प्राप्त आर्किटेक्ट्स द्वारा तैयार डिजाइन को ही नगर निगम निर्माण की अनुमति देते हैं।

आर्किटेक्चर में आप विभिन्न क्षेत्रों में स्पेशलाइजेशन कर सकते हैं, जैसे : कंस्ट्रक्शन मैनेजमेंट, लैंडस्केप आर्किटेक्चर, अर्बन प्लानिंग, बिल्डिंग साइंसेज, फायर प्रोटेक्शन इंजीनियरिंग आदि।

## सैलरी

आर्किटेक्ट के रूप में करियर की शुरूआत करने वाले प्रोफेशनल्स को आरंभ में प्रति माह 18 से 25 हजार रुपए का वेतन मिल जाता है। कुछ समय का अनुभव होने के बाद वेतन में तेजी से इजाफा होता है।

## प्रमुख कोर्स

डिप्लोमा इन आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग
डिप्लोमा इन आर्किटेक्चर असिस्टेंटशिप
बीई/ बीटेक इन आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग
बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर
मास्टर ऑफ आर्किटेक्चर
एमटेक इन आर्किटेक्चर इंजीनियरिंग
एमटेक इन टाउन एंड कंट्री प्लानिंग

# मरीन बायोलॉजी
## सागर की गहराइयों में करियर

मरीन बायोलॉजी के तहत समुद्र में रहने वाले जीव–जंतुओं के जीवन, व्यवहार और समुद्री वातावरण का अध्ययन किया जाता है। इनका अध्ययन करने वालों को मरीन बायोलॉजिस्ट कहा जाता है। मरीन बायोलॉजी में कई स्पेशलाइज्ड फील्ड हैं, जैसे :



### मॉलिक्यूलर बायोलॉजी

इसके अंतर्गत साइंटिस्ट तालाब से लेकर समुद्र तक के वातावरण और विभिन्न ऑर्गेनिज्म, माइक्रोस्कोपिक बैक्टीरिया, पौधों से लेकर पशुओं और समुद्री जीव–जंतुओं का मॉलिक्यूलर तकनीक के जरिये अध्ययन करते हैं।

### एनवायर्नमेंटल बायोलॉजी

इसके तहत एक्सपर्ट पढ़ते हैं कि समुद्री वातावरण में प्रदूषण के लिए कौन–कौन–से तत्व जिम्मेदार हैं।

### मरीन एंड एनवायर्नमेंटल कंसल्टेंट

इसके अंतर्गत समुद्री जीवों की आवाज और व्यवहार का अध्ययन किया जाता है।

### क्वॉलिफिकेशन

मरीन बायोलॉजी में आने के लिए इंटरमीडिएट से लेकर मास्टर्स डिग्री तक कड़ी मेहनत की जरूरत होती है। दाखिले के लिए बायोलॉजी, मरीन बायोलॉजी या इससे संबंधित विषय में बैचलर डिग्री अनिवार्य है।



### अवसर

विभिन्न सरकारी, गैर–सरकारी और शोध संस्थानों जैसे नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशनोग्राफी के अलावा यूनिवर्सिटी में भी लेक्चरार के तौर पर पढ़ा सकते हैं।

### सैलरी

करियर की शुरूआत में 20–25 हजार रुपए प्रति माह सैलरी हो सकती है।




# ई- कॉमर्स में खुल रही हैं अनंत राहें

**ई- कॉमर्स में वेबसाइट और वेब पेजेज पर दिखने वाले प्रोडक्ट्स पर ही पूरा बिजनेस टिका होता है। ऑफलाइन की तरह ऑनलाइन में भी पहली नजर में कस्टमर प्रोडक्ट की पैकेजिंग और डिजाइनिंग देखकर ही आकर्षित होता है। ई-कॉमर्स में बिजनेस शुरू करने से पहले हर कोई यह देखना चाहता है कि मार्केट का ट्रैंड क्या है, किस तरह के प्रोडक्ट्स की डिमांड है।**



ई– कॉमर्स में बिजनेस शुरू करने से पहले हर कोई यह देखना चाहता है कि मार्केट का ट्रैंड क्या है, किस तरह के प्रोडक्ट्स की डिमांड है। इसकी एनालिसिस के बाद प्रोडक्ट की पैकेजिंग और मार्केटिंग का काम होता है। इसके लिए फाइनेंस या मार्केटिंग में एमबीए या पीजीडीएम कैंडिडेट्स को रखा जाता है।

## ऐड एंड प्रमोशन

इसमें क्लाइंट्स के लिए दूसरे नेटवर्क्स पर अवसर क्रिएट किए जाते हैं। यह काम हालांकि अंडरग्रेजुएट स्टूडेंट्स भी कर सकते हैं, फिर भी एमबीए या पीजीडीएम को वरीयता दी जाती है।

## वेब डेवलपमेंट एंड डिजाइनिंग

ई– कॉमर्स में वेबसाइट और वेब पेजेज पर दिखने वाले प्रोडक्ट्स पर ही पूरा बिजनेस टिका होता है। ऑफलाइन की तरह ऑनलाइन में भी पहली नजर में कस्टमर प्रोडक्ट की पैकेजिंग और डिजाइनिंग देखकर ही आकर्षित होता है। डिजाइनर का काम यही होता है कि वह प्रोडक्ट को इस तरह से डिजाइन करके पेश करे कि कस्टमर प्रोडक्ट खरीदे बिना न जा सके।

## इंजीनियर

ई–कॉमर्स वेबसाइट के ऑपरेटिंग सिस्टम को सुचारू रूप से चलाने और किसी भी टेक्निकल प्रॉब्लम को सॉल्व करने का जिम्मा इन पर होता है। सॉफ्टवेयर, यूजर इंटरफेस, सप्लाई चेन, कस्टमर सपोर्ट हर सेक्शन में इंजीनियर्स की डिमांड होती है।

## कस्टमर केयर एग्जीक्यूटिव

ई–कॉमर्स में प्रोडक्ट्स की ऑनलाइन शॉपिंग के साथ–साथ इसके एप्लीकेशन में सहायता के लिए कस्टमर केयर सेंटर का अच्छा–खासा नेटवर्क बनाना पड़ता है। इसके लिए कस्मटर केयर एग्जीक्यूटिव की जरूरत होती है। कोई भी 10+2 पास कैंडिडेट, जिसकी अपनी लैंग्वेज पर पकड़ हो, कम्युनिकेशन स्किल एक्सीलेंट हो और जो प्रॉब्लम सॉल्वर हो, वह इस जॉब के लिए फिट हो सकता है।



# शाहिद कपूर ने बताया ऐश्वर्या राय के साथ 'ताल' की शूटिंग का किस्सा





शाहिद कपूर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'ब्लडी डैडी' को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में शाहिद सामान्य से अधिक असामान्य भूमिका निभाएंगे। फिलहाल वह "ब्लडी डैडी" के प्रमोशन में बिजी हैं और इसके लिए शाहिद कई इवेंट्स अटेंड कर रहे हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान शाहिद ने ऐश्वर्या राय के साथ फिल्म 'ताल' की शूटिंग के अपने अनुभव के बारे में बात की। शाहिद कपूर ने 2003 में फिल्म 'इश्क विश्क' से डेब्यू किया था, लेकिन एक जमाने में शाहिद बॉलीवुड में बैकग्राउंड डांसर के तौर पर काम करते थे। शाहिद ने ऐश्वर्या के साथ 'कहीं आग लगेगी जावे' गाने पर डांस किया। अभिनेता ने ऐश्वर्या के साथ काम करने के अनुभव के बारे में खुलकर बात की।

शाहिद ने कहा, एक गाने की शूटिंग के लिए जाते समय मेरा एक्सीडेंट हो गया था। यह किसी को पता नहीं की मेरा एक्सीडेंट हो गया है। जब मैं सेट पर पहुंचा तो मेरी स्थिति बहुत खराब थी, लेकिन जब अच्छे शॉट हुए तो मैं बहुत खुश हुआ। मुझे आज भी याद है, गाने की शूटिंग डेट्स वाले दिन मैं बाइक चलाते हुए नीचे गिर गया था और फिर जब मैं सेट पर पहुंचा तो मैं बहुत डर गया था। शाहिद ने आगे कहा, "जब मैं बाइक से गिरा तो मुझे समझ नहीं आया कि आखिर हुआ क्या है? वह दिन हमेशा मेरे जीवन के सबसे बुरे दिनों में से एक के रूप में याद किया जाएगा।" ताल से पहले शाहिद ने शाहरुख खान और माधुरी दीक्षित की 'दिल तो पागल है' में बैकग्राउंड डांसर के तौर पर भी काम किया था।

इस बीच, शाहिद की आने वाली फिल्म 'ब्लडी डैडी' 9 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो सिनेमाज पर रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में शाहिद के साथ रोनित रॉय, संजय कपूर, राजीव खंडेलवाल, डायना पेंटी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

# रवीना ने पाइन कोन के लिए ओनिर को कशिश रेनबो वॉरियर पुरस्कार से सम्मानित किया

अभिनेत्री रवीना टंडन ने हाल ही में फिल्मकार ओनिर को उनकी फिल्म पाइन कोन के लिए प्रतिष्ठित कशिश रेनबो वॉरियर पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्हें 14वें कशिश इंटरनेशनल क्वीर फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह में यह पुरस्कार दिया गया। यह आयोजन विविधता, समावेश और सिनेमा की शक्ति को सेलिब्रेट करता है।

फिल्म सामाजिक मानदंडों की सीमाओं से आगे जाते हुए समलैंगिक संबंधों की जटिलताओं को दशार्ती है, और एलजीबीटी प्लस समुदाय के अनुभवों पर प्रकाश डालती है। प्राइड मंथ और समलैंगिक विवाह को लेकर जारी हालिया बहस के कारण ओनीर के लिए कशिश रेनबो पुरस्कार का विशेष महत्व रखता है। ओनिर ने कहा, यह पुरस्कार अविश्वसनीय रूप से विशेष है, न केवल इसलिए कि यह प्राइड मंथ है, बल्कि इसलिए भी है क्योंकि यह कशिश है, और यह विशेष है कि प्यार का यह पुरस्कार मेरे शहर .. मुंबई में होता है। मैं इस पुरस्कार के लिए कशिश फिल्म फेस्टिवल और श्रीधर को धन्यवाद देता हूं। ओनिर ने रवीना टंडन के प्रति भी हार्दिक आभार व्यक्त किया जो पिछले 23 वर्षों से उनकी दोस्त और समर्थक रही हैं। उन्होंने कहा, मैं अपनी दोस्त रवीना से यह पुरस्कार पाकर खुश हूं, जो आजीवन सहयोगी हैं। और मुझे खुशी है कि आज दर्शकों में मेरे दोस्त, मेरे सबसे बड़े सपोर्ट सिस्टम, मेरे निखिल और मेरे बिजनेस पार्टनर संजय सूरी मौजूद हैं।

उन्होंने कहा, मेरे लिए यह पुरस्कार दुनिया भर के उन सभी देशों के लिए है जहां हमें अब भी अपराधी करार दिया जाता है, हमारी हत्या की जाती है और हमें अपनानित किया जाता है। यह उन्हें यह बताने के लिए है कि हम जीतेंगे और हम आपके बारे में सोचने हैं।



# धोनी की पहली फिल्म 'लेट्स गेट मैरिड' टीजर रिलीज





चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी की तमिल फिल्म 'लेट्स गेट मैरिड' का टीजर रिलीज हो गया है। महेंद्र सिंह धोनी अब फिल्म निमार्ता बन गए हैं। धोनी के प्रोडक्शन हाउस धोनी एंटरटेनमेंट के तले बनी उनकी फिल्म 'लेट्स गेट मैरिड' का टीजर रिलीज हो गया है।फिल्म 'लेट्स गेट मैरिड' का टीजर धोनी एंटटेनमेंट के ऑफिशियल यूट्यूब पेज पर रिलीज किया गया है। फिल्म में की कहानी ऐसे कपल्स के ईर्द गिर्द धूमती है, जो एक दूसरे से शादी करना चाहते हैं, पर काफी दिक्कतें आती हैं। टीजर को तमिल भाषा में रिलीज किया गया है। इस फिल्म में हरीश कल्याण और इवाना की मुख्य भूमिका हैं। रमेश तमिलमणि द्वारा निर्देशित फिल्म 'लेट्स गेट मैरिड' में नादिया और योगी बाबू भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। फिल्म लेट्स गेट मैरिड को धोनी और उनकी पत्नी साक्षी ने मिलकर प्रोड्यूस किया हैं। वहीं दोनों ने फिल्म की स्क्रिप्ट भी तैयार की है। इस फिल्म को जुलाई 2023 में रिलीज करने की तैयारी है।



# 48 की हुई शिल्पा

बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी आज 48 वर्ष की हो गयी। 08 जून 1975 को कर्नाटक के मैंगलोर में जन्मी शिल्पा ने अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1991 में महज 16 वर्ष की उम्र में लिम्का के विज्ञापन से की। शिल्पा ने बतौर अभिनेत्री अपने करियर की शुरूआत वर्ष 1993 में प्रदर्शित फिल्म बाजीगर से की। इस फिल्म में शिल्पा ने शाहरूख खान की प्रेयसी की भूमिका निभाई थी। शिल्पा ने अपने सिने करियर में उस दौर के सभी दिग्गज कलाकार अमिताभ बच्चन, अक्षय कुमार, सलमान खान और गोविंदा के साथ काम किया है।वर्ष 2009 में शिल्पा ने जानेमाने उद्योगपति राज कुंद्रा के साथ विवाह कर लिया।शिल्पा ने वर्ष 2014 प्रदर्शित फिल्म ढ़िसकियाऊ से बतौर निमार्ता अपने करियर की शुरूआत की लेकिन यह फिल्म टिकट खिड़की पर कोई खास कमाल नहीं दिखा सकी। फिटनेस फ्रीक शिल्पा शेट्टी सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर अभिनेत्री अपने योगा के वीडियोज साझा करती रहती हैं। शिल्पा के करियर की उल्लेखनीय फिल्मों में कुछ है, मैं खिलाड़ी तू अनाड़ी,शूल, लाल बादशाह, धड़कन, फिर मिलेंगे,अपने आदि।

## कलाकारों का सबसे ज्यादा शोषण होता है : जसलीन रॉयल

रांझा, नचदे ने सारे और दिन शगना दा जैसी चार्टबस्टर हिट देने वाली गायिका जसलीन रॉयल ने कहा है कि भारतीय संगीत कलाकारों के अनुकूल नहीं है। जसलीन ने ट्विटर पर साझा किया कि वह इस बात से परेशान हैं कि भारत में संगीत लेबल कैसे काम करते हैं। उन्होंने लिखाः भारत में संगीत लेबल कैसे काम करते हैं, इससे परेशान हैं! वे यह कहने का एक भी मौका नहीं छोड़ते हैं कि वे कलाकारों के कितने हमदर्द हैं, लेकिन वास्तव में देखा जाय तो वे सबसे ज्यादा शोषण करते हैं। उन्होंने सभी कलाकारों से फिल्मों को अपना काम देने से पहले राय लेने का आग्रह किया।

# आई विंक से रातों-रात मशहूर हुई थीं प्रिया प्रकाश

## अब बताया कहां से आया आइडिया



प्रिया प्रकाश वारियर निर्देशक ओमर लूलू की फिल्म ओरु अदार लव में आंख मारने वाले सीन से रातोंरात फेमस हो गई थी. दस सेकंड के इस क्लिप में उन्होंने आंखों के इशारों से यंगस्टर्स को अपना दीवाना बना दिया था. वह इतनी लोकप्रिय हो गई थी कि फिल्म में माणिक्य मलाराया पूवी गाने में उनके प्रदर्शन के बाद उन्हें विंक ब्यूटी के रूप में जाना जाने लगा. अब, कई सालों के बाद एक्ट्रेस ने बताया कि ये विंक मारने वाला आइडिया किसका था. एक्ट्रेस ने दावा किया कि फिल्म के लिए आंख मारने का आइडिया उन्होंने ही दिया था. ये बात सुनकर फिल्म के निर्देशक ने उनके दावों को गलत करार दिया और उनकी याददाश्त का मजाक उड़ाया है. उमर लुलु ने इंस्टाग्राम पर प्रिया प्रकाश वारियर की अलग अलग इंटरव्यू की एक क्लिप शेयर की, जो उनके अभी के बयान से अलग है. उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पोस्ट पर उन्हें खरी-खोटी सुनाई और लिखा, बेचारा बच्चा 5 साल के लिए भूल गया होगा. इसके बाद डायरेक्टर ने उन्हें मेमोरी लॉस के लिए मेडिसन भी दी. उन्होंने अच्छी याददाश्त के लिए सुझाई गई दवाओं में से एक पोस्ट ये भी लिखा और कहा, यह मेरी फिल्म में आया और कई लोगों को डेडिकेटिड है, जिन्होंने बाद में अपनी याददाश्त खो दी. निर्देशक ने सुझाव दिया कि प्रिया को अच्छी याददाश्त के लिए आयुर्वेदिक दवा वल्ल्यचंदानादी लेनी चाहिए, और कहा कि यह विंक वाला उनका खुद का आइडिया था ये बात उन्होंने पांच साल पहले किसी इंटरव्यू में भी बोली थी. यह सोशल मीडिया पर एक चर्चा का टॉपिक बन गया है, क्योंकि कई नेटिजन्स ने प्रिया प्रकाश वारियर और उमर लुलु के मुद्दे पर प्रतिक्रिया दी है. कई फैंस ने एक्ट्रेस का मजाक उड़ाया एक ने लिखा, 5 साल हो गए हैं, दोनों को इसका क्रेडिट जाता है. हालांकि अभी प्रिया प्रकाश ने निर्देशक के कमेंट पर कोई रिएक्शन नहीं दिया है.

# तुलसी कुमार के 'ट्रूली कनेक्टेड' सीरीज का तीसरा गाना बोलो ना रिलीज





गायिका तुलसी कुमार के 'ट्रूली कनेक्टेड' सीरीज का तीसरा गाना बोलो ना रिलीज हो गया है। भूषण कुमार द्वारा निर्मित 'बोलो ना' ट्रेवेल सॉन्ग है, जो फोक म्यूजिक के एलिमेंट को खूबसूरती से प्रदर्शित करता है। यह तुलसी कुमार के 'ट्रूली कनेक्टेड' सीरीज का तीसरा गाना है।अर्श ग्रेवाल द्वारा निर्देशित, 'बोलो ना' को कश्मीर के खूबसूरत जगहों में शूट किया है, और यह गाना मां-बेटी के रिश्ते की एक प्यारी कहानी बताती है।

तुलसी कुमार ने कहा, 'बोलो ना' फोल्क म्यूजिक के प्रभाव वाला एक ट्रेवेल सॉन्ग है, जो प्यार में परेशान किसी भी व्यक्ति को सुकून देता है। यह गाना मैं एक ऐसे रिश्ते को समर्पित करती हूं जो मेरे दिल के बेहद करीब है और वह कोई भी या कुछ भी हो सकता है जिससे आप वास्तव में जुड़े हुए हैं। निर्देशक अर्श ग्रेवाल ने कहा, 'बोलो ना' की प्रमुख विशेषताओं में से एक यह है कि इसे कैसे शूट किया गया। चाहे वह कश्मीर के दर्शनीय स्थान हों, पेंटिंग जैसे दृश्य हों, संगीत वीडियो के लिए कास्टिंग और तुलसी की आश्वस्त और दिल को छू जानेवाला परफॉरमेंस । माँ बेटी के पवित्र रिश्ते ने इस गाने की चमक को और भी बढ़ा दी है। तुलसी कुमार द्वारा स्वरबद्ध किये गए इस गीत क ो टी-सीरीज ने प्रोड्यूस किया है। अनुराग सैकिया द्वारा संगीतबद्ध किये गए इस गाने को अविनाश चौहान ने लिखा है , यह गाना टी-सीरीज के यूटयूब चैनल पर उपलब्ध है।

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक एवं RNI No. DLHIN/2010/37009 संपादक मो हनीफ द्वारा अरावली प्रिंटर्स-डब्लूए 30, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, नई दिल्ली से मुद्रित करवाकर, जी-12/276, संगम विहार, नई दिल्ली-62 से प्रकाशित। फोनः 8888883968, 9811111715 किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही होगा।